# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 30 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 74 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1980:** वानूआतो को स्वतंत्रता मिली।
**2002:** कनाडा ने अलकायदा सहित सात समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित किया।
**2007:** चीनी वैज्ञानिकों ने झेंगझाऊ में लगभग 50 लाख साल पुरानी चट्टानों की खोज की।
**2012:** उत्तरी ग्रिड में खराबी के चलते दिल्ली सहित सात राज्यों में बिजली गुल। 36 करोड़ लोग प्रभावित।

# देवघर में बस-ट्रक की टक्कर में सात कांवरियों की मौत, कई लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** झारखंड के देवघर में मंगलवार 29 जुलाई को बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सुबह 4 बजे के आसपास कांवरियों से भरी बस और गैस सिलेंडर लदे ट्रक में जोरदार टक्कर हुई और फिर 100-200 फीट दूर जाकर बस, ईंट से टकरा गई। इसमें सात कांवरियों की मौत हो गई है जबकि कई जख्मी हैं। जानकारी के अनुसार मृतकों में छह बिहार के रहने वाले थे। मृतकों में बस का ड्राइवर, चार महिलाएं समेत पुरुष शामिल है। बिहार के जिन कांवरियों की मौत हुई है, उनमें सुमन कुमारी (सोनारा, परबतिया, गया), पीयूष (नया गांव, वैशाली), दुर्गावती देवी (पतराती, बेतिया), जानकी देवी (पतराती, बेतिया) और देवकी प्रसाद एवं संता देवी (धनरूआ, पटना) शामिल हैं। वहीं बस ड्राइवर सुभाष तुरी (चकरमा, मोहनपुर, देवघर) की भी मौत हुई है। वहीं कई जख्मी कांवड़ियों में



से कुछ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावागांव में बस हादसे का शिकार हुई। कई लाशें मलबे में फंसी थी, जिन्हें बाहर निकाला गया है। इस बीच सदर एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। शुरुआती जानकारी के अनुसार बस के ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिस कारण हादसा हुआ। हो सकता है थकान की वजह से ऐसा हुआ होगा। बताया जाता है कि श्रावणी मेले की तीसरी सोमवारी पर देवघर में बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण करने के बाद मंगलवार को अहले सुबह सभी कांवरिया बस से बासुकीनाथ जा रहे थे। उसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना पर दुख जताते हुए घायलों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज सुबह देवघर जिला अंतर्गत मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त हुई। जिला प्रशासन राहत, बचाव कार्य एवं घायलों के इलाज की व्यवस्था में जुटा हुआ है। झारखंड सरकार ने पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। राज्य सरकार की ओर से आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये और घायलों को बीस-बीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह घोषणा झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने की है। साथ ही उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर झूठी सूचनाएं फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग मृतकों की संख्या 18 बताकर सनसनी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। दिल्ली में बैठे कुछ नेता भ्रामक जानकारी फैलाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, जनता को ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है।

# एसीबी ने रिश्वत लेते रोजगार सेवक को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** पलामू एसीबी की टीम ने मनिका प्रखंड के बरवैया पंचायत के रोजगार सेवक चंदन कुमार को 5000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने रोजगार सेवक को मनिका स्थित उसके डेरा से ही पकड़ा और बाद में पलामू ले गई। एसीबी के डीएसपी ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सूअर शेड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका था। पैसे की निकासी के लिए रोजगार सेवक ने लाभुक से पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। लाभुक ने घूस देने से इनकार कर एसीबी टीम को इसकी सूचना दी। एसीबी ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की और रोजगार सेवक को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद प्रखंड और जिले के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पांच मई को भी लातेहार अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के इमली बनासो गांव में सांप के काटने से उसके पति ने दम तोड़ दिया। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के भुदोर थाना क्षेत्र के घुवारा गांव निवासी 34 वर्षीय रामनरेश अहिरवार की सांप के डंसने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर मेदिनीनगर एमएमसीएच स्थित टीओपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की।

### नहाने के दौरान उसरी नदी में बहा युवक

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पचंबा थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर चंदनडीह निवासी राजेश पांडे उसरी नदी में नहाते समय तेज बहाव में बह गए। राजेश अपने छोटे भाई अनुज पांडे के साथ नदी में नहाने गए थे। अचानक नदी का बहाव तेज हो गया और दोनों भाई उसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की सतर्कता से अनुज को समय रहते बचा लिया गया, लेकिन राजेश पानी की तेज धार में बह गया।

### तालाब से बच्चे का शव बरामद

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बाघमारा स्थित ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निचितपुर टाउनशिप के पास मंगलवार को तालाब से 10 साल के एक बच्चे का शव बरामद किया गया। बच्चा कल शाम से अपने घर से लापता था। मृतक की पहचान राजू अंसारी के बेटे समीर अंसारी उर्फ समर अंसारी के रूप में की गई है। बच्चे के कपड़े और चप्पल तालाब के पास ही झाड़ियों के बीच से मिले।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** गढ़वा की महिला का पलामू में इलाज के दौरान मौत हो गई। गिजना गांव के अभय शंकर तिवारी की पत्नी अंजू तिवारी (36) की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई। पति का कहना है कि शनिवार सुबह अंजू ने जहरीला पदार्थ खाया था। उन्होंने बताया कि वह धान रोपनी के लिए घर से बाहर गए थे और घर पर कोई नहीं था। मोहल्ले के लोगों ने अंजू को गढ़वा के अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया लेकिन उन्हें सतबरवा के तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। यह सत्र 7 अगस्त तक चलेगा, जिसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। इधर पक्ष-विपक्ष दोनों ने सत्र को लेकर अपनी कमर कस ली है। पक्ष-विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर तकरार संभव है। खासकर राज्य में कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर विपक्ष सरकार को घेरेगा। इसके अलावा मंईयां सम्मान योजना की खामियां और रोजगार के मुद्दे भी सदन में गूंजेंगे। सरकार के सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभाग की उपलब्धियों के साथ सत्र में पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

# कल्याण विभाग के क्लर्क ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** हाल ही में नौकरी देने के नाम पर ठगी करने के मामले में चर्चित हुए कल्याण विभाग के क्लर्क प्रेम चौधरी ने गेस्ट हाउस स्थित अपने आवास में आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद गेस्ट हाउस स्थित उनके आवास पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। इसकी पुष्टि सरायकेला सीओ भोलशंकर महतो ने की है। बता दें कि कुछ माह पूर्व नौकरी देने के नाम पर लगभग 10 लाख से अधिक रुपये से अधिक की ठगी का मामला सरायकेला में सामने आया था। इसके बाद सभी पीड़ितों को पैसा वापस करने का वादा किया गया था। इस प्रकरण के बाद प्रेम चौधरी काफी तनाव में थे। कल्याण विभाग के क्लर्क प्रेम चौधरी की आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच के दौरान उनके कमरे में सुसाइड नोट बरामद किया गया है। सुसाइड नोट में आत्महत्या के कारणों को साफ-साफ बताया गया है। कुछ महीनों पूर्व नौकरी का झांसा देकर 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी के मामले में क्लर्क प्रेम कुमार चौधरी का नाम सामने आया था। हालांकि इस मामले में जब पीड़ितों ने सरायकेला थाना पहुंच कर प्राथमिक दर्ज कराने की बात कही तो उन्होंने सभी युवाओं से पैसा वापस करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रेम कुमार चौधरी बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले थे। आत्महत्या की घटना के बाद उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को शीत गृह में रखवा दिया गया है।

# 25 लाख का डोडा जब्त, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 480 किलो डोडा (लगभग 25 लाख रुपए कीमत) पकड़ा गया है। इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही एक वाहन और दो मोबाइल भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में नशीला पदार्थ लेकर कुछ लोग रजरप्पा के रास्ते बोकारो की ओर जा रहे हैं। इस आधार पर रजरप्पा थाना क्षेत्र के बोरोबिंग चेक नाके के पास पुलिस ने वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान एक ब्लू रंग की गाड़ी आई जिसकी पुलिस द्वारा तलाशी में 18 बोरा डोडा लदा पाया। इस गाड़ी में दो लोग सवार थे। जब इनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने डोडा के संबंधित कोई कागजात होने की बात नहीं बताई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गाड़ी और



अवैध डोडा के साथ गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में रजरप्पा थाना प्रभारी व अन्य पुलिस बल ने बैरिकेट लगाकर पिकअप वैन को पकड़ा। इसमें अवैध डोडा भरा हुआ था, इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये गाड़ी पिठोरिया, बुंडू, पतरातू, रजरप्पा होते हुए गिरिडीह की ओर जा रही थी। इसी बीच ये रजरप्पा में चेकिंग के दौरान पकड़े गये हैं। जब्त डोडा की कीमत लगभग 25 लाख रुपए है। गाड़ी के चालक और उपचालक को पकड़ा गया है। इसमें संदीप रजक, संतोष राम दोनों गिरिडीह के रहने वाले हैं। इस मामले में कई और लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। उनकी भी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

# हाथी ने महिला को पटक कर मार डाला

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के रबदा पंचायत स्थित सलैया गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना हुई। बकरी चरा रही 52 वर्षीय समुद्री कुंवर को हाथी ने पटक कर मार डाला। घटना के समय महिला के साथ वार्ड सदस्य बबलू परहिया की मां पानो कुंवर भी थीं। उन्होंने हाथी को देखते ही चिल्लाकर ग्रामीणों को सूचना दी और अपनी जान बचाई। ग्रामीणों के शोर मचाने पर हाथियों का झुंड जंगल की ओर भाग गया। बबलू परहिया के अनुसार, दो बड़े हाथी और एक बच्चा हाथी औरंगा नदी पार करके जंगल की ओर चले गए। घटना की सूचना सतबरवा थाना, मनिका वन विभाग और सतबरवा सीओ को दी गई है। मनिका वन विभाग के रेंजर ठाकुर पासवान ने मृतका के पुत्र को दाह संस्कार के लिए 50 हजार रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की है।

# जामताड़ा में 45 साल पुराना पुल धंसा

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में मंगलवार को 1980 में बोल्डर के सहारे बना दक्षिण बहाल का पुल धंस गया। इससे सैकड़ों गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। यह पुल जामताड़ा जिले की लाइफलाइन था। इसके धंसने से क्षेत्र के लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुल 18 जुलाई को भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुआ था। तब से इस पर सिर्फ छोटे दोपहिया वाहनों की आवाजाही हो रही थी। 11 दिन बाद आज यह पूरी तरह से धंस गया। इसके बाद पुल पर अब गाड़ियों की आवाजाही बिल्कुल बंद कर दी गई है। पुल के टूटने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। पहले लोग आधा किलोमीटर की दूरी तय करके जिला मुख्यालय पहुंचते थे। अब उन्हें 15 से 20 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है।

# राज्यस्तरीय पुरस्कार पाना पलामू के लिए गौरव की बात : डा एसके रवि

## राज्य स्तर पर पलामू जिले को मिले पांच कायाकल्प व इनक्वास पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सूबे की राजधानी रांची स्थित नामकुम आरसीएच कैंपस में इनक्वास व कायाकल्प कार्यक्रम अंतर्गत राज्य स्तर पर पुरस्कारों का वितरण किया गया। इसमें पलामू जिला को उक्त कार्यक्रम अंतर्गत पांच पुरस्कार प्राप्त हुए। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आम दिपउवा, हुरीलौंग, चौकड़ी व चैनपुर के नरसिंहपुर पथरा को राज्य स्तर पर पुरस्कार दिया गया। पुरस्कृत किए जाने के बाद जिला नोडल पदाधिकारी डॉ एसके रवि ने कहा कि विभाग द्वारा राज्यस्तर पर इनक्वास व कायाकल्प पुरस्कार पाना पलामू जिला के लिए गौरव की बात है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहपुर पथरा लगातार




चार वर्षो से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर रहा था। इस वर्ष चैनपुर के प्रभारी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनीता कुमारी व प्रखंड लेखा प्रबंधक धीरज कुमार सिन्हा के कुशल नेतृत्व में किए गए कार्यों यह फल है। डीपीएम प्रदीप कुमार सिन्हा, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक सुखराम बाबू, प्रखंड लेखा प्रबंधक धीरज सिन्हा, ने सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी अनुपा एक्का आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को गढ़वा जिला मुख्यालय में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिले के डीसी, केंद्रीय विद्यालय के कई अधिकारी, शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे। बता दें कि यह विद्यालय की तो कई वर्षों से यह विद्यालय छोटी सी जगह में बने एक भवन में चलाया जाता था, जहां बच्चों को काफी असुविधाओं के बीच पढ़ाई करनी पड़ती थी। बच्चों की समुचित ढंग से पढ़ाई नहीं हो पाती थी। मूलभूत सुविधाओं का भी घोर अभाव था लेकिन इस विद्यालय के मिलने से बच्चों से लेकर शिक्षक तक सभी में काफी खुशी देखने को मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने विद्यालय के भवन की खूब प्रशंसा भी की। उन्होंने भवन के जल्द बनने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे उच्च क्वालिटी के शिक्षा के लिए उपयोगी बताया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से बढ़ कर एक भक्ति एवं राष्ट्रभक्ति गीतों पर अपने नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि केंद्रीय मंत्री ने इस विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया और कहा कि बच्चों की शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार होगा।

# झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश व सहयोग की अपार संभावनाएं : अलका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान खनन, पर्यटन, कृषि, ऊच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, श्रम शक्ति इत्यादि क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाएं तलाशी गयीं। बैठक के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य की प्राकृतिक संसाधनों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही यहां की श्रम शक्ति को हुनरमंद बनाकर कैसे योजनाओं के माध्यम से वृहद आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, उस पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला सुरक्षा और




सशक्तिकरण में आये बड़े बदलाव को रेखांकित किया। मुख्य सचिव ने बताया कि कैसे मुख्यमंत्री की पहल से मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण से लेकर श्रम का पलायन रोककर झारखंड की आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को बदला जा रहा है। उन्होंने ऊच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ संभावनाओं पर भी चर्चा की। अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज ने चर्चा के दौरान चिह्नित क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रक्रिया शुरू करने पर बल दिया। खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने अमेरिकी काउंसलेट जेनरल को बताया कि खनन के क्षेत्र में कोयला समेत विभिन्न खनिजों के खनन, खनन उपकरण कारखाना स्थापना में ज्वायंट वेंचर की अपार संभावनाएं हैं। लिथियम, ग्रेफाइट और टाइटेनियम के प्रसंस्करण में भी आपसी सहयोग से आगे बढ़ा जा सकता है। टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि झारखंड पूरे भारत में सर्वाधिक 33 प्रतिशत वन क्षेत्र वाला राज्य है। कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में आपसी सहयोग की बड़ी संभावना है। इसके अतिरिक्त झारखंड के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में भी निवेश और सहयोग की प्रचुर संभावना है। राज्य में लगभग 70 प्रतिशत लोग कृषि कार्य से जुड़े हैं। यह क्षेत्र भी सहयोग और निवेश के लिए आकर्षक क्षेत्र है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in


C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### लालू यादव ने बनाई 53 खिलाड़ियों की नई टीम, लिस्ट में सबसे ऊपर तेजस्वी का नाम



**पटना, एजेंसी।** सुप्रीमो लालू प्रसाद ने राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की भी घोषणा कर दी है। इसमें दो श्रेणियों (राष्ट्रीय कार्यकारिणी और विशेष आमंत्रित) में कुल 246 नेताओं का समायोजन हुआ है। 53 सदस्यों वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पहला नाम तेजस्वी यादव का है। मीसा भारती और रोहिणी आचार्य भी इसमें स्थान पा रहीं। शेष विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। इसमें प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन और अरुण यादव आदि को स्थान मिला है। इसके लिए अरुण ने नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। कहा है कि यह विश्वास व दायित्व मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता के लिए बड़ा सम्मान है। राजद के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहित कुमार ने डॉ. संजीत कुमार राय को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सहनी आदि की उपस्थिति में संजीत को मनोनयन-पत्र सौंपा गया। मोहित ने अपेक्षा जताई कि संजीत पार्टी और नेतृत्व की कसौटी पर खरे उतरेंगे।

### पैक्स अध्यक्ष ने बाइक सवार को स्कॉर्पियो से मारी टक्कर, गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के अरेराज प्रखंड के झखड़ा गांव के पैक्स अध्यक्ष मुन्ना सिंह पर बाइक सवार युवक को जान से मारने की नीयत से स्कॉर्पियो से टक्कर मारने का आरोप है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। गोविंदगंज थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मुन्ना सिंह ने उसे स्कॉर्पियो से जानबूझकर टक्कर मारी। इसके बाद गाड़ी से उतरकर उसके साथ मारपीट भी की। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। सुमित ने बताया कि यह विवाद पैक्स चुनावों के दौरान शुरू हुआ था। उसने पहले भी अरेराज एसडीओ कोर्ट और गोविंदगंज थाना में आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई थी। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने मुन्ना सिंह की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। एसपी ने कहा, ऊकोई भी हो, कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऊ फिलहाल, मुन्ना सिंह फरार है और पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। यह मामला जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर पैक्स अध्यक्ष की आलोचना कर रहे हैं।

### भोजपुर में युवक पर जानलेवा हमला मामले में 2 गिरफ्तार

**आरा(भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने युवक को गोली मारने के मामले में एक महिला समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कुंजन टोला निवासी प्रदीप कुमार और अंगद यादव की पत्नी मंजू देवी के तौर पर हुई है। रुपए लेन-देन के विवाद में गोली मारी थी। एक देसी पिस्टल, कारतूस और बाइक बरामद हुआ है। मुख्य आरोपी अंगद उर्फ जदु यादव समेत दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक घायल संतोष कुमार सिंह ने गांव के ही अंगद को एक साल पहले 25 हजार रुपए कर्ज दिया था। जब पैसे की वापसी नहीं हुई, तो गांव में पंचायती हुई। जिसमें यह तय हुआ कि जब तक कर्ज चुकाया न जाए, तब तक नौ कट्ठा खेत संतोष सिंह जोतेंगे। 26 जुलाई को संतोष सिंह अपने सहयोगी प्रदीप के साथ खेत जोत रहे थे। तभी अंगद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। इस हमले में संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल में एडमिट कराया। कांड में प्रदीप कुमार की भूमिका भी सामने आई है, जो हमले के वक्त मौके पर मौजूद था। चांदी थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी अंगद यादव के घर से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त देसी हथियार बरामद किया गया है। चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### हाटे बाजारे एक्सप्रेस का सालार-अम्बिका कालना स्टेशन पर ठहराव

**समस्तीपुर, एजेंसी।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सहरसा से सियालदह के लिए चलने वाली गाड़ी सं. 13170 और 13164 हाटे बाजारे एक्सप्रेस का हावड़ा रेलवे मंडल के सालार और अम्बिका कालना स्टेशनों पर 02 मिनट का ठहराव दिया गया है। लंबे समय से इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्री इन दोनों स्टेशन पर ठहराव की मांग कर रहे थे। दोनों स्टेशन पर ठहराव से यात्रियों को लाभ मिलेगा। खासकर कारोबारी लाभान्वित होंगे। समस्तीपुर रेलवे मंडल प्रशासन की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार गाड़ी सं. 13164 सहरसा-सियालदह हाटे बाजारे एक्सप्रेस दिनांक 6 अगस्त से 02.50 बजे अम्बिका कालना स्टेशन पहुंचेगी। 02.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 13170 सहरसा-सियालदह हाटे बाजारे एक्सप्रेस दिनांक 7 अगस्त से 01.35 बजे सालार स्टेशन पहुंचेगी और 01.37 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन के ठहराव से कोसी क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।?खास कर रेलवे मंडल के सहरसा, मधेपुरा, मानसी, खगड़िया के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

# जलजमाव के कारण मेरे मरीजों की हालत खराब हो गई, डेंटिस्ट ने पटना हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना के हर वर्ष बरसात के मौसम में भीषण जलजमाव और उससे होने वाली समस्याओं के मामले पटना हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर हुई है. इस वर्ष भी पटना में भयंकर जलजमाव के मामले में डॉ. प्रभात चंद्रा और अन्य लोगों ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर पूछा है कि क्यों हर बार ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है



डेंटिस्ट ने दायर की याचिका- इस जनहित याचिका में ये कहा गया है कि प्रशासन और नगर निगम के हर साल दावा करने के बाद भी राजधानी पटना में भीषण जलजमाव और उससे होने वाली समस्याएं नागरिकों को झेलना होता है. याचिकाकर्ता डॉ. प्रभात चंद्रा एक डेंटिस्ट हैं. उनके मुताबिक क्लिनिक में आए मरीजों की हालत इसलिए खराब हो गई, क्योंकि जलजमाव के कारण वे मरीजों को देखने नहीं जा सके.

याचिका में क्या कहा- इस जनहित याचिका में ये कहा गया है कि प्रशासन को जलनिकासी की प्रभावी व्यवस्था करनी चाहिए. जलजमाव से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रशासन और नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए.

कोर्ट दिखा चुका है सख्ती- 2008 में लगभग इसी समय पटना में भीषण जलजमाव हो गया था. इस मामले में अधिवक्ता श्याम किशोर शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर इस समस्या को पटना हाईकोर्ट के समक्ष रखा था. इस पर कोर्ट ने काफी सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासन और नगर निगम को ठोस और प्रभावी कार्रवाई करने का आदेश दिया लेकिन उसके बाद हर साल जलजमाव और लोगों को उससे होने वाली समस्याओं को झेलना पड़ा.

गंभीर प्रयास नहीं किया गया- इस जनहित याचिका में राजेंद्रनगर, कंकड़बाग, पाटलिपुत्र, आशियाना नगर और राजीव नगर समेत कई अन्य क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या काफी गंभीर है लेकिन इसके लिए न तो राज्य सरकार और न ही प्रशासन कोई ठोस योजना नहीं बना पाई है.

बुधवार को सुनवाई होगी- पटना के नागरिकों को इस जलजमाव की समस्या से स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधाओं का उपलब्ध नहीं हो पाना, रोड की खराब हालत से घर से निकलना मुश्किल जैसी कई समस्याएं आती है. इन सारी बातों और राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने के पहले इन समस्याओं को प्राथमिकता को ध्यान में रखा जाना चाहिए. 30 जुलाई 2025 को इस मामले पर सुनवाई की संभावना है. पटना के कई इलाकों में जलजमाव- लगातार बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया है. ज्यादातर इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई है. बगैर गाड़ी के सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है. सड़क और नाले बराबर हो चुके हैं और सड़कों पर नाले का पानी बह रहा है. पटना के वीवीआईपी इलाके में भी कई जगह पानी भर गया है. राजवंशी नगर इलाके का नजारा चिंताजनक है. ऊर्जा स्टेडियम तक का इलाका पूरी तरह जलमग्न हो चुका है.

## 15 अगस्त को दौड़ेगी पटना मेट्रो, आईएसबीटी से भूतनाथ तक ही चलने की संभावना



**पटना, एजेंसी।** पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर में 15 अगस्त से ट्रेन चलाने की तैयारी पटना और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा की जा रही है। इसमें न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल (आईएसबीटी), जीरो माइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी के बीच लगभग 6.107 किलोमीटर में मेट्रो दौड़ाने की तैयारी कर रही है। लेकिन, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर 15 अगस्त से मेट्रो का आवागमन प्रारंभ होता है तो आईएसबीटी से भूतनाथ के बीच की मेट्रो दौड़ेगी। इसकी दूरी लगभग तीन किलोमीटर है। हालांकि पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा बताया गया कि इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

**दो स्टेशन में निर्माण कार्य भी बाकी :** न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल के परिसर में और उसके सामने वाले भाग में आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। दोनों में से किसी तरफ से अब तक स्टेशन मेट्रो लाइन से नहीं जुड़ सका है। जबकि भूतनाथ और जीरो माइल में फिनिशिंग का कार्य तेज गति से चल रहा है। इन दोनों में प्री-फैब्रिकेटेड स्टेशन का निर्माण किया गया है।

आईएसबीटी में स्टेशन भवन का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि मलाही पकड़ी स्टेशन का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। इसमें फिनिशिंग का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। वहीं भूतनाथ के आगे लाइन नहीं जुड़ने के कारण मेट्रो के यहां तक पहुंचाने की संभावना बहुत कम है।

## गयाजी में दुकानदार और परिवार पर जानलेवा हमला

**गया, एजेंसी।** गयाजी में चाय दुकानदार और उसके परिवार पर बदमाशों ने हमला कर दिया। दुकान खोलने से नाराज ढोलकिया गली निवासी रामजी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर पिटाई कर दी। हमले में परिवार के तीन लोग घायल हुए हैं। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना केपी रोड स्थित भदानी कोल्ड स्टोर के पास की है। पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि रविवार शाम 7 बजे के करीब छोटे भाई शिबू कुमार, भतीजा निकुंज कुमार, अभिषेक कुमार के साथ दुकान पर मौजूद था। इस दौरान राम जी अपने गुर्गों के साथ पहुंचा। रिवॉल्वर लहराते हुए सबको पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में निकुंज कुमार को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हालत नाजुक बनी हुई है। महाबोधि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी पिछले कई दिनों से धमकी दे रहा था कि दुकान मत खोलो। नहीं तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा। जब हमने विरोध किया और रंगदारी के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत जुटाई तो अपराधियों ने हमला कर दिया। दुकान का सारा सामान तोड़ दिया। अभिषेक कुमार को रिवॉल्वर के बट से मारकर जख्मी कर दिया। इस संबंध में कोतवाली थाने में स्न्रढ्ढक्रदर्ज कराई है। पूरा परिवार डरा हुआ है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि राम जी लंबे समय से इलाके में दहशत फैला रहा है। उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इधर, कोतवाली पुलिस का कहना है कि पुलिस मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नीतीश कैबिनेट में 41 एजेडों पर मुहर, पत्रकारों के पेंशन में बढ़ोतरी, 6 हजार के बदले मिलेगा 15 हजार

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सुबह 10-30 बजे से आयोजित हुई कैबिनेट बैठक खत्म हो गई है. मीटिंग में 41 एजेंडों पर मुहर लगी है. साथ ही बिहार पत्रकार पेंशन सम्मान योजना में बदलाव करने की भी स्वीकृति दी गई है. राजगीर खेल एकेडमी को मिले 1121 करोड़- बिहार राज्य खेल अकादमी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम राजगीर के अंतर्गत और सैनिक एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 1121 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है. वहीं, 7 डॉक्टर को आज बर्खास्त किया गया है, जबकि युवा आयोग में 6 पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है. राम मनोहर लोहिया पथ के लिए 675 करोड़ मंजूर- सीएम नीतीश की कैबिनेट ने पटना में राम मनोहर लोहिया पथ चक्र के निर्माण के लिए 675 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की है. साथ ही केंद्रीय सड़क निधि अंतर्गत आने वाले सारण जिले के छपरा शहर के गांधी चौक से नगर पालिका चौक के लिए फ्लाईओवर निर्माण को लेकर 696 करोड़



26 लाख 71000 रुपए मंजूर किए गए हैं. आंगनबाड़ी केंद्रों को 115 करोड़ से ज्यादा की मिली राशि- सुपौल जिला अंतर्गत आने वाले छातापुर प्रखंड की 23 पंचायत के 63 गांव में जिला आपूर्ति के लिए 320 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं. वहीं, 115009 आंगनबाड़ी केंद्रों में इक्विपमेंट और फर्नीचर मद के अंतर्गत बर्तन सेट खरीदने के लिए 115 करोड़ 90 हजार रुपए दिए गए हैं. बिहार सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को हरी झंडी- बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन के लिए एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष और पांच सदस्य होने की स्वीकृति दी गई है. साथ ही बिहार पशु चिकित्सा सेवा नियमावली 2020 में संशोधन करने की भी स्वीकृति मिली है. वजीरगंज और गया में स्थापित होगी डेयरी- डेहरी ऑन सोन रोहतास में 30 मेट्रिक टन संयंत्र स्थापित करने के लिए 69 करोड़ 66 लाख रुपए दिए गए हैं, जबकि वजीरगंज और गया में 2 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता की डेयरी संयंत्र की स्थापना के लिए 50 करोड़ 27 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है. गोपालगंज में डेयरी संयंत्र के लिए 54 करोड़ मंजूर- सीतामढ़ी में 30 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के दूध चरण संयंत्र स्थापना के लिए 70 करोड़ 33 लाख रुपए मिले हैं. वहीं, गोपालगंज में 1 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी संयंत्र की स्थापना के लिए 54 करोड़ 73 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं. पटना में सड़क मार्ग का विकास- पटना में एम्स से दीघा रेल से सड़क पुल के पटना छोड़ तक दो लेन सड़क और चार लाइन एलिवेटेड लेन के साथ-साथ दीघा रेल सह सड़क पुल के पटना छोड़ तक पहुंच पथ के निर्माण कार्य के लिए 1368 करोड़ 46 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की गई है. विद्यालयों के जीर्णोद्धार पर फोकस- प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की योजना के अंतर्गत प्रारंभिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य के तहत विद्युतीकरण के लिए 270 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, जबकि माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 276.3 करोड़ रुपए मिले हैं. मेला प्राधिकार के प्रबंधन में शामिल सीता कुंड मेला- गोपालगंज, मांझा और दरभंगा के हनुमान नगर में केंद्रीय विद्यालय और स्टाफ क्वार्टर निर्माण के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार को 1 के टोकन मूल्य पर 30 वर्षों के लिए जमीन दिए जाने की स्वीकृति दी गई है. मुंगेर जिला अंतर्गत लगने वाले ऐतिहासिक एवं पौराणिक सीता कुंड मेला को बिहार राज्य मेला प्राधिकार के प्रबंधन में शामिल करने की स्वीकृति दी गई है.

## शिवगंगा तट पर अयोध्या-काशी की तरह महाआरती: मधेपुरा में 5 हजार श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

**मधेपुरा, एजेंसी।** मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थित शिवगंगा तट पर सोमवार की रात अयोध्या और काशी की तर्ज पर शिव आराधना सह महा आरती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।आयोजन श्रृंगी ऋषि सेवा फाउंडेशन और तापस पंडा समाज के संयुक्त देखरेख में हुआ। आरती के दौरान शिवगंगा तट पर दीपों की ज्वाला, शंखनाद और डमरू की गूंज सुनाई दी। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रृंगी ऋषिसेवा फाउंडेशन के संस्थापक भास्कर निखिल ने बताया कि उनका उद्देश्य सिंहेश्वर के शिवगंगा तट पर एक दिव्य आयोजन करना था। वे चाहते थे कि यह आयोजन श्रद्धालुओं को आकर्षित करे और उन्हें भगवान के साक्षात दर्शन का अनुभव कराए। कार्यक्रम में स्थानीय तापस पंडा समाज के प्रिंस ठाकुर, सागर ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, गोविंद ठाकुर, आदर्श ठाकुर, दीपक ठाकुर, मुरारी ठाकुर और अरविन्द ठाकुर



का योगदान रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में फाउंडेशन के मुख्य प्रबंधक सागर यादव, कोषाध्यक्ष मनीष आनंद, मनीष मोदी, मयंक कुमार, नील कुमार और सावन कुमार का सहयोग मिला। जीवन का अनोखा अनुभव है आरती श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को यादगार और भक्ति से परिपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह आरती उनके जीवन का एक अनोखा और आध्यात्मिक अनुभव रही। इसने उनकी आस्था को और अधिक गहरा किया। शिवगंगा आरती का यह नया अध्याय अब श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, अध्यात्म और संस्कृति के संगम का प्रतीक बन गया है।

**जातिवाद खत्म किए बिना बदलाव संभव नहीं : वैभव त्न मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पहुंचे मशहूर आईपीएस विकास वैभव ने शनिवार को कहा कि हम तो अभी भी बिहार के लिए ही काम कर रहे हैं, पर बिहार में बदलाव के लिए पॉलिटिकल पार्टी ज्वाइन करूंगा। प्रशांत किशोर के बिहार बदलाव अभियान के सवाल पर उन्होंने कहा कि अच्छी बात है, सभी को बिहार के बदलाव में साथ आने की जरूरत है। आईपीएस विकास वैभव इन दिनों अपने आइए बिहार को प्रेरित करें अभियान के माध्यम से बिहार के नवनिर्माण की यात्रा पर निकले हैं।

## भोजपुर में कांवरियों से भरी पिकअप पलटी, हादसे में 18 श्रद्धालु घायल, एक की हालत गंभीर

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में कांवरियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 18 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी बाबा बैद्यनाथ धाम से जलाभिषेक कर घर लौट रहे थे। घटना कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढाकाइच गांव की है। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए ब्रह्मपुर पीएचसी पहुंचाया गया। एक युवक की हालत गंभीर है। जिसकी पहचान रोहतास जिले के भानपुर निवासी भोला कुमार के तौर पर हुई है। जिसका आरा सदर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

**ओवर स्पीड से बिगड़ा संतुलन :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप सवार देवघर बाबा धाम से लौट रहे थे। कांवड़ लेकर जलाभिषेक करने गए थे। जैसे ही गाड़ी छोटका ढाकाइच गांव के पास पहुंची। अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय गाड़ी की रफ्तार अधिक थी। जिससे संतुलन बिगड़ गया।

घायल भोला कुमार ने बताया कि अपने गांव के अन्य कांवरियों के साथ देवघर से कांवड़ लेकर लौट रहा था। थकान और भीड़ की वजह से पिकअप से घर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में अचानक हादसा हो गया। सभी लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। पास के अस्पताल में पहुंचाया गया। कांवरियों के सुरक्षा पर सवाल सूचना



मिलते ही कृष्णब्रह्म थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पिकअप को सड़क से हटवाया। फिलहाल सभी जख्मी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान इस तरह की दुर्घटनाएं लगातार सामने आ रही है। जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठने लगे है।

# जनता का प्रतिनिधि हूं फोन करना मेरा हक : राजद विधायक

**पटना, एजेंसी।** मनेर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत सचिव संदीप भारती और विधायक भाई वीरेंद्र के बीच हुई कॉल की रिकॉर्डिंग की राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा हो रही है। कल भाई वीरेंद्र ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए स्पष्टीकरण देकर खेद भी जताया था। इस पूरे मामले पर भाई वीरेंद्र ने पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाए। भाई वीरेंद्र ने कहा कि हम कहीं भी दोषी नहीं है, पब्लिक के हम नुमाइंदे हैं। पब्लिक जहां रहेगी फोन करने के लिए हम करेंगे और हमने सही पैरवी किया। पंचायत सचिव ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने



के लिए रिश्वत मांगा था। 7 दिन से ज्यादा हो गया, लेकिन वह मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया।कहा कि जब हम क्षेत्र में घूमते हैं तो पब्लिक ने अपनी परेशानी बताई तो हमने उन्हें फोन कर दिया।

**हमनें कोई भी जातिसूचक शब्द का नहीं किया इस्तेमाल :** आगे राजद विधायक बोले कि हम जनप्रतिनिधि हैं सचिव हो या चपरासी हो हमको तो फोन करना ही है। हमने तरीके से कहा कि मैं भाई वीरेंद्र बोल रहा हूं। तो वह ऊंचे आवाज में बोला कि बोलिए। फिर हम कहें कि तुमको प्रोटोकॉल का ज्ञान नहीं है। भाई वीरेंद्र एमएलए बोल रहे हैं। फिर उसने दोहराया कि हां बोलिए। वह जैसे बात कर रहा था हम तो वैसे बात भी नहीं कर रहे थे। हमको पता भी नहीं था कि वह कौन है क्या है और ना ही हमने कोई जाति सूचक शब्द कही।

सचिव द्वारा एससी एसटी थाना में भाई वीरेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पर उन्होंने कहा कि हमने कहीं भी जाति सूचक शब्द नहीं बोला है। हम तो यह जानते भी नहीं थी कि वह किस जाति और बिरादरी का है। हमको बस काम से मतलब था और पता था कि वह पंचायत सचिव है।

**सरकार के लोग करना चाह रही बदनाम :** भाई वीरेंद्र ने आगे कहा कि इसमें निश्चित रूप से सरकार का लोग लगा हुआ है और हमसे बदला लेना चाहता है। जिस तरह से विधानसभा में हम लोगों ने एसआईआर के मामले और गुंडाराज के खिलाफ में बोला। हमने कहा कि सदन किसी के बाप का नहीं है पब्लिक का सदन है तो इन सब का भी खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है। हम सभी स्थिति के लिए तैयार है पब्लिक ही मेरे लिए मालिक है और मालिक ने हमें भेजा है तो हम मालिक का सब काम करने के लिए तैयार है। हम अच्छा काम करते हैं तो अच्छा ही होगा।

**सचिव ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर तो कहा- भयभीत हूं:** राजद विधायक भाई वीरेन्द्र के खिलाफ पंचायत सचिव संदीप कुमार ने एससी एसटी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। संदीप कुमार ने कहा कि अगर प्रोटेक्शन की जरूरत पड़ेगी तो मैं बीडीओ सर से मिलकर अपनी मांग रखूंगा। फिलहाल भयभीत हूं।

भाई वीरेन्द्र ने रिंकु देवी के पोते के मृत्यु प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी लेने के लिए कॉल किया था। पहली बार मेरे मोबाइल नंबर पर कॉल आया तो मैं नहीं पहचान पाया। उनसे परिचय पूछ लिया। इसके बाद वो जूता से मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर की फेरे में मत रहो यहां दूसरा कुछ भी हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### वन भूमि बेचने वाले आरोपियों से ईडी ने फिर की पूछताछ, इस कंपनी को बेची गई थी 107 एकड़ जमीन

**रांची, एजेंसी।** बोकारो के तेतुलिया मौजा की 107 एकड़ वन भूमि घोटाले की मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने सोमवार को भी दो आरोपियों इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से पूछताछ की।दोनों आरोपियों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर विवादित जमीन बेचने का आरोप है। यह दूसरी बार है, जब ईडी ने रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में इनसे पूछताछ की है।इन आरोपियों को सीआईडी ने अपने मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तब से ये न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद ही दोनों से जेल में पूछताछ की है। आरोपियों पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उमायुष कंपनी को वन भूमि बेचने का आरोप है। ईडी ने इनसे फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले इनके सहयोगियों के बारे में भी पूछताछ की है। इनसे यह भी पूछा गया है कि इस फर्जीवाड़े के लिए किसने फंडिंग की। जानकारी के अनुसार, पूछताछ में ईडी को कोई खास सफलता नहीं मिली है।

### सहायक आचार्य के 26001 पदों का रिजल्ट 14 अगस्त तक दें: सुप्रीम कोर्ट

**रांची, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में सहायक आचार्य के 26,001 पदों पर नियुक्ति में देरी को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने अब तक सभी विषयों का रिजल्ट जारी नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को 14 अगस्त तक सभी श्रेणियों के पदों का परिणाम जारी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयसीमा तक रिजल्ट जारी नहीं हुआ, तो 18 अगस्त को राज्य के मुख्य सचिव, जेएसएससी अधिकारी, शिक्षा सचिव और उप सचिव को अदालत में उपस्थित होना होगा। प्रार्थी परिमल कुमार और अन्य की ओर से वकील गोपाल शंकर नारायणन व अमृतांश वत्स ने बताया कि कक्षा 6 से 8 के लिए गणित और विज्ञान में 5008 पदों के विरुद्ध सिर्फ 1661 अभ्यर्थियों का परिणाम जारी हुआ है। जबकि, दस्तावेज सत्यापन में 2734 अभ्यर्थी बुलाए गए थे।

### रांची सदर बना देश का नंबर-1 अस्पताल, मिला 50 लाख का सम्मान




**रांची, एजेंसी।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और और मुस्कान जैसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को सम्मानित किया। 744 संस्थानों को प्रतिष्ठित गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रांची सदर अस्पताल को कायाकल्प श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और 50 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। इको-फ्रेंडली जिला अस्पताल की श्रेणी में भी रांची सदर को प्रथम पुरस्कार मिला और 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। सीएचसी ओरमांझी को इको-फ्रेंडली सीएचसी श्रेणी में सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल सिमडेगा को एनक्वास एवं लक्ष्य सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ। इस मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सबताया कि राज्य में 6 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित हो रहे हैं, जिनमें एक उनके गृह जिले जामताड़ा में भी होगा। हाल ही में 126 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स-2 की स्थापना को समयबद्ध रूप से पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने राज्य में पहली बार रोबोटिक टेक्नोलॉजी से इलाज की सुविधा जल्द शुरू होने की बात भी कही। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने विजेता संस्थानों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ उपलब्धि नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि सभी जिला अस्पतालों को चार-चार नए एंबुलेंस दिए जाएंगे जिससे मरीजों के आवागमन में क्रांतिकारी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के दुर्गम और पहाड़ी इलाकों में मरीजों को खाट या मचिया पर अस्पताल लाने की मजबूरी अब खत्म होने जा रही है। मंत्री ने 15,000 स्ट्रेचर जल्द से जल्द गांव स्तर तक उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया।

---

झारखंड में दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों के मरीज के लिए स्ट्रेचर की सुविधा,

# सभी जिला अस्पतालों को 4-4 नई एंबुलेंस की सौगात

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्र में भी स्ट्रेचर के साथ एंबुलेंस की सुविधा स्वास्थ्य विभाग देने जा रहा है. राज्य सरकार इसके लिए करीब 15 हजार स्ट्रेचर खरीदने जा रही है. इसकी घोषणा खुद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के आयोजित कार्यक्रम के दौरान की.

सभी जिला अस्पतालों को 4-4 नए एंबुलेंस की सौगात

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि स्ट्रेचर को गांव में प्रधान को सौंपा जाएगा और मरीजों को लाने के लिए आवश्यकता पड़ने पर युवकों को सरकार पैसा भी मुहैया कराएगी. इसके साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिला अस्पतालों को चार-चार नई एंबुलेंस देने की घोषणा की. ताकि मरीजों को परेशानी ना हो.

**इको फ्रेंडली के लिए अलग से सम्मानित रांची जिला अस्पताल :** रांची जिला अस्पताल को कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित करते हुए 50 लाख का चेक और प्रशस्ति पत्र के साथ मेडल प्रदान किया गया. रांची जिला अस्पताल को इको फ्रेंडली के लिए अलग से 10 लाख का चेक प्रदान किया गया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा ओरमांझी को भी कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित करते हुए 15 लाख का चेक और प्रशस्ति पत्र के साथ मेडल दिया गया.

**380 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को कायाकल्प प्रमाण पत्र :** इस मौके पर जरमुंडी को लक्ष्य पुरस्कार प्रदान करते हुए 10 लाख का चेक प्रदान किया गया. गौरतलब है कि इस साल कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान योजनाओं के तहत 744 स्वास्थ्य संस्थानों को प्रमाण पत्र दिया गया है. इसके साथ ही 272 संस्थानों को एनक्वास सर्टिफिकेट मिला है. इसके अलावा 11 सदर अस्पताल, 31 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 48 शहरी/प्राथमिक केंद्र और 380 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को कायाकल्प प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है. इस मौके पर रांची और रामगढ़ सदर अस्पताल को मुस्कान प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है.



**स्वास्थ्य विभाग को सुधारकर रहूंगा: मंत्री इरफान अंसारी :** सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जब तक झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को, जनता के अनुकूल और सशक्त नहीं बना देता, तब तक मैं, शांति से बैठने वाला नहीं. स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स-2 की स्थापना को समयबद्ध रूप से पूरा करने की बात कहते हुए बताया कि झारखंड में पहली बार रोबोटिक टेक्नोलॉजी से इलाज की सुविधा जल्द शुरू होगी.

**सभी अस्पतालों को मानक के अनुसार लाना अब भी बड़ी चुनौती: अपर मुख्य सचिव :** वहीं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि 2026 तक हमें सभी अस्पतालों को यह मानक के अनुसार लाना है, जो एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि पिछले 10 सालों में अब तक आधे सरकारी अस्पतालों को हम सर्टिफिकेट दे पाए हैं. 50 फीसदी शेष बचे अस्पतालों को एक साल के अंदर में मानक तक पहुंचना है, इसमें विभाग के साथ-साथ निचले स्तर के स्वास्थ्य विभाग के कर्मी को लगना होगा.

**रांची जिला अस्पताल को मिला कायाकल्प पुरस्कार :** झारखंड में कई सरकारी अस्पतालों को बेहतर प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधा के लिए सम्मानित किया गया. नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया. इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, मेडिकल कॉर्पोरेशन के एमडी अबु इमरान, डॉ. सिद्धार्थ सान्याल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, प्रतिभागी और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे. इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने डॉक्टरों और कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने की आवश्यकता बताई और अनुबंध कर्मियों की गृह जिला पोस्टिंग का मुद्दा उठाया.

## केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, धनबाद स्टेशन से पुलिस ने पकड़ा

**रांची, एजेंसी।** सुखदेव नगर इलाके में रहने वाले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पंडरा ओपी में 26 जुलाई को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

संजय सेठ एक कार्यक्रम में थे तब उनको धमकी दी गई थी। इस मामले में कांड का खुलासा करने के लिए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एक टीम का गठन किया था।



पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए धनबाद रेलवे स्टेशन से आरोपित नित्यानंद पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसपी ने बताया कि 26 जुलाई को मंत्री संजय सेठ के व्यक्तिगत मोबाइल पर दो अज्ञात मोबाइल नंबरों से मैसेज और फोन के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई थी।

पुलिस ने तकनीकी निगरानी और मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर आरोपित की पहचान नित्यानन्द पाल के रूप में हुई। आरोपित मूल रूप से बांगा बाजार, नारायणपुर, थाना पिंड्राजोरा बोकारो का निवासी है। आरोपित अभी धनबाद में हरिहरपुर में रहता था।

आरोपित धनबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्त में आने के बाद कहा कि उसके द्वारा संजय सेठ को फोन किया गया था। जिन नंबरों से फोन किया गया था पुलिस ने वह सिम कार्ड और मोबाइल बरामद कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपित नित्यानंद पाल ने बताया कि वह पहले भी प्रभावशाली व्यक्तियों को धमकी देकर पैसे वसूलने का काम करता रहा है। नित्यानन्द पाल के विरुद्ध पहले भी पिंड्राजोरा थाना केस दर्ज है। आरोपित इंटरनेट से या अन्य तरीकों से लोगों का नंबर लेता है और फोन करता है। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपित ने किन-किन लोगों को अभी तक धमकी दे चुका है।

## विवि में एक व्यक्ति, एक पद का सख्ती से पालन हो : गवर्नर

**रांची, एजेंसी।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक सुधार की दिशा में कड़ा संदेश देते हुए एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर (लेक्चरर) का एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज में तबादले पर भी रोक लगा दी गई है।

राज्यपाल ने यह निर्देश सोमवार को राजभवन में आरयू, डीएसपीएमयू समेत आठ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अवर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी, आरयू के वीसी प्रो. दिनेश कुमार सिंह, डीएसपीएमयू के वीसी अंजनी कुमार मिश्र समेत अन्य विश्वविद्यालयों के वीसी मौजूद थे।

राज्यपाल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को विश्वविद्यालय में एक से अधिक पदों पर कार्य करने की अनुमति नहीं होगी। यह पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए



जरूरी है। लेकिन आरयू-डीएसपीएमयू में कई अधिकारी एक साथ कई पदों पर कार्यरत हैं। आरयू के सीसीडीसी डॉ. पीके झा एचओडी भी हैं, और परीक्षा नियंत्रक संजय कुमार सिंह राजनीति विज्ञान विभाग के एचओडी भी हैं।

**क्षमता अनुसार नामांकन लें विश्वविद्यालय:** विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी आधारभूत संरचना की क्षमता के अनुसार ही छात्रों का नामांकन लें, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता न हो। कई प्रोफेशनल कोर्स में छात्रों की संख्या क्षमता से अधिक है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**परीक्षा खत्म होने के एक माह के भीतर रिजल्ट दें :** विश्वविद्यालयों को परीक्षा खत्म होने के एक महीने के भीतर रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया गया है। यह कदम छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई और नौकरी के अवसर समय पर मिल सकें।

**बिना रुचि वाले वोकेशनल कोर्स होंगे बंद:** राज्यपाल ने निर्देश दिया कि ऐसे वोकेशनल कोर्स जिन्हें छात्रों द्वारा पसंद नहीं किया जा रहा, उन्हें तत्काल बंद किया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय जरूरी है।

**नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर के तबादले पर रोक होगी :** राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर जहां नियुक्त हुए हैं, वहीं काम करेंगे। तबादले पर पूरी तरह रोक है। कई मामलों में देखा गया है कि राजधानी से ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफर होने पर शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी।

## सीएसआर में ओडिशा को 448, छग को 232 व झारखंड को 54 करोड़ ही मिले

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम की कंपनियां अपना सीएसआर फंड खर्च करने में झारखंड के साथ न्याय नहीं कर रही हैं। भारत सरकार की 63 कंपनियों ने कुल मिलाकर सालभर में 2721 करोड़ 69 लाख रुपए खर्च किए। इनमें झारखंड के पड़ोसी राज्य ओडिशा में 447 करोड़ 61 लाख रुपए खर्च किए गए। छत्तीसगढ़ में सीएसआर फंड के 232 करोड़ 46 लाख रुपए खर्च हुए। वहीं झारखंड में इन कंपनियों ने सालभर में केवल 54 करोड़ 38 लाख रुपए ही खर्च किए।

21 जुलाई को नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक यानी सीएजी की ओर से संसद में पेश की गई रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। सीएजी ने यह रिपोर्ट 2021-22 में कंपनियों की ओर से सीएसआर फंड के तहत किए खर्च के आधार पर तैयार की है। कंपनियों को तीन साल के औसत शुद्ध लाभ की 2त्न राशि सीएसआर फंड पर खर्च करनी होती है।

झारखंड की तुलना छत्तीसगढ़ और ओडिशा से करें तो सीएसआर फंड में भेदभाव हो रहा है। दोनों राज्य उद्योग-धंधों, संसाधन, भौगोलिक स्थिति और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की मौजूदगी के मामले में झारखंड की तरह ही है। रिपोर्ट में भारत सरकार की 63 कंपनियों के सीएसआर फंड में झारखंड की हकमारी तक ही सीमित नहीं है। जिन कंपनियों की परियोजनाओं का अधिकतर हिस्सा झारखंड में संचालित है, उन्होंने भी झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

सीसीएल ने उसी अवधि में सीएसआर के तहत कुल 2481 करोड़ 68 लाख रुपए खर्च किए हैं, जबकि झारखंड को सभी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम मिलाकर सीएसआर फंड के तहत केवल 54 करोड़ 38 लाख रुपए मिले हैं। इसी तरह कोल इंडिया लिमिटेड ने 7,764 करोड़ 38 लाख रुपए खर्च किए। सीसीएल के अलावा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड यानी बीसीसीएल का भी अधिकतर काम झारखंड में ही है।



### क्या है सीएसआर का नियम

कंपनी कानून की धारा 135(5) के तहत किसी कंपनी के लिए पिछले 3 वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत वार्षिक सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना अनिवार्य है। कंपनियां अपने सीएसआर फंड को गैर स्थानीय क्षेत्रों में मोड़ सकती हैं।

## रामगढ़ की बेटी चंद्रज्योति ने छ्वक्कस्ष्ट में लहराया परचम, बनीं डिप्टी कलेक्टर

**रामगढ़, एजेंसी।** शहर के गोला रोड बाजार समिति के समक्ष की रहने वाली चंद्र ज्योति उपाध्याय, पिता डॉ. सीएम. उपाध्याय ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 11 वीं से 13वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 70 वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

रामगढ़ की बिटिया चंद्रज्योति ने झारखंड प्रशासनिक सेवा में डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित होकर पूरे जिले, समाज और परिवार को गौरवान्वित किया है। चंद्र ज्योति ने यह परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण किया और 70 वीं रैंक प्राप्त किया। यह सफलता उन्होंने हजारीबाग में रहकर सेल्फ स्टडी के माध्यम से प्राप्त किया है।

उन्होंने बिना किसी कोचिंग या निजी शिक्षण (ट्यूशन) के यह उपलब्धि केवल अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बलबूते हासिल किया है।

उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से स्वजनों सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष, उत्साह और गर्व का माहौल है। परिणाम घोषित होते ही स्वजनों, मित्रों, शुभचिंतकों और दूर-दराज के लोगों द्वारा फोन व सामाजिक माध्यमों से बधाईयों का सिलसिला लगातार जारी है।

उनके पिता डॉ. सीएम. उपाध्याय, जो स्वयं



एक प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं, उन्होंने कहा कि चंद्र ज्योति बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर, आत्म अनुशासित और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटी की यह सफलता उन सभी छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध रहती हैं।

चंद्रज्योति की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि मन में मजबूत इच्छाशक्ति, आत्मनिर्भरता और निरंतर मेहनत हो, तो किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है।

## पलामू में दो अफीम तस्करों को 15-15 साल का सश्रम कारावास, 1.5 लाख का जुर्माना भी लगा

**पलामू, एजेंसी।** पलामू कोर्ट ने दो अफीम तस्करों को 15-15 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही दोनों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. जुर्माने की राशि नहीं देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा होगी. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि की है.




सजा पाने वाला पहला अभियुक्त प्रदीप साव पलामू के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़ा गांव का रहने वाला है. जबकि दूसरा अभियुक्त गणेश सिंह मनातू थाना क्षेत्र के अप्टी का रहने वाला है. 28 मार्च 2024 को पुलिस को सूचना मिली थी कि मनातू थाना क्षेत्र के अप्टी के जंगल में डोडा सुखाया जा रहा है तथा अफीम की खरीद बिक्री होने वाली है. पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि मिडिल स्कूल के पीछे तीन व्यक्ति कुछ खरीद बिक्री कर रहे हैं. पुलिस को देख सभी भागने लगे. इसी क्रम में दो व्यक्ति पकड़ा गया. दोनों व्यक्ति के पास से दो केन पाया गया, जिसे खोलकर देखा गया तो उसमें चिपचिपा एवं तरल पदार्थ था, जो अफीम निकला.

सोमवार को पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने दोनों अभियुक्तों को सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है. दोनों के खिलाफ पलामू के मनातू थाना में कांड संख्या 12/24 के तहत एनडीपीएस के धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया था.

## वित्त मंत्री और पर्यटन मंत्री ग्लोबल टाइगर डे पर करेंगे कई योजनाओं का शुभारंभ

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड के अलावा सात राज्यों में हाथी और मनुष्य के संघर्ष को कम करने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया है. इस एक्शन प्लान को वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट, वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड और झारखंड सरकार के द्वारा मिलकर तैयार किया गया है. इस एक्शन प्लान को 12 अगस्त यानी एलीफेंट डे पर जारी किया जाएगा.

**सीएम हेमंत सोरेन जारी करेंगे योजना :** दरअसल, ग्लोबल टाइगर डे को लेकर सोमवार को पलामू टाइगर रिजर्व की तरफ से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक एसआर नटेश, उपनिदेशक कुमार आशीष और प्रजेशकांत जेना मौजूद रहे. इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों की तरफ से हाथी और मानव के संघर्ष को लेकर सवाल पूछे गए, जिसके जवाब में बताया गया कि झारखंड में हाथी और मनुष्य के संघर्ष को रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया है. सीएम हेमंत सोरेन एलीफेंट डे पर एक्शन प्लान जारी करेंगे.



**20 गांव को विस्थापन करने की योजना :** पलामू टाइगर रिजर्व की तरफ से बताया गया कि फिलहाल पूरे पीटीआर में छह बाघ मौजूद है. जबकि पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से 20 गांव को विस्थापित करने की योजना है. फिलहाल गारू का जयगिर गांव विस्थापित हुआ है. जबकि कुजरूम और लाटू जैसे गांव की 50 प्रतिशत आबादी विस्थापित हुई है.

वहीं, सात गांव मंडल डैम डूब क्षेत्र से जुड़े हुए हैं. पलामू टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल 1150 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से 545 कोर एरिया है. पलामू टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले रेलवे लाइन को डाइवर्ट करने पर भी सैद्धांतिक सहमति मिल गई है.

**पीटीआर से बाहर शुरू होगी टाइगर सफारी :** पलामू टाइगर रिजर्व से बाहर टाइगर सफारी शुरू करने की योजना है. यह टाइगर सफारी बरवाडीह के इलाके में बनाया जाएगा, जिसका डीपीआर तैयार किया जा रहा है. पलामू टाइगर रिजर्व में मौजूद सुरक्षाबलों के पिकेट को लेकर सरकार निर्णय लेगी. कई पिकेट कम किए गए हैं. सरकार सुरक्षा का ध्यान रखकर इस संबंध में निर्णय लेगी.

**मंत्री शुरू करेंगे स्मार्ट क्लास :** ग्लोबल टाइगर डे पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू मंगलवार को स्मार्ट क्लास की शुरुआत करेंगे. स्मार्ट क्लास पलामू टाइगर रिजर्व से विस्थापित होने वाले ग्रामीण बच्चों के लिए पलामू के पोलपोल में किया जाएगा. वहीं, बेतला नेशनल पार्क में बाघों के संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित होने हैं. खेतकी संगम में महिलाओं के द्वारा संचालित प्रज्ञा केंद्र, पलामू किले के इलाके में हाथी से बचने के लिए थ्री लेयर फेंसिंग की भी शुरूआत की जानी है.

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 29-07-2025 21:57 Page 1



# जल जीवन मिशन के तहत संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जल जीवन मिशन (हर घर जल) के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खूंटी द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका), खूंटी के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव एवं जल सहिया के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मस्त राम मीणा एवं अभियान निदेशक, जल जीवन मिशन, रमेश घोलप मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त आर. रॉनिटा एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अन्य के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी एवं जल जीवन मिशन के सफल संचालन के लिए पंचायत स्तर पर सभी हितधारकों की सहभागिता पर बल दिया।

कार्यक्रम में प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आवश्यकता एवं वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले के समय में हमें हर स्त्रोत से शुद्ध जल प्राप्त होता था, लेकिन रासायनिक उर्वरकों एवं हाइब्रिड बीजों के उपयोग के कारण जल स्त्रोत प्रभावित हुए हैं। सरकार का उद्देश्य है कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जल संरक्षण, योजना के सतत रख-रखाव एवं सामुदायिक सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए ग्राम स्तर पर समिति गठन,




लोगों को जागरूक करने एवं प्रतिदिन मामूली शुल्क के संग्रह की व्यवस्था की सलाह दी, ताकि योजना को स्थायित्व प्रदान किया जा सके।

अभियान निदेशक ने योजना के क्रियान्वयन में आने वाले चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दिया। इससे जुड़े प्रमुख बातें कही। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के आलोक में खूँटी जिले में 62 प्रतिशत योजना पूर्ण हो गए है और लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है। जल्द शेष योजना पूर्ण होंगे जिसका लाभ आमजनों को मिलेगा। योजना के मेंटेनेंस, रख रखाव, क्रियान्वयन को लेकर मुखिया, पंचायत सचिव, जल सहिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की भूमिका को विस्तार से बताया। जल समिति का गठन एवं लोगों को जागरूक करने को लेकर भी निर्देशित किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं जल सहिया द्वारा जल जीवन मिशन के तहत अपने क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े लोगों को प्रेरित करने वाले अनुभव साझा किए गए।

कार्यक्रम उपरांत समाहरणालय स्थित सभागार में प्रधान सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैसे प्रखंड जिनमें योजना का कार्य लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो रहा है, वहां के जूनियर इंजीनियर एवं संबंधित पदाधिकारियों से रिपोर्ट लेते हुए उन्हें गंभीरता से दायित्व निर्वहन करने एवं समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए गए।

प्रधान सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो संवेदक समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। वहीं उत्तरदायित्व में लापरवाही बरतने वाले जेई को भी सख्त चेतावनी दी गई।

# हिलसा सूर्य मंदिर झील में तब्दील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बीते 17 जुलाई को भारत सरकार द्वारा जारी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के रिपोर्ट कार्ड में हिलसा नगर परिषद हिलसा ने पूरे बिहार में 20वां एवं नालंदा जिले में नगर परिषद श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने इससे नालंदा जिला का नाम राज्य स्तर पर ऊंचा हुआ होने की बात कहते हुए बड़ी उपलब्धि बताया था। लेकिन बीती रात से हो रही वर्षा ने नगर परिषद को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि पर पानी फेर दिया है।

बता दें नगर परिषद का सबसे महत्वपूर्ण वार्ड 16 के सूर्य मंदिर परिसर वर्षा के पानी से पूरी तरह से डूब गया है। इस जल जमाव से लोगों को मंदिर में पूजा करने एवं एस यू कॉलेज में जाने के लिए लोगों को इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस जल जमाव का सबसे बड़ा कारण अब तक पानी के निकास के लिए नाली नहीं होना है। अब नगर परिषद प्रशासन डीजल इंजन पंप के सहारे वर्षा के जमा पानी को निकालने में लगी हुई है।

हिलसा सूर्य मंदिर परिसर एवं तालाब हिलसा नगर परिषद के धार्मिक आस्था का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहीं पर लोक आस्था का छठ पर्व मनाया जाता है। इस परिसर एवं तालाब के सुंदरीकरण पर नगर प्रशासन अब तक करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है। लेकिन परिसर के पूर्वी भाग पर बने मकानों के गंदे पानी के निकास के लिए अब तक नाला का निर्माण नगर परिषद प्रशासन द्वारा नहीं कराया जा सका है। इसके पीछे का मूल कारक एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा विगत कई वर्षों से विरोध किया जाना है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर भी प्रशासन अब तक कोई कार्रवाई अब तक नहीं कर सकी है। मामला जिला प्रशासन के पास लटका हुआ है।

## पौधे लगे नहीं और निकाल ली योजना की पूरी राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** प्रखंड सभागार में सोमवार को आयोजित मनरेगा जन सुनवाई के दौरान बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत एक बड़ी अनियमितता का खुलासा हुआ। बिशनपुर पंचायत में बिना पौधा लगाए ही आम बगवानी योजना की पूरी राशि की निकासी कर ली गई है। इस बात की पुष्टि सोशल आडिट टीम द्वारा की गई। जन सुनवाई की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रेशमा कुमारी ने की। जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान और प्रमुख को जूरी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। लोकपाल और सोशल आडिट यूनिट ने पूरे प्रखंड की योजनाओं की जांच के दौरान 2023-24 के वित्तीय वर्ष से संबंधित करीब 80 शिकायतों पर दस्तावेजों और योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जांच में सामने आया कि बिशनपुर पंचायत में आम बगवानी योजना के तहत एक भी पौधा नहीं लगाया गया। एमआर (मस्टर रोल), एमबी (मेजरमेंट बुक) और अन्य अभिलेखों के आधार पर पूरी राशि की निकासी कर ली गई। यह मामला सुनियोजित गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

# बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** पूर्णियां से पटना जाने के क्रम में जनता दलयू के कार्यकर्ताओं ने बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार बादल का अररिया जिला के जीरो माइल के समीप अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पिपरा विधानसभा प्रभारी सीताराम मंडल के अगुवाई में पूरे गर्मजोशी के साथ अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से किया भव्य स्वागत। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ होता है। आप सभी साथियों से आग्रह है कि अभी चल रहे मतदाता पुनीरीक्षण कार्य में पूरे तन मन से सहयोग कर सही मतदाताओं का नाम जुड़वाने का काम करें। स्वागत करने वालों में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पिपरा विधानसभा प्रभारी सीताराम मंडल, प्रदेश महासचिव उपेंद्र मंडल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ एम आलम, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उमेश पासवान, जिला सचिव मुन्ना सिंह, विनोद पोद्दार, डॉक्टर शाहिद खान, जोकीहाट के जुबेर आलम, अबू बसर, डॉक्टर सरवर आलम के अलावे दर्जनों लोग शामिल हुए।

# बिहार-झारखण्ड सीमा पर मुठभेड़, कुख्यात जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र में बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित हसनपुर पहाड़ी पर सोमवार की रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान कुख्यात शूटर चंदन उर्फ सतीश मांझी घायल हो गया।

एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चंदन पर स्वास्थ्य निदेशक डॉ. तपेश्वर प्रसाद पर फायरिंग का आरोप है। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से एक सफेद रंग की अपाचे बाइक, एक देसी पिस्तौल और दो कारतूस के खोखे बरामद किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि चंदन और उसके साथी इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें घेर लिया, जिसके बाद बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में चंदन घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रशिक्षित पुस्तकालय संघ ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड प्रशिक्षित पुस्तकालय संघ के नेताओं ने सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से संघ ने राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में पुस्तकालयाध्यक्ष के पदों को सूचित करने व नियमित नियुक्ति करने की मांग को प्रमुखता से रखा । प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि राज्य के स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पुस्तकालयों की स्थिति सुधारने व योग्य पुस्तकालय विज्ञान स्नातकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर संघ के सक्रिय छात्र सदस्य अनुज कुमार, नीतीश कुमार, मनजीत सिन्हा, रौशन राज व आनंद कुमार उपस्थित थे। छात्र सदस्य अनुज कुमार ने बताया कि वित्त मंत्री ने संघ की मांग पत्र को गंभीरता से लिया। मंत्री ने इसे संबंधित विभाग तक पहुंचाने व यथाशीघ्र पहल करने का आश्वासन दिया

# नेता की पहल पर दुरुस्त हुई सड़क

**हजारीबाग।** बीजेपी नेता अनुपम सिंहा की शिकायत के बाद हजारीबाग में चल रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना के अंतर्गत सड़क मरम्मत कार्य में त्वरित गति आई। पाइपलाइन बिछाने के क्रम में लगातार बारिश के कारण सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए थे, जिससे आमजन को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर ने तत्काल पहल करते हुए मरम्मत कार्य शुरू करवाया, जिससे अब सड़क सुगम हो गई है और आवागमन सामान्य रूप से चालू है।

इस योजना को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया है, जिसे एलएंडटी कंपनी कार्यान्वित कर रही है। यह योजना क्षेत्र में स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ने भी स्थल पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना आम लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है और इसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है।

# विधायक ने पौधारोपण कर वन महोत्सव का किया शुभारंभ

## लोगों से पर्यावरण बचाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सामाजिक वानिकी प्रमंडल, कोडरमा द्वारा मंगलवार को मध्य विद्यालय नेवरीकरमा के प्रांगण में वन महोत्सव सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव और वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार शामिल हुए।

विधायक ने पौधारोपण कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, पेड़ हैं तो हम हैं, प्रकृति है तो जीवन है। उन्होंने जंगलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे हरियाली, स्वच्छ हवा और नियमित वर्षा प्राप्त होती है, जो जीवन के लिए अनिवार्य है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनें।

वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, भाजपा नेता विकास यादव, दिनेश सिंह राठौर, रामाशीष सिंह, नरेंद्र गुप्ता, अभिषेक सिंह, पवन सिंह, रेंजर रामबाबू कुमार, खिरोधर यादव, चौआ यादव, चतुरी यादव, सिक्कू यादव, राजेश यादव, शिक्षक संजय यादव, नेमा यादव, नौशाद आलम, सुबोध कुमार, नकुल यादव, अवध यादव, सीताराम यादव, रुपेश यादव समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला समाहरणालय परिसर में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हुए। उपायुक्त ने सभी की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल मामले के निष्पादन के निर्देश दिए। कई गंभीर मामलों में उपायुक्त ने दूरभाष के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

जनता दरबार के दौरान प्राप्त शिकायतों में पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड में त्रुटि,आवास, पंजी 2 में छेड़छाड़,सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति,भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, नौकरी, मुआवजा एवं चिकित्सा सुविधा से संबंधित मामले प्रमुख रूप से सामने आए। उपायुक्त ने सभी मामलों को संवेदनशीलता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

सदर मासीपीडी निवासी ज्योति कुमार द्वारा खतियानी जमीन को गोतिया द्वारा हड़पने के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त ने सदर सीओ को मामले की जांच करते हुए रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

सदर मटवारी निवासी बसंती कुमारी द्वारा भू माफियाओं के द्वारा बिना किसी हक अधिकारी से अवैध तरीके से सरकारी गैर मजरूआ खास जमीन का अतिक्रमण कर समीपवर्ती रैयतों का रास्ता रोक देने के मामले की जांच करने एवं उक्त सरकारी जमीन को भू माफियाओं से मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया।

इस पर उपायुक्त ने सीओ को रिपोर्ट उपलब्ध कराने के साथ साथ अवैधकर्ताओं के विरुद्ध विधिसम्मत कारवाई करने का निर्देश दिया।

सदर के सिंदूर मुखिया सरोज देवी द्वारा ग्राम नवडीहा थाना कोर्रा के प्राथमिक विद्यालय के साथ साथ ग्रामीणों के आवागमन हेतु रास्ता को दबंगई के बल पर बंद कर दिए गए रास्ते को जल्द खुलवाने का आग्रह किया।

इस पर उपायुक्त ने एसडीओ सदर एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

कटकमसांडी के धोधवा निवासी शेख मुहम्मद खान ने पंजी 2 के छेड़छाड़ की पुष्टि होने के बावजूद आरोपियों पर कारवाई नहीं होने के संबंध में आवेदन दिया।

उपायुक्त ने इस पर अपर समाहर्ता को मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# कांवरिया संघ का जत्था रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ दुर्गा मंदिर से बोल बम के जयकारों के साथ रुद्र सेना कांवरिया संघ श्रद्धालुओं का जत्था देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। जत्था सबसे पहले सुल्तानगंज पहुंचेगी। जहां गंगा स्नान कर जल भरने के पश्चात पदयात्रा प्रारंभ करेगी श्रद्धालु कांवर यात्रा के माध्यम से देवघर पहुंचकर बाबा बैजनाथ जी को जल अर्पित करेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात बासुकीनाथ धाम जाकर भी जलाभिषेक करेंगे। यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने अपने गांव के स्थानीय शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर और काली मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और फिर यात्रा के लिए रवाना हुए। इस धार्मिक यात्रा में सुधीर राणा, विवेक कुमार, ओमप्रकाश , राज कुमार राजू, विवेक सोनी ,विजय कुमार, सतीश शर्मा, दिलीप कुमार, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, सनी कुमार, लक्की कुमार, अरविंद कुमार राणा सहित कई अन्य श्रद्धालु शामिल है।

# हजारीबाग में आरोग्यम अस्पताल पर सदर विधायक ने उठाए गंभीर सवाल

## विधायक ने दी चक्का जाम की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** आरोग्यम अस्पताल को लेकर झारखंड हजारीबाग बीजेपी ने मोर्चा खोल दिया है। सदर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रदीप प्रसाद ने अस्पताल की कार्यप्रणाली एवं उसके संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि आरोग्यम अस्पताल जिला परिषद भवन में अनियमित रूप से संचालित हो रहा है, जो न सिर्फ प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन है बल्कि आमजन के अधिकारों पर भी कुठाराघात है।

विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं करता और जिला परिषद की बिल्डिंग को खाली नहीं कराता, तो वे आमजन के साथ मिलकर चक्का जाम जैसे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इस मुद्दे को लेकर स्थानीय बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं और आम जनता में भी रोष देखा जा रहा है। सभी ने विधायक के सवालों का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन से त्वरित निर्णय की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक भवनों का दुरुपयोग निंदनीय है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।विधायक प्रदीप प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा, आरोग्यम अस्पताल को लेकर जो अनियमितताएं सामने आ रही हैं, वे जनता के हितों के विरुद्ध हैं। यदि जिला प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो हम सड़कों पर उतरेंगे और जनता के हक की लड़ाई लड़ेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे जनविरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे और यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है और क्या आरोग्यम अस्पताल के संचालन पर कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

# आकांक्षा हाट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव आज नगर भवन में नीति आयोग के तहत वोकल फोर लोकल इनीतिटिव के तहत लोकल प्रोडक्ट को चिन्हित कर उनकी ब्रांडिंग करने हेतु साप्ताहिक आकांक्षा हाट कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, माननीय जनप्रतिनिधि समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत साप्ताहिक आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन आप सभी के सफलता को सेलिब्रेट करने के लिए आयोजित किया गया है। आप सभी हेल्थ वर्कर्स/फ्रंट लाइन वर्कस के दूरगामी सोच का ही परिणाम है। सभी के परस्पर सहयोग और बेहतर समन्वय से गिरिडीह जिला को यह मुकाम हासिल हुआ है, हमने नीति आयोग के 04 इंडिकेटर्स (शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आधारभूत संरचना) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उपायुक्त ने सभी हेल्थ वर्कर्स/फ्रंट लाइन वर्कस को चैंपियन ऑफ चेंज कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जितने अधिकारी, कर्मी है, वे सब बधाई के पात्र है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

# महामाया स्टील प्रतिष्ठान का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा बजरंग नगर गांव में महामाया स्टील थोक एवं खुदरा विक्रेता और साउंड, लाइट नामक प्रतिष्ठान का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो व विश्व हिंदू कल्याण फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दुकान के संस्थापक चूरामन साव ने कहा कि उक्त प्रतिष्ठान खुलने से विष्णुगढ़ नवादा, बनासो गांव के लोगों को काफी लाभ होगा। प्रतिष्ठान के संचालन राजेश कुमार साव ने कहा कि उक्त सामान की खरीदारी को लेकर अब यहां के लोगों को दूसरे जगह जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह दुकान एक सेवा भाव खोला गया है। यहां पर लोहा एवं स्टील के जीसी शीट कर्कट, एसएआर शीट चादर,एंगल पट्टी, राउंड पाइप,चैनल स्प्रिंग, स्टार पत्ती,कट पत्ती एवं अन्य मटेरियल उचित मूल्य पर थोक एवं खुदरा दामों पर उपलब्ध है। जिसका लाभ लोग उठा सकते हैं। इस अवसर पर भुनेश्वर पटेल,अजय मंडल,करण यादव, महादेव देहाती,लीलो महतो, मुकुल साव,चूरामन साव,राजेश कुमार साव,रतिलाल साव,हरिशंकर साव, लालजीत कुमार,लक्ष्मण साव, सूरज कुमार,चंदन कुमार,महेश कुमार, रोहित साव उर्फ लल्लू,चंद्र साव, धनेश्वर साव,यूसुफ अंसारी, अजमत अली सहित लोग मौजूद रहे।

# बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति के बैनर तले कांवरिया संघ होंगे पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव, हजारीबाग।** बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति कर्णपुरा क्षेत्र के तत्वावधान में इस वर्ष रजरप्पा से पैदल जल उठाकर बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक करने वाले शिवभक्तों के कांवरिया संघों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी समिति के संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता ने दी। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मां अंबे दुगार्पूजा समिति, बाजारटांड़ गुरुचट्टी (बड़कागांव) में आयोजित होगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संघों को नकद राशि और शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पुरस्कार वितरण समिति का गठन किया गया है।

इसमें जयशंकर मेहता को अध्यक्ष, अरुण रंजन प्रसाद को सचिव तथा ज्ञानी कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संरक्षक मंडली: दामोदर





प्रसाद मेहता, झमन प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, संदीप कुशवाहा, शशि मेहता, जय हिंद महतो, रामधनी महतो जबकि सहयोगी सदस्यः मुखिया रंजीत कुमार, विवेक सोनी, दिनेश प्रसाद, संतोष कुमार, सहेस कुमार, सुभाष सिंह, सरोज कुमार, सुबोध जयसवाल, बीगल किशोर महतो, बंधु महतो, अरविंद कुमार, टुकेश्वर कुमार, शशि कुमार बागे, हुलास प्रसाद दांगी समेत दर्जनों लोग।

समिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना, कांवर यात्रा की परंपरा को सम्मानित करना और युवा वर्ग में भक्ति भाव को प्रोत्साहित करना है।

स्थानीय लोग इस पहल की सराहना कर रहे हैं और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहभागिता की उम्मीद की जा रही है।

# चोरी की घटना का उद्भेदन, चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** पचम्बा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पंचायत सचिवालय, तेलोडीह मे अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसके आलोक में सब्बीर आलम के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर पचम्बा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इस घटना का उद्भेदन करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी पचम्बा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कांड में संलिप्त चोरो का पता लगाकर चोरी गये सामानों की बरामदगी एवं चोरो कि गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिया गया। गठित टीम के द्वारा गुप्तचर एवं तकनीकी सहयोग से छापामारी किया गया तथा एक संदिग्ध असगर अंसारी से पुछताछ किया गया तो इन्होने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान मे पंचायत सचिवालय, तेलोडीह में चोरी करने कि बात को स्वीकार किया है। अंसारी के निशानदेही पर चोरी किये गये सामान को बरामद किया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. : ईएलआईएन/टीआरएस/रेट्रो फिटमेंट/कैब एसी/25-26/02,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, विद्युत लोको शेड, इस्पातनगर, झारखंड-827010** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. **ईएलआईएन-टीआरएस-रेट्रो-एसी-01** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक रेलइंजनों में कैब के थर्मल इन्सुलेशन के प्रावधान के साथ एयर कंडीशनिंग सिस्टम का रेट्रो फिटमेंट। **मात्रा:** निविदा कागजात की सूची के अनुसार। **शेड का नाम/स्थल:** विद्युत लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। **निविदा मूल्य:** रु. 1,23,51,073/-, **बयाना राशि:** रु. 2,11,800/- **अनुबंध की अवधि:** 12 माह। **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात का विवरण ई-निविदा पोर्टल में उपलब्ध है और आईआरईपीएस वेबसाइट का यूआरएल है www.ireps.gov.in (PR-452)

C M Y K

# गोदाम निर्माण के लिए 1 अरब 80 करोड़ के व्यय की योजना मंजूर

## किसानों की आय वृद्धि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा स्थायित्व : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंत्रिमंडल की बैठक में सहकारिता विभाग के प्रस्ताव- वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो लाख उनचास हजार एक सौ मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता के सृजन हेतु दो सौ मीट्रिक टन, पांच सौ मीट्रिक टन एवं एक हजार मीट्रिक टन प्रति इकाई क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए समितियों को 50 प्रतिशत अनुदान तथा 50 प्रतिशत चक्रीय पूंजी के रूप में कुल रूपया एक अरब अस्सी करोड़ उन्नीस लाख सतहत्तर हजार छह सौ अठासी रुपये मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई।



सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारिता विभाग के गोदाम निर्माण के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पैक्सों/व्यापार मंडलों में गोदाम निर्माण योजना सहकारिता विभाग की कृषि हितैषी नीतियों के अनुरूप है और इससे न केवल भण्डारण व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि किसानों की आय वृद्धि, बाजार सशक्तिकरण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी स्थायित्व मिलेगा। राज्य योजना द्वारा पैक्सों/व्यापार मंडलों को गोदाम निर्माण हेतु उपलब्ध करायी गयी चक्रीय पूंजी की वापसी योजना वर्ष के अगले वर्ष से 20 (बीस) अर्द्धवार्षिक समान किस्तों में 10 (दस) वर्षों में की जा सकेगी। उक्त राशि वापसी से बिहार राज्य सहकारी बैंक में एक चक्रीय कोष का सृजन कर संधारण किया जाएगा जिसका उपयोग पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के आधारभूत संरचनाओं के रख-रखाव/मरम्मति हेतु अलग से योजना तैयार कर इस प्रकार की चक्रीय पूंजी समितियों को उपलब्ध कराने हेतु किया जा सकेगा। पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को गोदाम निर्माण हेतु उपलब्ध करायी गई चक्रीय पूंजी का अभिलेख संबंधित जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय में संधारित होगा जिसमें दी गई चक्रीय पूंजी का ब्यौरा, किस्त वापसी की राशि एवं तिथि के साथ-साथ समितियों द्वारा राशि वापसी का भी ब्यौरा होगा। पैक्सों एवं व्यापार मंडलों का चयन विभाग द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया गया है जिसके अन्तर्गत कुल 278 गोदामों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। प्रस्तावित योजना अन्तर्गत चयनित पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा गोदाम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। पैक्स/व्यापार मंडल में कराये जाने वाले निर्माण कार्य का कार्यान्वयन पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा स्वयं किया जायेगा। इस क्रियान्वयन/ तकनीकी पर्यवेक्षण जिला पदाधिकारी के द्वारा प्राधिकृत अभियंता के द्वारा किया जायेगा। परियोजना का मॉडल नक्शा तथा प्राक्कलन बिहार राज्य भंडार निगम से तैयार कराते हुए भवन निर्माण विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त की गई है जो लाभान्वित समितियों तथा संबंधित जिला के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया जायेगा परन्तु स्थानीय मानकों के आलोक में संबंधित जिला पदाधिकारी के द्वारा अधिकृत अभियंता के स्तर पर प्रति इकाई लागत की अधिसीमा अन्तर्गत संरचनात्मक डिजाइन तथा प्राक्कलन जिला पदाधिकारी के अनुमोदन से संशोधन किया जा सकेगा।

# पीपीयू के कुलपति शिक्षा मंत्री से मिले



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह मंगलवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से कार्यलय में मिले। कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय की एकेडमिक गतिविधियों से शिक्षा मंत्री को अवगत कराया। बताया कि विवि का एकेडमिक कैलेंडर पटरी पर है। यूजी और पीजी में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही शिक्षा मंत्री को नए निर्माणधीन कैंपस की भी जानकारी दी। शिक्षामंत्री ने भी विश्वविद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही विश्वविद्यालय में शोध के दिशा में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिये।

# 10 वां आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना स्मृति समारोह संपन्न

## ममता मेहरोत्रा की पुस्तक भारत एक खोज का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सौजन्य से सामयिक परिवेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय साहित्य संगीत एवं नाट्य समागम 10 वां आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना स्मृति समारोह कविगोष्ठी एवं नाटक अवलोकन के मंचन के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर ममता मेहरोत्रा सम्पादित पुस्तक भारत एक खोज का विमोचन हुआ। ममता मेहरोत्रा की इस कहानी अवलोकन का नाट्य रूपांतरण मणिकांत चौधरी किया। रंग गुरूकुल के कलाकारों ने राजवीर गुंजन ने निर्देशन में इसे मंचित किया। प्रथम सत्र में लिट्रा पब्लिक स्कूल, पाटलीपुत्रा के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र में काव्य पाठ का




आयोजन हुआ। संध्या सत्र में ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल साइंस कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए और नाटक अवलोकन का मंचन हुआ। मंच पर रंगोली पांडे, मणिकांत चौधरी, रेणु जी, विष्णु देव कुमार, राहुल पाठक, सौरभ सिंह, अनामिका, गौतम निराला एवं मनोज मयंक ने अभिनय किया। कवि सम्मेलन का उद्घाटन ममता मेहरोत्रा, भगवती प्रसाद द्विवेदी, प्रेम किरण, ईश्वर चंद्र जायसवाल उत्तर प्रदेश, डॉ.कुमार विरल, डॉ. देव द्रव अकेला रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कवयित्री सविता राज ने किया। उद्घाटन के बाद कवि सम्मेलन का आरंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मीना कुमारी परिहार के गणेश वंदना से किया गया।

# ब्रजमोहन अग्रवाल, सदस्य कर्षण, रेलवे बोर्ड ने महाप्रबंधक के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** ब्रजमोहन अग्रवाल, सदस्य कर्षण एवं रोलिंग स्टाक, रेलवे बोर्ड एक दिवसीय दौरे पर पूर्व मध्य रेल पहुंचे। उन्होंने मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक मुख्यतः पूर्व मध्य रेल में चल रही वर्क्सशॉप से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत रोलिंग स्टाक के अनुरक्षण के लिए क्रय किये जाने वाले सामानों पर केन्द्रित थी। ब्रजमोहन अग्रवाल, सदस्य कर्षण एवं रोलिंग स्टाक, रेलवे बोर्ड ने समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पाटलीपुत्र कोचिंग काम्पलेक्स का नवनिर्माण, जीवधारा स्टेशन स्थित रेक/कोच अनुरक्षण सुविधा के विकास इत्यादि कार्यों एवं विभिन्न परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्य कारखाना इंजीनियर ओंकार सिंह के द्वारा चल रहे विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत रोलिग स्टाक के अनुरक्षण के लिए की जाने वाली खरीद सामग्रियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# एक छत के नीचे मिलेगा गरीबों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इलाज : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने पटना जिलान्तर्गत बिक्रम में रु. 9.64 करोड़ की लागत से ट्रॉमा सेंटर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। राज्य के आमजन को सुलभ, सशक्त और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार सरकार निरंतर व्यापक प्रयास कर रही है। पटना जिले के बिक्रम क्षेत्र में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की जा रही है जिससे स्थानीय जनता को समय पर और प्रभावी आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके। श्री पांडेय



ने कहा कि यह ट्रॉमा सेंटर आईपीएचएस मानकों के अनुरूप 9695 वर्गफीट क्षेत्रफल (जी प्लस 2) भवन में निर्मित किया जाएगा। इसकी संरचना नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुसार फायर फाइटिंग व फायर अलार्म सिस्टम सहित तैयार की जा रही है। इस अत्याधुनिक भवन में 15 शैय्या का जनरल वार्ड, 10 शैय्या का आई.सी.यू. वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, मेडिकल गैस पाइपलाइन प्रणाली के साथ अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ट्रॉमा सेंटर के निर्माण से न केवल आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को त्वरित इलाज मिल सकेगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी व्यापक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। श्री पांडेय ने कहा कि इसके अतिरिक्त वर्तमान में पटना जिले के विक्रम विधानसभा क्षेत्र में 2.80 करोड़ की लागत से कई योजनाएं पूर्ण की गई हैं जिसमें 1.30 करोड़ की लागत से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अजवां, 75 लाख की लागत से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, गोनवां और 75 लाख की लागत से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर केन्द्र, लई बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही 7.69 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिक्रम और 27.87 लाख की लागत से हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, पतुत बनाने का कार्य प्रगति पर है जिसे ससमय पूरा किया जाएगा।

# वोटबंदी और एसआईआर की आड़ में वंचितों की अंगुली काटने की साजिश : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महाभारत के आदि पर्व में एक कथा का वर्णन मिलता है- द्रोणाचार्य और निषाद्पुत्र एकलव्य की कथा जहां स्वयं अभ्यास से कुशल धनुर्धर बने एकलव्य का अंगूठा गुरु दक्षिणा की आड़ में मांग लिया जाता है। आज भाजपा और जदयू गठबंधन के निशाने पर बिहार के दलित-पिछड़ा समाज से आने वाले तमाम एकलव्य हैं, एसआईआर की आड़ में जिनकी अंगुली काटकर भाजपा-जदयू सत्ता पर कब्जा जमाना चाहते हैं। यह



वोटबंदी रुपी एसआईआर न केवल बिहार के अस्तित्व पर सवालिया निशान है बल्कि दलितों-पिछड़ों के अधिकारों की छीनने की भयावह साजिश है। मगर इनके मंसूबों को महागठबंधन कामयाब नहीं होने देगा। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग के मुताबिक 52 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की बात सामने आ रही है जबकि अभी साल भर पहले इन्हीं लोगों ने लोकसभा के सांसद चुनकर भेजे हैं और अगर ये फर्जी हैं तो फिर भाजपा-जदयू के सांसद भी फर्जी हैं, उन सांसदों से बनी एनडीए की केंद्र सरकार भी फर्जी है। ऐसे में एनडीए के सांसदों से इस्तीफा दिलवाकर विधानसभा के साथ उपचुनाव करवाए जाएं, लेकिन भाजपा सरकार ऐसा करेगी नहीं। फिर आखिर पूरे देश में बिहारियों से ही नागरिकता साबित करने के लिए क्यों कहा जा रहा है? प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों को सबसे पहले अपने गृह राज्य से इसकी शुरुआत करनी चाहिए। मगर, बिहार और बिहारियों का अपमान भाजपा की फितरत बन चुकी है। जदयू इसमें बराबर की भागीदार है और चुनाव आयोग को हथियार बनाया गया है। एसआईआर के जरिए सरकार और चुनाव आयोग दोनों मिलीभगत करके बिहार के वोटों की चोरी तो कर ही रहे हैं, बल्कि इसकी आड़ में बिहार के दलितों-पिछड़ों के अधिकार छीनने की बड़ी साजिश की तैयारी हो रही है। आजादी के बाद से ही आवास से लेकर राशन और शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य की कई जन-कल्याणकारी योजनाएं समय-समय पर सरकारों द्वारा चलाई गई है। इन योजनाओं का लाभ भारत के नागरिकों को मिलता है, लेकिन एसआईआर के जरिए जब बिहार के दलित-पिछड़ों का नाम वोटर लिस्ट से ही काटा जा रहा है तो उनको इन योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा? वोटर लिस्ट से नाम कटने के बाद न उनको पीएम आवास का लाभ मिलेगा और न ही फ्री राशन जैसी योजनाओं का।

# आसनसोल और गोरखपुर के मध्य श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला में श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु झाझा-पटना-पाटलिपुत्र- छपरा के रास्ते आसनसोल और गोरखपुर के मध्य गाड़ी सं. 03527/03528 आसनसोल- गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल आसनसोल से 10 अगस्त, 2025 तक प्रतिदिन तथा गोरखपुर से 11 अगस्त, 2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03527 आसनसोल-गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल प्रतिदिन आसनसोल से 21.00 बजे प्रस्थान कर 21.28 बजे चित्तरंजन, 22.23 बजे मधुपुर, 23.00 बजे जसीडीह, अगले दिन 00.25 बजे झाझा, 00.48 बजे जमुई, 01.11 बजे किऊल, 01.18 बजे लखीसराय, 01.28 बजे मनकट्ठा, 01.36 बजे डुमरी हाल्ट, 01.44 बजे बड़हिया, 01.58 बजे हाथीदह, 02.10 बजे मोकामा, 02.33 बजे बाढ़, 02.45 बजे अथमलगोला, 03.00 बजे बख्तियारपुर, 03.17 बजे खुसरुपुर, 03.29 बजे फतुहा, 03.43 बजे पटना साहिब, 03.55 बजे राजेन्द्रनगर, 04.10 बजे पटना, 04.40 बजे पाटलिपुत्र, 05.20 बजे परमानंदपुर, 05.37 बजे दिघवारा, 05.49 बजे बड़ा गोपाल, 06.55 बजे छपरा, 08.00 सीवान बजे तथा 09.10 बजे देवरिया सदर रुकते हुए 10.45 बजे गोरखपुर पहुंचती है।

# एक सितंबर से मुजफ्फरपुर -समस्तीपुर जंक्शन रेलखंड सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने पूर्व मध्य रेल के मुजफ्फरपुर जंक्शन-समस्तीपुर जंक्शन रेलखंड को सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है जो 01 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा। इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके फलस्वरूप मुजफ्फरपुर, नारायणपुर अनंत, सिलौत, सिहो, ढोली, दुबहा, विष्णुपुर बथुआ हाल्ट, खुदीराम बोस पूसा एवं कर्पूरी ग्राम स्टेशन सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित हो जाएंगे। मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेलखंड पर सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों के बीच नई क्षेत्राधिकार सीमा मुजफ्फरपुर- रामदयालु नगर स्टेशनों के बीच किलोमीटर 50.000 पर होगी। सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों के बीच मुजफ्फरपुर-कपरपुरा स्टेशनों पर किलोमीटर 92.800 पर, मुजफ्फरपुर-जुब्बा सहनी स्टेशनों पर किलोमीटर 0.744 पर और समस्तीपुर-कर्पूरी ग्राम स्टेशनों पर किलोमीटर 36.820 पर मौजूदा क्षेत्राधिकार सीमाएं समाप्त समझी जाएंगी क्योंकि ये

# रोटरी क्लब ऑफ अद्विता ने किया 'वुमन एंड चाइल्ड केयर' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ अद्विता द्वारा आज कंकड़बाग, पीसी कॉलोनी में 'वुमन एंड चाइल्ड केयर' विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को मातृत्व के दौरान स्वयं की देखभाल तथा बच्चों के संपूर्ण विकास के विषय में जागरूक करना था। इस अवसर पर डॉ निमिषा अग्रवाल ने विशेष वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने गर्भधारण के बाद महिलाओं को किस प्रकार से अपनी शारीरिक, मानसिक एवं पोषण संबंधी जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए, इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नवजात शिशुओं की



समुचित देखभाल, स्तनपान के लाभ, टीकाकरण एवं माता-पिता की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं व माता-पिता उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत समस्याओं और चिंताओं को संवाद के माध्यम से रखा जिनका विशेषज्ञों ने समाधान भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ अद्विता की अध्यक्ष बबिता बिदासरिया के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की नींव होती है। इस प्रकार के संवाद और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए हम महिलाओं को सशक्त और जागरूक बना सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी पुस्तिका भी वितरित की गई। साथ ही क्लब ने भविष्य में भी नियमित रूप से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में काफी अधिक संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। एम पी जैन ने बताया कि इस मौके पर प्रेसिडेंट बबीता बिदसारिया सेक्रेटरी नीतू बीड़ला,

# टीसीआई ने पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में मजबूत वृद्धि की घोषणा की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की अग्रणी एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन समाधान प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। टीसीआई ने 11,506 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 10,560 मिलियन की तुलना में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय 1,520 मिलियन रही जो एफवाई 2024 के 1,358 मिलियन की तुलना में 11.9 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का शुद्ध लाभ 1,072 मिलियन रहा जो पिछले वर्ष के 916 मिलियन की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि है। टीसीआई के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के परिणामों पर कहा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में हमने सशक्त प्रगति दर्ज की है जो हमारे मल्टीमॉडल, वेयरहाउसिंग, थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) और कोल्ड चेन सेवाओं में निरंतर वृद्धि से फलीभूत हुई है। मिश्रित क्षेत्रीय एवं बदलते वृहद आर्थिक परिदृश्य के बावजूद हमारी एकीकृत सेवाएं और ग्राहक-केंद्रित

# इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा अंग दान पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा अंग दान जैसे महान कार्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पटना के प्रतिष्ठित ए. एन. कॉलेज में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण संगठन के सहयोग से किया गया।



इस संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को अंग दान के महत्व के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे भविष्य में इस पुण्य कार्य के प्रवर्तक बन सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अंग दान की प्रक्रिया, इससे जुड़ी भ्रांतियों, कानूनी प्रावधानों तथा इसकी सामाजिक व मानवीय आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि एक अंगदाता आठ लोगों को नया जीवन दे सकता है और यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा में से एक है। इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की अध्यक्ष शीतु गांधी ने कहा हमारे समाज में अंग दान को लेकर अभी भी जागरूकता की भारी कमी है। युवाओं को प्रेरित कर हम आने वाले समय में इस दिशा में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आईजीआईएमएस के डॉ मनीष मंडल ने सरकारी प्रक्रिया, अंग दान का पंजीकरण एवं ब्रेन डेड डोनर की भूमिका को समझाया। कई प्रतिभागियों ने मौके पर ही अंग दान संकल्प पत्र भरकर इस अभियान को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष पी पी कश्यप एवं अन्य ने किया। कार्यक्रम का समापन रेखा सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र और ए. एन. कॉलेज प्रशासन ने इस संयुक्त पहल को एक सफल शुरुआत बताया और भविष्य में निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

# नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत खेती को मिलेगा पर्यावरण संरक्षण का आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नमामि गंगे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेभीवाई) के तृतीय वर्ष (वित्तीय वर्ष 2025-26) के लिए कुल तेइस करोड़ छप्पन लाख बीस हजार रूपये की राशि की स्वीकृति दी गई है। इसमें 1413.72 लाख रूपये केंद्रांश और 942.48 लाख रूपये राज्यांश शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना का कार्यान्वयन 12 जिलों यथा बेगूसराय, पटना, समस्तीपुर, बक्सर, सारण, कटिहार, भोजपुर, भागलपुर, खगड़िया, मुंगेर, वैशाली और लखीसराय की गंगा किनारे स्थित पंचायतों में किया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में स्वीकृत 700 समूहों के अंतर्गत 14,000 हेक्टेयर भूमि पर कार्य प्रारंभ किया गया था। वर्ष 2025-26 में उन्हीं किसानों के माध्यम से योजना का तृतीय चरण क्रियान्वित होगा जिन्होंने पहले व दूसरे वर्ष कार्य किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति हेक्टेयर 16,500 रूपये की दर से जैविक उपादान और अन्य घटकों पर व्यय किया जाएगा जो किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान किया जाएगा। सेवा प्रदाता को 2,500 रूपये प्रति हेक्टेयर की राशि जिला कृषि पदाधिकारी की अनुशंसा एवं संयुक्त निदेशक (रसायन), कम्पोस्ट एवं बायोगैस, पटना की सहमति के उपरांत दी जाएगी।

## विश्वकर्मा समाज के अधिकारों की आवाज बुलंद करेगी महारैली

# गांधी मैदान में आज जुटेगा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के बैनर तले 30 जुलाई को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाली 'विश्वकर्मा राजनीतिक अधिकार महारैली' को लेकर समाज में व्यापक उत्साह है। इस आयोजन में देशभर से विश्वकर्मा समाज के लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह रैली समाज की लंबे समय से उपेक्षित राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक सम्मान और नीति-निर्माण में प्रभावी उपस्थिति की मांग को लेकर आयोजित की जा रही है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बीतने के बाद भी विश्वकर्मा



समाज को वह सम्मान, अवसर और पहचान नहीं मिल पाई है जिसके वह हकदार हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब समाज को अपनी राजनीतिक शक्ति का अहसास कराना होगा। ताकि सरकारी नीतियों और योजनाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रैली में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं। साथ ही मुकुल आनंद ने कहा कि यह रैली समाज के राजनीतिक अधिकारों के लिए एक निर्णायक जंग का ऐलान है। पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू ने भी प्रेस कांफ्रेंस में समाज के लोगों से अपील की कि वे 30 जुलाई को गांधी मैदान पहुंच कर इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाएं।

## संपादकीय

# एक और भगदड़

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में एक अफवाह ने कई जानें ले लीं। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। पिछले एक साल पर नजर दौड़ाएं तो इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। वहां आयोजक भीड़ को नहीं संभाल पाए। इस साल जनवरी की शुरुआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। भगदड़ मची तो 6 लोगों की जान चली गई। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ। धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। अनुमान से ज्यादा लोग जब एक जगह जुट जाते हैं, तब हल्की-सी भी चूक जानलेवा बन सकती है। इन सारे मामलों में यही वजह रही - कोई अफवाह, भीड़ का अनियंत्रित हो जाना और निकलने की जगह न मिलना। किसी भी बड़े आयोजन का सबसे अहम हिस्सा है क्राउड मैनेजमेंट। जरूरी नहीं है कि भीड़ के बारे में लगाया गया अनुमान हमेशा सही साबित हो। ऐसे में रियल टाइम मॉनिटरिंग अहम हो जाती है, जिससे स्थिति के हिसाब से तुरंत निर्णय लिया जा सके। इस तरह की कोई दुर्घटना होने की सूरत में बचाव की योजना पहले से तैयार रहनी चाहिए। लेकिन, देखा गया है कि ज्यादातर मौकों पर पहले से की गई प्लानिंग बेकार हो गई, क्योंकि इंतजाम नाकाफी थे। तमाम धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिसलन भरे रास्ते, संकरी जगह, आने-जाने का एक ही मार्ग जैसी बातें लगभग हर जगह देखने को मिल जाएंगी। ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ। बेंगलुरु में आरसीबी के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आई है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ऐसे कानून की हर जगह जरूरत है। साथ ही, ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए आयोजकों, पुलिस-प्रशासन और जनता को समन्वय में काम करना होगा। बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता की जरूरत है, जिससे लोगों को बताया जा सके कि भीड़ के बीच उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है।

**जगदीप धनखड़ 2019 से 2022 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। इस दौरान उनका हमेशा सीएम ममता बनर्जी से टकराव बना रहा। धनखड़ ने कई बार सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार की आलोचना की। धनखड़ ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और शासन की विफलता के आरोप लगाए। कार्यकाल समाप्ति से दो साल पहले उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ का कार्यकाल सर्वाधिक विवादों से भरा रहा है। देश में इतने विवाद उपराष्ट्रपति और राज्यपाल पद पर रहते हुए किसी के साथ नहीं जुड़े, जितने धनखड़ के नाम दर्ज हैं। इस पद पर रहते हुए धनखड़ पर कई तरीके के आरोप लगे। उपराष्ट्रपति पद से पहले पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहते हुए भी धनखड़ विवादों से घिरे रहे। केंद्र की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने वाले धनखड़ को ईनाम के तौर पर उपराष्ट्रपति पद से नवाजा था। इसके बावजूद कि धनखड़ का न तो भारतीय जनता पार्टी और न ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कभी गहरा सरोकार रहा।**

# सर्वाधिक विवादास्पद राज्यपाल और उपराष्ट्रपति रहे हैं धनखड़

**(योगेंद्र योगी)**




जगदीप धनखड़ 2019 से 2022 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। इस दौरान उनका हमेशा सीएम ममता बनर्जी से टकराव बना रहा। धनखड़ ने कई बार सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार की आलोचना की। धनखड़ ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और शासन की विफलता के आरोप लगाए। उनके इस रुख को विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण माना, क्योंकि एक संवैधानिक पद पर रहते हुए उनकी टिप्पणियां सरकार के खिलाफ थीं। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में धनखड़ का विपक्षी दलों के साथ रिश्ता हमेशा तनावपूर्ण रहा। विपक्ष ने उन पर पक्षपात और सरकार के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। राज्यसभा अध्यक्ष के रूप में धनखड़ पर पक्षपात के आरोप लगे।

विपक्षी इंडिया गठबंधन ने आरोप लगाया कि धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही में पक्षपात किया और भाजपा सदस्यों को प्राथमिकता दी जबकि विपक्ष की आवाज को दबाया। विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कदम करार दिया था। देश में ऐसा पहली बार हुआ जब विपक्षी दलों ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। हालांकि इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी। विपक्षी दलों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और वाम दलों के 60 से ज्यादा सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 67(ब) के तहत धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव में उन्हें सरकार का प्रवक्ता कहा गया और निष्पक्षता की गंभीर कमी बताई गई।

जनवरी 2023 में धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट की मूल संरचना सिद्धांत के पुनरावृत्ति के संदर्भ में बयान दिया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा था कि संसद के बनाए कानूनों को अगर अदालत रोक देती है तो यह लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। विपक्ष ने उपराष्ट्रपति के बयान पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। विपक्ष ने इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप बताया। जस्टिस वर्मा के घर पर कैश बरामदगी मामले में धनखड़ के बयान के बाद भी राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को लेकर बहस छिड़ गई थी धनखड़ ने कहा था कि यदि सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द नहीं किया होता तो बात कुछ अलग होती। गौरतलब है कि एनजेएसी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर किया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर 2020 दिसंबर में भी धनखड़ ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश संसद की संप्रभुता से समझौता है और जनादेश का अपमान है। मार्च 2023 में धनखड़ ने शैक्षणिक संस्थानों और छात्र राजनीति पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा था कि कुछ विश्वविद्यालय देश विरोधी विचारधाराओं की शरणस्थली बन चुके हैं। उपराष्ट्रपति के इस बयान को जेएनयू और कुछ अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की ओर इशारा माना गया। विपक्षी दल, जैसे सीपीआई और सीपीएम ने उपराष्ट्रपति के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति की यह भाषा संघी एजेंडे की झलक देती है। छात्र संगठनों ने धनखड़ से बयान वापस लेने की मांग की थी। किसान आंदोलन के दौरान जगदीप धनखड़ ने किसानों की आलोचना की। उन्होंने कहा था कि किसान आंदोलन के नाम पर सड़कों पर बैठ कर राष्ट्र को बदनाम कर रहे है, वे किसान नहीं है। धनखड़ की इस टिप्पणी पर किसान संगठनों और खाप संगठनों ने आपत्ति जताई। अक्टूबर 2024 में उन्होंने सीबीआई और ईडी के समर्थन में बयान दिया था। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था कि, सीबीआई और ईडी पर सवाल उठाना भारत के न्यायिक तंत्र को कमजोर करता है। उनके इस बयान को विपक्षी दलों ने जांच एजेंसियों की मनमानी कार्रवाई का समर्थन के तौर पर माना।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव 27 मार्च 2025 को लाया गया। इस विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव को धनखड़ ने खारिज कर दिया। अमित शाह ने आरोप लगाया था कि यूपीए शासनकाल में पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) पर सोनिया गांधी का नियंत्रण था। धनखड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए इसे सत्यापित बयान बताया। अगस्त 2024 में महिला गरिमा पर बहस के दौरान राज्यसभा में समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने धनखड़ की बोलने की शैली और हाव-भाव पर आपत्ति जताई। बच्चन ने कहा कि उनकी टोन अनुचित है। इसके जवाब में धनखड़ ने कहा कि आप सेलिब्रिटी हो सकते हैं लेकिन सदन की मर्यादा समझिए।

दिसंबर 2023 में उपराष्ट्रपति धनखड़ पर अधिवेशन में विपक्षी सांसदों को रोकने का आरोप लगा था। विपक्षी दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि संसद के शीत सत्र में विपक्षी सांसदों के साथ पक्षपात किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा था कि यह उपराष्ट्रपति नहीं, भाजपा प्रवक्ता की तरह बर्ताव कर रहे हैं। सभापति धनखड़ संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही का संचालन करते हुए लोकतंत्र को खतरा वाला बयान दिया। जिसे लेकर जमकर विवाद हुआ। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग लोकतंत्र को खत्म करने में लगे हैं और उन्हें संसद में नहीं देशद्रोहियों के कटघरे में होना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ का यह बयान इशारे के तौर पर विपक्ष की संसद में बहिष्कार रणनीति के संदर्भ में दिया गया। कई विपक्षी नेताओं ने असहमति जताते हुए कहा था कि यह लोकतंत्र में असहमति को दबाने की कोशिश है। धनखड़ अपने कार्यकाल के दौरान संवैधानिक संस्थानों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर अपनी टिप्पणियों के लिए भी चर्चा में रहे। उन्होंने आरएसएस को वैश्विक थिंक टैंक और राष्ट्र निर्माण में निर्विवाद भूमिका वाला संगठन बताया, जिसे विपक्ष ने भाजपा के प्रति उनकी निष्ठा के रूप में बताया। राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा चुनाव के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के बार-बार राजस्थान दौरे को लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा था कि शेखावत साहब भी उपराष्ट्रपति बने थे। लेकिन उन्होंने कहा था कि राजस्थान मेरा घर है। यहां कोई प्रोटोकॉल नहीं होगा। जबकि उपराष्ट्रपति धनखड़ पूरे प्रोटोकॉल के तहत राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं।

गहलोत ने उपराष्ट्रपति धनखड़ पर तंज कसते हुए कहा था कि आप उपराष्ट्रपति हैं। आपका स्वागत है। लेकिन इस तरीके से बार-बार राजस्थान में अपना दौरा करेंगे तो, जनता तो सब समझती है। इस दौरे को करने की क्या तुक हैं। जनता समझती है। राजस्थान में चुनाव है, इसलिए उपराष्ट्रपति भी सक्रिय हैं। संविधान में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदों के लिए विशेष प्रावधान और सम्मान है। सवाल यह है कि इन प्रावधानों और सम्मान के विपरीत पदों को विवादित बनाने से इन पदों की गरिमा कैसे बनी रहेगी, यह इन पदों पर आसीन लोगों के विचारणीय प्रश्न है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम को लेकर भाजपा और द्रमुक में क्यों हो रही है खींचतान?

**(नीरज कुमार दुबे)**

सबसे पहले रामेश्वरम की बात करें तो आपको बता दें कि यह स्थल रामायण और श्रीराम से जुड़ा है जोकि धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री का वहां जाना दक्षिण भारत में हिंदू आस्था के प्रमुख केंद्रों को सशक्त करने का प्रयास माना गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्राओं में एक स्पष्ट रणनीतिक और सांस्कृतिक संदेश छिपा हुआ होता है। ऐसा ही संदेश प्रधानमंत्री की तमिलनाडु यात्रा में भी छिपा है। हम आपको याद दिला दें कि इस साल अप्रैल में श्रीलंका से लौटते समय प्रधानमंत्री सीधे रामेश्वरम पहुँचे थे और अब मालदीव से लौटते समय सीधे तमिलनाडु के तूतीकोरिन और त्रिची आ रहे हैं, जहाँ वह चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम की जयंती उत्सव और आदि तिरुवाथिरै महोत्सव में भाग लेंगे। यह यात्रा केवल धार्मिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थिति भर नहीं है, बल्कि तमिलनाडु और दक्षिण भारत की राजनीति में एक बड़ा संकेत है।

सबसे पहले रामेश्वरम की बात करें तो आपको बता दें कि यह स्थल रामायण और श्रीराम से जुड़ा है जोकि धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री का वहां जाना दक्षिण भारत में हिंदू आस्था के प्रमुख केंद्रों को सशक्त करने का प्रयास माना गया। वहीं त्रिची में चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम की जयंती उत्सव में प्रधानमंत्री की उपस्थिति तमिल गौरव और चोल इतिहास को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने का संदेश देती है। यह दिखाता है कि केंद्र सरकार तमिल संस्कृति और इतिहास को भारतीय सभ्यता के अभिन्न अंग के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्राएँ यह संदेश देती हैं कि तमिलनाडु का इतिहास और संस्कृति राष्ट्रीय गौरव का हिस्सा है, न कि उससे अलग। चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम जैसे ऐतिहासिक नायकों को राष्ट्रीय विमर्श में लाना, छ्रब्य के तमिल गौरव के नैरेटिव को चुनौती देने की कोशिश भी है। इसके अलावा, त्रिची यात्रा के साथ-साथ प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तूतीकोरिन में ?4,800 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी कर रहे हैं। इससे यह संदेश जाता है कि सांस्कृतिक गौरव और आर्थिक प्रगति एक-दूसरे के पूरक हैं। भाजपा इस संतुलन को दिखाकर तमिलनाडु की जनता को यह विश्वास दिलाना चाहती है कि केंद्र सरकार क्षेत्रीय विकास और सांस्कृतिक सम्मान दोनों पर ध्यान दे रही है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री गंगैकोंडाचोलपुरम में सम्राट राजेन्द्र चोल प्रथम की जयंती मनाने और आदि तिरुवाथिरै महोत्सव में शामिल होने के साथ ही राजेन्द्र चोल प्रथम पर एक स्मारक सिक्का जारी करेंगे। यह समारोह चोल साम्राज्य की समुद्री विजय के 1000 वर्ष पूरे होने और गंगैकोंडाचोलपुरम मंदिर के निर्माण की स्मृति में आयोजित हो रहा है।

जहां तक यह सवाल है कि क्यों डीएमके और भाजपा चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम को लेकर आमने-सामने हैं तो आपको बता दें कि भारतीय राजनीति में इतिहास और प्रतीकों का इस्तेमाल नया नहीं है। लेकिन यहां असली सवाल यह है कि आखिर एक हज़ार वर्ष पूर्व के इस महान चोल सम्राट के नाम और योगदान को लेकर इतनी खींचतान क्यों? सवाल यह भी है कि इसके राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मायने क्या हैं?हम आपको बता दें कि राजेन्द्र प्रथम चोल साम्राज्य के सबसे शक्तिशाली शासकों में गिने जाते हैं। राजेन्द्र प्रथम (1014-1044 ई.) को दक्षिण भारत का सबसे महान समुद्री विजेता माना जाता है। उन्होंने श्रीलंका, मालदीव, बर्मा (म्यांमार), थाईलैंड और कंबोडिया तक अपना प्रभाव बढ़ाया। गंगा जल लेकर चोल राजधानी में अभिषेक करने वाली उनकी उपलब्धि उन्हें गंगैकोंडा चोल की उपाधि दिलाती है। उनके शासनकाल में प्रशासनिक, सांस्कृतिक और समुद्री व्यापारिक नेटवर्क का जबरदस्त विस्तार हुआ। इसके अलावा, राजेन्द्र प्रथम केवल सैन्य शक्ति का प्रतीक नहीं थे, बल्कि सांस्कृतिक और स्थापत्य कला के भी बड़े संरक्षक थे। तंजावुर और गंगैकोंडाचोलपुरम के भव्य मंदिर उनकी धार्मिक सहिष्णुता और स्थापत्य कौशल को दर्शाते हैं। गंगैकोंडाचोलपुरम मंदिर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है और तमिल शैव भक्ति परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है।

देखा जाये तो डीएमके के लिए राजेन्द्र प्रथम तमिल गौरव और द्रविड़ संस्कृति के प्रतीक हैं। पार्टी लंबे समय से यह तर्क देती रही है कि तमिल सभ्यता का इतिहास बेहद समृद्ध है और इसे उत्तर भारत केंद्रित ऐतिहासिक आख्यानों में दबा दिया गया। छ्रब्य चाहती है कि तमिल लोगों को यह एहसास हो कि उनके पूर्वजों ने समुद्र पार साम्राज्य खड़ा किया था। इसके अलावा छ्रब्य इस विषय को ब्राह्मणवादी इतिहास लेखन के प्रतिरोध के रूप में भी प्रस्तुत करती है। द्रविड़ आंदोलन के सामाजिक न्याय और जातिगत असमानताओं को चुनौती देने के एजेंडे के साथ, राजेन्द्र प्रथम का तमिल गौरव पार्टी के राजनीतिक विमर्श में मजबूती से फिट बैठता है।

दूसरी ओर, भाजपा की रणनीति थोड़ी अलग है। पार्टी राजेन्द्र प्रथम को 'हिंदू साम्राज्यवादी शक्ति' के रूप में प्रस्तुत कर रही है, जिसने विदेशी ताकतों को परास्त कर भारत की सीमाओं के बाहर भी हिंदू प्रभाव फैलाया। यह नैरेटिव बीजेपी की व्यापक 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की सोच से जुड़ता है। इसके अलावा भाजपा तमिलनाडु में अपनी जड़ें मजबूत करना चाहती है, जहां अब तक उसकी उपस्थिति सीमित रही है। डीएमके के तमिल गौरव को चुनौती देने के लिए बीजेपी ऐतिहासिक नायकों को हिंदुत्व के चश्मे से प्रस्तुत कर रही है। इससे उसे तमिलनाडु में सांस्कृतिक जुड़ाव बनाने का अवसर मिलता है।दोनों दलों की खींचतान के निहितार्थ पर गौर करें तो डीएमके तमिल पहचान और द्रविड़ गौरव पर जोर देती है, जबकि भाजपा हिंदू पहचान और राष्ट्रीय गौरव पर। इसके अलावा, यह लड़ाई केवल अतीत की स्मृतियों की नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए इतिहास को परिभाषित करने की भी है। यह भी देखने में आ रहा है कि भाजपा दक्षिण भारत में पैर जमाने के लिए क्षेत्रीय प्रतीकों को अपनाने की रणनीति पर काम कर रही है, जबकि डीएमके इस क्षेत्रीय अस्मिता को बचाने की कोशिश में है।

चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम की विरासत पर चल रही यह खींचतान बताती है कि इतिहास केवल अतीत का विषय नहीं है, बल्कि वर्तमान की राजनीति का हथियार भी बनता है। डीएमके और भाजपा दोनों ही राजेन्द्र प्रथम को अपने-अपने वैचारिक ढांचे में फिट करने की कोशिश कर रहे हैं। यह संघर्ष आने वाले समय में तमिलनाडु की राजनीति को और अधिक वैचारिक और सांस्कृतिक बहसों से भर देगा।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तूतीकोरिन से गंगैकोंडाचोलपुरम तक का यह दौरा विकास और सांस्कृतिक प्रतीकवाद का एक संतुलित उदाहरण है।

# प्रकृति पुकार रही है: अब संरक्षण नहीं, सहभागिता चाहिए

**वर्तमान युग में औद्योगीकरण, अंधाधुंध शहरीकरण, वनों की कटाई, जल और वायु प्रदूषण, प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग और जलवायु परिवर्तन ने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ दिया है। हर साल लाखों एकड़ वन समाप्त हो जाते हैं, सैकड़ों प्रजातियां विलुप्त हो जाती हैं और प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ रही हैं। हर वर्ष 28 जुलाई को मनाया जाने वाला विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हमें प्रकृति, पर्यावरण एवं सृष्टि के संतुलन एवं संरक्षण के लिये प्रेरित करता है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को उजागर करते हुए यह दिन हमें प्रकृति के साथ अपने संबंधों पर विचार करने और एक स्थायी भविष्य की दिशा में कदम उठाने का आग्रह करता है।**

**(ललित गर्ग)**

यह इस बात को मान्यता देता है कि एक स्वस्थ एवं संतुलित समाज की नींव ही एक स्वस्थ पर्यावरण है। हम प्रकृति के केवल उपयोगकर्ता नहीं, बल्कि उसके संरक्षक भी हैं। इस दिवस की वर्ष 2025 की थीम-प्रकृति के साथ सामंजस्य पुनर्स्थापित करें, पुनर्जीवित करें, पुनःकल्पना करें' है जो न केवल हमारे पर्यावरणीय कर्तव्यों को रेखांकित करती है, बल्कि यह एक गंभीर चेतावनी भी है कि यदि हम अब भी नहीं जागे, तो प्रकृति हमें अपने ढंग से जगाएगी और तब यह जागरण महंगा पड़ सकता है। थीम के अनुरूप 'पुनर्स्थापित' करना यानी प्रकृति को उसकी मूल अवस्था में लाना, 'पुनर्जीवित' यानी मृत या निष्क्रिय हो चुकी प्राकृतिक प्रणालियों को पुनर्जीवित करना और 'पुनःकल्पना' यानी एक ऐसे भविष्य की कल्पना करना जो सतत विकास, हरित ऊर्जा और मानव-प्रकृति सह-अस्तित्व पर आधारित हो। इस थीम का सार यह है कि हम केवल 'मदद' नहीं कर रहे, बल्कि प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को निभा रहे हैं, क्योंकि हमारी जीवनशैली ही प्राकृतिक संसाधनों की सबसे बड़ी उपभोक्ता रही है।

वर्तमान युग में औद्योगीकरण, अंधाधुंध शहरीकरण, वनों की कटाई, जल और वायु प्रदूषण, प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग और जलवायु परिवर्तन ने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ दिया है। हर साल लाखों एकड़ वन समाप्त हो जाते हैं, सैकड़ों प्रजातियां विलुप्त हो जाती हैं और प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह स्थिति न केवल जैव विविधता को नष्ट कर रही है, बल्कि मानव अस्तित्व पर भी सीधा खतरा बन चुकी है। भारत की प्रकृति चुनौतियां गंभीर है, एक चिन्ता है, एक संकट है, लगता है जैसे कुछ अधूरा है। क्योंकि आप न खुली साफ हवा में अपनी मर्जी से सांस ले सकते हैं और न पीने को शुद्ध जल प्राप्त कर सकते हैं। 2000वीं संसदीय रिपोर्ट बताती है कि भारत में करोड़ों लोग अभी भी स्वच्छ जल से वंचित हैं। रसायनयुक्त कृषि, प्लास्टिक प्रदूषण, माइनिंग प्रेरित जल प्रदूषण-इनसे नदियां, तालाब, भूजल, प्रकृति सभी दूषित हो रहे हैं। सतत जल सुरक्षा का अर्थ है हर परिवार को शुद्ध, पर्याप्त और सुलभ पानी मिलना चाहिए। शुद्ध हवा व शुद्ध जल कैंसर, हृदय-पक्षाघात, संक्रामक और पुरानी बीमारियों को रोकते हैं। स्वस्थ जीवनशैली और निरोगी समाज अर्थव्यवस्था के लिए उपजाऊ है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। प्रकृति संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में प्रकृति पर तरह-तरह के आघात हो रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, हमाम-इजरायल युद्ध, थाईलैंड- कंबोडिया युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण-ये सब संकेत देते हैं कि प्रकृति दूषित हो रही है, क्रंदन कर रही है।

भारत एक समृद्ध जैव-विविधता वाला देश है, लेकिन यहां भी वनों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, और ग्लेशियरों का पिघलना चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुका है। हाल ही में उत्तराखंड, हिमाचल और पूर्वोत्तर राज्यों में आई जलवायु आपदाएं स्पष्ट संकेत हैं कि प्रकृति अब चेतावनी दे रही है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों या संगठनों की जिम्मेदारी नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें यह समझना होगा कि प्रकृति की रक्षा करके हम वास्तव में अपने भविष्य की रक्षा कर रहे हैं। प्रकृति संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमें सतत विकास को प्राथमिकता देनी होगी, जिसमें पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था में संतुलन बना रहे। पुनःवनीकरण और वृक्षारोपण को एक राष्ट्रीय अभियान बनाना होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक को समाप्त करने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। स्थानीय पारिस्थितिक तंत्रों की सुरक्षा-जैसे जल स्रोत, जैव विविधता, मिट्टी की उर्वरता, हरित ऊर्जा- जैसे सौर और पवन ऊर्जा को प्रोत्साहन देना होगा। बच्चों और युवाओं में पर्यावरणीय चेतना विकसित करनी होगी।

प्रकृति एवं पर्यावरण की उपेक्षा के कारण विकास वरदान नहीं अभिशाप बन रहा है। वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, गंगा-यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वनों का विनाश हो रहा है, पहाड बिखर रहे हैं, जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली के साथ देश के अन्य महानगारों की आबोहवा भी बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक है। महानगरों की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

दुनिया भर में 2.2 बिलियन लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल तक पहुंच नहीं है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं। अरबों लोगों के लिए पिघले पानी का प्रवाह बदल रहा है, जिससे बाढ़, सूखा, भूस्खलन और समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अनगिनत समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के खतरे में हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कटौती तथा सिकुड़ते ग्लेशियरों के अनुकूलन के लिए स्थानीय रणनीतियां आवश्यक हैं। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है।

व्यक्तिगत पहल के रूप में प्रकृति के प्रति प्रेम को दर्शाते हुए जितना हो सके, प्राकृतिक संसाधनों का संयमित उपयोग करें। अपशिष्ट प्रबंधन, पुनः उपयोग, और रीसाइक्लिंग को अपनाएं। प्रत्येक वर्ष कम से कम एक वृक्ष लगाएं और उसका पालन करें। जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने की कोशिश करें। प्रकृति के प्रति एक सजग, संवेदनशील और समर्पित दृष्टिकोण अपनाएं। वर्ष 2025 का यह विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हमें प्रकृति से नया रिश्ता बनाने का अवसर देता है, एक ऐसा रिश्ता जिसमें हम उपभोगकर्ता नहीं, बल्कि संरक्षक और सहयात्री बनें। यदि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हैं, तो प्रकृति भी हमें जीवन, स्वास्थ्य, और समृद्धि प्रदान करेगी। प्रकृति हमारी माँ है, उसका अपमान नहीं, सम्मान करें; उसके घावों को और न बढ़ाएं, अब उन्हें मरहम दें। अब समय है पुनर्स्थापन, पुनर्जीवन और पुनःकल्पना के मंत्र को अपने जीवन में उतारने का, ताकि एक हरित, सुरक्षित और सुंदर पृथ्वी आने वाली पीढ़ियों को विरासत में दी जा सके। इसके लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है।

# अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति गंभीर रहें प्रधान सहायक : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेतिया।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिले के सभी प्रधान सहायकों की बैठक सम्पन्न हुई। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रधान सहायकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्ठापूर्वक बेहतर तरीके से कार्य करें। अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति गंभीर रहें। कार्यालय के सभी कार्यों को ससमय निष्पादित कराएं। लंबित कार्यों को।त्वरित गति से निष्पादित करें। प्रधान सहायकों की बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा रोकड़ बही, माननीय न्यायालय, सेवांत लाभ, सेवा शिकायत, एसीपी एमएसीपी अनुकम्पा, मुख्यमंत्री जन शिकायत, जिला जनता दरबार, अंचल भू-मापी प्रतिवेदन, सूचना का अधिकार अधिनियम, कर्मपुस्त, विभागीय कार्यवाही, बायोमेट्रिक एटेंडेंस, सेवा इतिहास के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा जिले के सभी सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। कार्यालय का बेहतर तरीके से प्रबंधन करें और सभी प्रकार के लंबित मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करना सुनिश्चित करें। कार्यालय की समुचित साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे, इसे सुनिश्चित करें। कार्यालय के रोकड़ बही सहित सभी पंजियों, अभिलेखों, संचिकाओं को अद्यतन एवं सुरक्षित रखें। उन्होंने प्रधान सहायकों को अंतिम। चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यालय का रोकड़ बही अपडेट रखें। साथ ही विभागीय कार्यवाही से संबंधित कार्य अधिकतम 90 दिनों के अंदर निष्पादित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधान सहायकों से कहा कि सेवांत लाभ से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता के साथ ससमय भुगतान करना सुनिश्चित करें ताकि सेवानिवृत कर्मियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। एसीपी एमएसीपी जैसे मामलों में लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले प्रधान सहायकों को उन्होंने निर्देश दिया कि एक माह के अंदर सभी लंबित मामलों का निष्पादन कराएं अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, कुमार रविन्द्र, स्थापना उप समाहर्ता, मो0 अहमद अली सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रधान सहायक उपस्थित थे।

## देवघर बस दुर्घटना में डकरा गांव के चार श्रद्धालु घायल, चालक छोड़ भागा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** देवघर-बासुकीनाथ मार्ग पर जमनिया मोड़ के पास एक तीव्र गति से आ रही बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में सवार मखदुमपुर प्रखंड के डकरा गांव निवासी ज्ञान यादव, लव कुश कुमार, सिंटू यादव और सुभाष कुमार घायल हो गए। हादसे के दौरान चालक वाहन छोड़कर भाग गया, लेकिन सुभाष कुमार ने साहस दिखाते हुए स्टेयरिंग संभाला और बस को ईंट के ढेर से टकराकर रोका। चारों घायल देवघर जलाभिषेक के लिए 25 जुलाई को गए थे।

# आवास,जाति तथा आय प्रमाण पत्र निर्गत करने में की जायेगी कागजातों की सम्यक जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** लोक सेवा अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में अब सम्यक जांच के बिना आवेदनों का निष्पादन संभव नही हो सकेगा। इसके लिए अब विभाग एआई का इस्तेमाल भी करेगा। मामले में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के निदेशक ने सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि एनआईसी के सर्विस प्लस प्लेटफार्म पर उपलब्ध वेरिफिकेशन प्रोसेस का कड़ाई से पालन करें। इस व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के द्वारा अब बहुत जल्द




एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) का भी प्रयोग किया जायेगा ताकि सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की जा सके। गौरतलब हैं कि मसौढ़ी अंचल में डॉग बाबू के नाम से निवास प्रमाण-पत्र निर्गत करने का मामला सामने आने के बाद यह आदेश दिया गया है। कारणकि जांच में यह बात सामने आया कि सर्विस प्लस पोर्टल के माध्यम से निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने के क्रम में राजस्व अधिकारी के लॉगइन में आवेदन से सम्बंधित सभी कागजातों के सत्यापन का प्रावधान रहने के बावजूद भी इसका उपयोग नहीं कर राजस्व अधिकारी द्वारा गलत साक्ष्यों के आधार पर दिए गए आवेदन को बिना विस्तृत जांच किए प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिया गया। वहीं आईटी सहायक द्वारा बिना सम्यक जांच के आवेदन स्वीकृति के लिए राजस्व अधिकारी को अग्रसारित किया गया था। नियम के विरुद्ध स्व-घोषणा देकर तथा किसी अन्य व्यक्ति के पहचान पत्र का दुरूपयोग कर गलत साक्ष्य के आधार पर निवास प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन देने वाले आवेदक के विरूद्ध अब सीधे प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया है।

# मृत घोषित पत्नी छह साल बाद मिली जिंदा, दहेज हत्या का केस निकला फर्जी

## पटना से पुलिस ने महिला को किया बरामद, प्रेमी संग रह रही थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** छपरा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पकड़ौआ विवाह के डेढ़ साल बाद फरार हुई एक महिला को छह वर्षों बाद पटना से पुलिस ने जीवित बरामद किया है। आश्चर्य की बात यह रही कि महिला को उसके ही परिजनों ने पहले 'मृत घोषित कर दहेज हत्या का केस दर्ज करा दिया था', जिससे पति और उसके पूरे परिवार को वर्षों तक सामाजिक और कानूनी प्रताड़ना झेलनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भेल्दी थाना क्षेत्र के सिरसाबली गांव निवासी तेरस साह की पुत्री सोनी कुमारी को पुलिस ने पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र से बरामद किया। सोनी को 2017 में डोरीगंज के डुमरी रसूलपुर गांव निवासी सोनू कुमार से जबरन पकड़ौआ विवाह के तहत शादी कराई गई थी। उस समय सोनू सीआरपीएफ में चयनित हो चुके थे, जिसे देखते हुए लड़की के घरवालों ने लालच में यह विवाह कराया।

शादी के कुछ समय बाद ही सोनी ने कई बार घर से भागने की कोशिश की, और आखिरकार वह 2019 में हमेशा के लिए लापता हो गई। इसके बाद उसके पिता ने सोनू और उनके परिवार के 12 सदस्यों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करा दिया। मामला तब फिर सुर्खियों में आया जब सोनू की बहन प्रियंका कुमारी की होमगार्ड में नियुक्ति हुई। चरित्र प्रमाण पत्र के लिए जब पुलिस जांच हुई, तो मामले की तह तक जाने पर सच्चाई सामने आई। मोबाइल लोकेशन और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने सोनी को पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र स्थित रविराज नामक युवक के घर से बरामद किया, जिसके साथ वह विवाह कर तीन बच्चों की मां बन चुकी थी। सीडीपीओ राम पुकार सिंह ने बताया कि डीआर रिपोर्ट और तकनीकी जांच में स्पष्ट हुआ कि महिला जीवित है और स्वेच्छा से दूसरी शादी कर चुकी है। कोर्ट में महिला ने अपने पहले पति सोनू कुमार के पक्ष में बयान दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले को बंद (क्लोज) कर दिया और महिला को उसके वर्तमान पति के पास सौंप दिया। इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का बाजार गर्म है, वहीं दहेज हत्या के झूठे आरोप से राहत मिलने पर पीड़ित परिवार ने न्यायपालिका और पुलिस प्रशासन का आभार जताया है।

यह मामला न सिर्फ पकड़ौआ विवाह की सामाजिक बुराई को उजागर करता है, बल्कि झूठे मुकदमों से निर्दोषों को हुए नुकसान की गंभीर तस्वीर भी पेश करता है।

## हर्षोल्लास के साथ मना नाग पंचमी का पर्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मैनाटांड।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को परंपरागत नागपंचमी का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों के दरवाजे पर नागों के चित्र बनाकर उनकी पूजा अर्चना हुई। जबकि श्रद्धालुओं ने नाग देवता की बांबियों पर पहुंचकर दूध लावा चढ़ाया। जबकि गांवों में डेरा जमाए सपेरों ने नाग देवता के दर्शन कराने के साथ खूब कमाई की। प्राचीन काल से ही नागपंचमी का त्यौहार श्रावण माह की शुक्लपक्ष की पंचमी को मनाया जाता रहा है। इस त्यौहार में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विशेष आराधना का महत्व बताया गया है।

# हेजलपुर गांव पर मंडराया संकट, कटाव से 50 एकड़ जमीन समाई नदी में

नवबिहार टाइम्स डेस्क

**सारण।** सारण जिले के उत्तरी क्षेत्र में एक बार फिर गंडक नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। मकेर प्रखंड के हेजलपुर गांव में गंडक के बढ़ते जलस्तर और तेज कटाव ने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। पिछले चार दिनों में लगभग 50 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि गंडक नदी में समा चुकी है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है।

हेजलपुर गांव गंडक नदी के किनारे बसे दियारा क्षेत्र का प्रमुख गांव है, जहां की अधिकतर आबादी खेती पर निर्भर है। ग्रामीणों ने बताया कि कटाव की शुरुआत अप्रैल-मई में ही हो गई थी, लेकिन बीते पंद्रह दिनों से कटाव की रफ्तार बेहद तेज हो गई है। अब यह गांव के रिहायशी इलाके से मात्र 40 मीटर दूर पहुंच चुका है।

**प्रशासन की कोशिशें बेअसर**

गंडक की धारा अब दक्षिण दिशा की ओर मुड़ चुकी है और सीधे तटबंध की ओर बढ़ रही है। प्रशासन द्वारा कटाव रोकने के लिए निरोधात्मक कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई ठोस असर नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल इसी तरह जमीन कटती जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

**घर छोड़ने को मजबूर ग्रामीण**

कटाव के बढ़ते खतरे को देखते हुए हेजलपुर के कई परिवारों ने अपने घरों का सामान समेटकर पलायन शुरू कर दिया है। गांव में अनिश्चितता और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। लोगों को डर है कि अगर समय रहते कटाव पर काबू नहीं पाया गया, तो पूरा गांव ही गंडक के गर्त में समा सकता है।

**स्थायी समाधान की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई है कि कटाव को रोकने के लिए त्वरित और प्रभावी उपाय किए जाएं। उनका कहना है कि अब केवल बांध के किनारे थोड़ी-बहुत मरम्मत या बोल्डर डालने से समस्या नहीं सुलझेगी। उन्हें स्थायी तटबंध और वैज्ञानिक उपायों की आवश्यकता है।

गंडक का यह कटाव सिर्फ जमीन की बर्बादी नहीं, बल्कि अस्मिता, आजीविका और जीवन के अस्तित्व पर भी संकट बन चुका है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थिति मानवीय आपदा में बदल सकती है।

# करमवा महावीरी अखाड़ा में महादंगल का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मझौलिया।** नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार को करमवा पंचायत भवन परिसर में पारंपरिक महावीरी अखाड़ा के तहत कुश्ती महादंगल का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस आयोजन में बिहार, उत्तर प्रदेश, नेपाल और राजस्थान से आए महिला एवं पुरुष पहलवानों ने जोरदार मुकाबले कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।दंगल की शुरुआत गाजे-बाजे और जयकारों के साथ हुई। पहलवानों ने अखाड़े में अपने दमखम और दांव-पेंच से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला पहलवानों में माही पहलवान, ब्यूटी पहलवान, रंजना पहलवान ने शानदार प्रदर्शन किया,वहीं पुरुष पहलवानों में हरिहर थापा, देवा थापा, सुदामा पहलवान, शैतान सिंह, छोटे लाल, योगेंद्र सहित कई नामचीन पहलवानों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी। आयोजक अध्यक्ष दशरथ प्रसाद ने बताया कि कुश्ती हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है और इस तरह के आयोजनों से इस परंपरा को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुश्ती शारीरिक शक्ति और अनुशासन का प्रतीक है, जो युवाओं में उत्साह और जोश भरता है। कार्यक्रम में विधि व्यवस्था की निगरानी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने दंडाधिकारी के रूप में की। मौके पर डीएसपी गौतम शरण ओमी, थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, बीडीओ वरुण केतन, सीओ राजीव रंजन, दरोगा भानु प्रकाश समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन बाबा केशव दास हनुमान गढ़ी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## पुलिस की वर्दी में सेवानिवृत शिक्षक से ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** डाकघर से पैसे की निकासी कर अपने घर वापस जा रहे सेवानिवृत शिक्षक को झांसा में लेकर वर्दीधारी ठग ने एक लाख रुपया छिन लिया और चंपत हो गया। घटना शहर के कालीबाग थाना क्षेत्र के उतवारी पोखरा के समीप की है। जहां शराब जांच करने के बहाने पुलिस की वर्दी में एक अपराधी ने सेवानिवृत शिक्षक प्रभु प्रसाद से एक लाख रुपये ठग लिया है। ज्योति नगर झीलिया वार्ड चार निवासी प्रभु प्रसाद डाकघर से रुपये की निकासी कर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अपराधी उन्हें झांसा देकर रुपये ठग लिया। मामले में प्रभु प्रसाद ने कालीबाग थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि प्रभु प्रसाद की शिकायत पर कालीबाग थाना की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# संत माइकल्स एकेडमी में अंतर विद्यालय स्टेम प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मार्गदर्शन में सीबीएसई ने आज की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिये सिलेबस में स्टेम का इस्तेमाल किया है। स्टेम अर्थात विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित। ये चार विषय हमारे जीवन को आसान और बेहतर बनाने में मदद करते हैं। स्टेम से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बीस विद्यालयों के प्रतिनिधि शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना प्रस्तुति दी। स्टेम विषय पर संत माइकल्स एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता की शुरुआत प्रार्थना और दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्या डॉ कुमारी अंजली ने आगत प्रतिनिधि शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया और दो निर्णायक विश्वमोहन और नितिन को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य विजय विक्टर ने किया। कार्यशाला में राजहंस पब्लिक स्कूल, एजी चर्च स्कूल, संत कोलंबस स्कूल, संत जोसेफ स्कूल, नोट्रेडेम पब्लिक स्कूल, एमएसएस स्कूल बगहा, वीपी स्कूल बहुअरवा, रामकृष्ण विवेकानंद मंझरिया बैरिया, लोटस पब्लिक स्कूल, जीडी आरपीएस नरकटियागंज, सीएमपी स्कूल बगहा, सनराइज पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर बेतिया, कारमेल कॉन्वेंट, मॉडल पब्लिक स्कूल सिकटा, आर एल इंटरनेशनल स्कूल, संत जेवियर स्कूल नरकटियागंज के प्रतिनिधि शामिल रहें।

# महावीरी झंडा को लेकर पुलिस रही चौकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगहा।** महाबीड़ी झंडा जुलूस को लेकर सुबह से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस चौकसी बनी रही।वही महावीरी आंकड़ा एवं महावीरी झंडा मेला को लेकर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस वालों की विधि व्यवस्था को लेकर तैनाती की गई है। पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात नजर आए। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि महावीर झंडा जुलूस को लेकर पुलिस जिला अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारियों को पूर्व से ही निर्देशित कर दिया गया था कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में चौकसी बनाए रखते हुए स्वच्छ वातावरण के बीच शांतिपूर्ण माहौल में महावीर झंडा मेला को संपन्न करावे। वही उन्होंने बताया कि प्रशासनिक व पुलिस प्रशासन द्वारा भारी संख्या में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर देखते हुए दडा अधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस वालों की तैनाती की गई है। एवं सभी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने स्थलों पर निर्धारित समय पर उपस्थित रहते हुए महावीरी झंडा मेला संपन्न होने के पश्चात ही स्थल को छोड़ेगे। इसी क्रम में बगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के बाऊकी माई स्थान पारस नगर, पटखौली थाना के डुमावलिया स्थित आई बी पी पेट्रोल पंप परिसर समेत अन्य थाना क्षेत्रों में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में महावीरी झंडा मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मेला स्थलों पर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे मेला का आनंद उठाते नजर आए।

# पूर्व जिला पार्षद से 20 हजार की ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले में साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के नाम से फर्जी फ़ेसबुक आईडी बनाकर पूर्व जिला पार्षद से 20 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता रीना देवी के पति राजेश कुमार गौतम ने साइबर थाना में इस घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, 7 जुलाई को रीना देवी के फ़ेसबुक अकाउंट पर एक मैसेज आया, जो जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार (आईएएस) के फर्जी फ़ेसबुक अकाउंट से भेजा गया था। मैसेज में कहा गया कि डीएम के मित्र आशीष कुमार, जो सीआरपीएफ में अधिकारी हैं, उनका ट्रांसफर जम्मू हो गया है और वे अपना फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते दर पर बेचना चाहते हैं।

इसके बाद मैसेंजर पर रीना देवी का मोबाइल नंबर लिया गया और 8 जुलाई को कथित आशीष कुमार ने फोन कर खुद को सीआरपीएफ का अधिकारी बताया। फिर उन्होंने व्हाट्सएप पर फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान की तस्वीरें भेजीं, जिसकी कीमत 80 हजार रुपये बताई गई। चूंकि यह संपर्क डीएम के नाम से बने फर्जी फ़ेसबुक अकाउंट के माध्यम से हुआ था, इसलिए विश्वास में आकर रीना देवी के पति ने पहले 20 हजार रुपये गूगल पे से भेज दिए। पैसे भेजने के बाद फर्जी आशीष कुमार ने फिर से 20 हजार रुपये की मांग की। इस पर राजेश कुमार गौतम ने कहा कि सामान मिलने के बाद बाकी राशि देंगे। लेकिन उसके बाद डीएम के नाम वाला फर्जी अकाउंट रीना देवी की फ्रेंड लिस्ट से गायब कर दिया गया। तब जाकर उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने तुरंत साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई।

**साइबर डीएसपी ने की पुष्टि**

साइबर डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी जांच की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के संदेश या लेन-देन से पहले सतर्कता बरतें और सत्यापन अवश्य करें।

## नि :शक्तता जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगहा।** असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में मंगलवार को आदर्श मध्य विद्यालय पटखौली बगहा दो परिसर में निशक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी पीएचसी बगहा दो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश सिंह नीरज ने दी। उन्होंने बताया कि जिला सिविल सर्जन के निर्देश के आलोक में निशक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 6 से 18 वर्ष के निशक्त छात्र छात्राओं की जांच शिविर में उनका निबंध के साथ डॉ इरशाद आलम, डॉ रणबीर सिंह, सीएचओ बजरंग सिंह कृष्ण राम व निशक्त कैंप इंचार्ज अरविंद कुमार की देख रेख में आठ निशक्त छात्र-छात्राओं की शारीरिक जांच की गई।

# आवास योजना के आवेदनों का सत्यापन कृषि समन्वयक के जिम्मे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगहा।** आवास योजना में सेल्फ सर्वे आवेदनों को प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से सख्त है । सेल्फ सर्वे आवेदनों के सत्यापन को लेकर कृषि समन्वयक सहित पंचायत सचिवों को जवाब देही सौंपी गई है। प्रखंड बगहा दो के बीडीओ विद्दु राम ने बताया कि आवास योजना के तहत प्रखंड के लगभग 7000 लाभुको के द्वारा सेल्फ सर्वे का कार्य किया गया है। जिनके सत्यापन को लेकर टीम गठित की गई है। इस कार्य को दो दिनों में पूरा करना है। ऐसे में बीडीओ ने कृषि समन्वयक व आवास पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर दो दिनों में सत्यापन का शत प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने बताया कि दो दिनों में सत्यापन कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित पर्यवेक्षकों एवं कृषि समन्वयको पर विभागीय कार्रवाई की भी अनुशंसा की जाएगी। गौरतलब हो कि आवास योजना के सर्वे आवास सहायकों के द्वारा किया जा रहा था। ऐसे में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के लगभग 7000 लाभुको के द्वारा विभागीय पोर्टल पर आवास को लेकर सेल्फ सर्वे का भी कार्य किया गया है । आवेदन किया गया है। जिसका सर्वे सत्यापन किया जाना है। सत्यापन ससमय हो इसको लेकर आवास पर्यवेक्षक को कृषि समन्वयक को जवाब देही सौंपी गई है। साथ ही साथ आवास सहायकों के इस कार्य में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

# जल स्तर में आशंकित वृद्धि को देखते जिला प्रशासन ने नागरिकों को किया सतर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** 29 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक फल्गु नदी के कैचमेंट एरिया चतरा एवं हजारीबाग क्षेत्र में वर्षा की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है।उक्त के आलोक में फल्गु नदी में तेजी से जलस्तर में वृद्धि की सम्भावना के मद्देनजर उदेरास्थान बराज का गेट खोला जा सकता है , जिससे डाउन स्ट्रीम क्षेत्र में जल प्रवाह बहुत अधिक हो सकता है। इसके कारण फल्गु, भुतही तथा लोकाईन नदी के किनारे बहने वाले क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके लिए फल्गु नदी के किनारे या निचले इलाकों में रहने वाले सभी जिलेवासियों को सावधानी बरतने की सलाह जिला प्रशासन की ओर से दी गई है। लोगों को सलाह दिया गया है कि नदी के समीप अनावश्यक आवाजाही से बचें, तथा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने से बचें। लोगों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में अपने नजदीकी अंचल कार्यालय, थानाध्यक्ष, अथवा पाली प्रभारी, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, जहानाबाद के मोबाइल संख्या 9905614917 एवं 9507716164 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्वच्छता के लिए बनाए रील, बनें बदलाव के भागीदार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छ सुजल गांव रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, जल संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, और जन सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाना है।इस प्रतियोगिता के माध्यम से आम नागरिकों को क्रिएटिव रील बनाकर भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। रील की विषयवस्तु स्वच्छता और सुजल गांव से जुड़ी होनी चाहिए। इस रिल प्रतियोगिता का थीम है :1. स्वच्छ सुजल गांव -




विकसित भारत की ओर, 2. स्वच्छ सुजल गांव - देश की तरक्की, 3. स्वच्छ भारत - सुजल भारत। **प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि:** 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इसके लिए प्रतिभागी को दी गई क्यू आर कोड को स्कैन कर अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा।बताया गया कि चयनित रील्स को राज्य स्तर के सोशल मीडिया मंचों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**प्रतियोगिता के उद्देश्य:**

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत जन भागीदारी को बढ़ाना। पंचायत स्तर पर स्वच्छता के व्यवहारिक परिवर्तन को प्रोत्साहित करना। ग्रामीण भारत में जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत करना। उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति ने जिले वासियों का आह्वान किया कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित इस नवाचारी पहल में भाग लेकर न केवल आप अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकते हैं, बल्कि अपने गांव व जिले को स्वच्छता रैंकिंग में अग्रणी बनाने में योगदान भी दे सकते हैं।

# पंचायत स्तर पर पूरा करें स्वच्छता का मापदंड : उप विकास आयुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन और जिले को बेहतर रैंकिंग दिलाने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त डॉ0 प्रीति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक डॉ. रोहित कुमार मिश्र, जिला विकास पदाधिकारी , जिला समन्वयक, तथा टीएसएलएम विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत 1000 अंकों का मूल्यांकन किया जाएगा, जो चार प्रमुख घटकों पर आधारित होगा:

1. डायरेक्ट ऑब्जरवेशन (सीधा अवलोकन) - 540 अंक
2. सर्विस लेवल प्रोग्रेस - 240 अंक
3. प्लांट ऑब्जरवेशन - 120 अंक
4. सिटिजन फीडबैक - 100 अंक

उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक सरकारी मूल्यांकन नहीं, बल्कि व्यवहार परिवर्तन की दिशा में एक जनआंदोलन है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत के गांव, घर, सार्वजनिक स्थल आदि पूर्ण रूप से स्वच्छ बनें।अर्ध-निर्मित सामुदायिक परिसंपत्तियों को एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। सभी नागरिकों से सिटिजन फीडबैक प्राप्त करने हेतु सघन अभियान चलाया जाए। जन जागरूकता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, और स्वच्छता परिसंपत्तियों की क्रियाशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, हाट, बाजार, धार्मिक स्थल, स्वास्थ्य केंद्रों इत्यादि पर सेग्रीगेशन बिन और अन्य बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से स्थापित हो। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि जिले की हर पंचायत अगर स्वच्छता का मापदंड पूरा करे, तो न केवल स्वच्छ भारत मिशन की सफलता सुनिश्चित होगी, बल्कि जहानाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंकिंग भी प्राप्त होगी।

# बैंकों में यूं ही पड़े हैं 67000 करोड़ से ज्यादा रकम, कोई दावेदार नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैंकों खास कर सरकारी बैंकों में 67,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा रकम यूं ही पड़े हैं। इन पैसों का कोई दावेदार नहीं मिल रहा है। इनमें से करीब 29 फीसदी पैसा तो देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक में पड़ा हुआ है। सरकार की तरफ से यह जानकारी कल संसद में दी गई।

**किसने दी यह जानकारी-** लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि 30 जून, 2025 तक देश के सभी बैंकों में 67,003 करोड़ रुपये का कोई दावेदार नहीं है। मतलब कि यह अनक्लेम्ड डिपॉजिट है। जिन बैंकों में ये पैसे पड़े हैं, उनमें सरकारी और प्राइवेट, दोनों बैंक शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, इस कुल राशि में से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास 58,330.26 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के बैंकों के पास 8,673.72 करोड़ रुपये हैं।




**किस बैंक में कितनी राशि-** पंकज चौधरी ने बताया कि बिना दावे वाली रकम सबसे ज्यादा सरकारी बैंकों में पड़ी है। कुल राशि में से करीब 29 फीसदी राशि भारतीय स्टेट बैंक के पास है। यह रकम 19,329.92 करोड़ रुपये है। इसके बाद दिल्ली मुख्यालय वाले पंजाब नेशनल बैंक का नंबर आता है। पीएनबी के पास 6,910.67 करोड़ रुपये जमा हैं।

## प्राइवेट बैंक में आईसीआईसीआई बैंक सबसे आगे

बिना दावे वाली राशि जमा होने में यदि प्राइवेट बैंकों की बात करें तो आईसीआईसीआई बैंक के पास सबसे ज्यादा 2,063.45 करोड़ रुपये जमा हैं। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का नंबर है। इस बैंक के पास 1,609.56 करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हैं। निजी क्षेत्र के ही एक्सिस बैंक के पास 1,360.16 करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के ही केनरा बैंक के पास 6,278.14 करोड़ रुपये बिना दावे के जमा हैं जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा के पास 5,277.36 करोड़ रुपये पड़े हुए हैं।

# 6800 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न, अब कंपनी दे रही 1 पर 1 शेयर बोनस

## 10 टुकड़ों में होगा स्टॉक स्प्लिट

**मुंबई।** नर्मदा मैकप्लास्ट डिप इरिगेशन सिस्टम ने बोनस शेयर और स्टॉक का स्प्लिट का ऐलान किया था। यह मल्टीबैगर स्टॉक पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है। बता दें, 2025 में ही इस कंपनी के शेयरों का भाव 100 प्रतिशत से अधिक चढ़ चुका है।

**1 शेयर पर 1 शेयर फ्री दे रही है कंपनी-** नर्मदा मैकप्लास्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा।

कंपनी ने बोनस इश्यू के साथ-साथ स्टॉक स्प्लिट का भी ऐलान किया है। एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 5 टुकड़ों में बांटा जाएगा। जिसके बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगी।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा-** शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर बीएसई में नर्मदा मैकप्लास्ट डिप इरिगेशन सिस्टम के शेयरों का भाव 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 210.85 रुपये के लेवल पर था। बीते एक महीने में इस मल्टीबैगर स्टॉक की कीमतों में 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है।

# पारादीप फॉस्फेट्स कंपनी को हुआ 4726 प्रतिशत का छप्परफाड़ मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पारादीप फॉस्फेट्स के शेयर मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर आज 17 प्रतिशत तक चढ़ गए और 234.05 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे शानदार तिमाही नतीजे हैं। दरअसल, कंपनी का जून तिमाही (वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही) में नेट प्रॉफिट 49 गुना से अधिक बढ़ गया। पारादीप फॉस्फेट्स ने कहा है कि उसका नेट प्रॉफिट साल-दर-साल ( 4,726.4 प्रतिशत बढ़कर 255.8 करोड़ पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में केवल 5.3 करोड़ था।



## रेवेन्यू में भी इजाफा

अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 57.9 प्रतिशत बढ़कर 3,754 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 2,377 करोड़ था। बिक्री में बढ़ोतरी से कंपनी की प्रॉफिबिलिटी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। परिचालन स्तर पर, ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना से अधिक बढ़कर 466 करोड़ हो गई, जबकि पिछले साल यह 147 करोड़ थी। रिपोर्टों के अनुसार, चालू तिमाही में ई बी आई टी डी एमार्जिन बढ़कर 12.41 प्रतिशत हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 6.18 प्रतिशत था।
**कंपनी का कारोबार** - पारादीप फॉस्फेट्स मुख्य रूप से ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले के पारादीप और गोवा के जुआरी नगर स्थित

# न डॉलर, न पाउंड... एक साल में रिजर्व बैंक ने अपने खजाने में सबसे ज्यादा बढ़ाया सोना

## जून में की खूब खरीदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने जून के आखिरी हफ्ते में खूब सोना खरीदा। इस दौरान लगभग आधा टन सोना खरीदा गया। इस वित्तीय वर्ष में रिजर्व बैंक ने सोना खरीदने में थोड़ी सावधानी बरती थी, लेकिन बाद में खरीदारी




तेज कर दी। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक रिजर्व बैंक के पास 27 जून तक कुल 879.8 टन सोना था। पिछले हफ्ते यह आंकड़ा 879.6 टन था। इसका मतलब है कि आरबीआई ने एक हफ्ते में 4 क्विंटल सोना खरीदा है।

पिछले कुछ सालों में सोना भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे तेजी से बढ़ने वाला हिस्सा बन गया है।

## रिटर्न का भी ध्यान

सोना महंगाई से बचने का एक अच्छा तरीका माना जाता है। इसलिए, कई संस्थाएं इसमें निवेश कर रही हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले तीन सालों में केंद्रीय बैंकों ने हर साल 1000 टन से ज्यादा सोना खरीदा है। यह सामान्य खरीदारी से काफी ज्यादा है।

## खरीदारी ज्यादा, बिक्री कम

भारत में सोने पर रिटर्न सबसे ज्यादा है। फिर भी रिजर्व बैंक अपना सोना बहुत कम बेचता है। आरबीआई ने आखिरी बार मार्च के आखिरी हफ्ते में सोना खरीदा था।
वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुमानों के अनुसार, इस साल के पहले छह महीनों में सोने ने 26 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। निवेश के नजरिए से देखें तो यह भारत के लिए सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाला निवेश है। सिर्फ तुर्की में सोने से 40 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न मिला है, जो भारत से ज्यादा है।
भारत में सोने से मिलने वाला रिटर्न, पाउंड, येन और यूरो जैसी विकसित देशों की मुद्राओं से भी ज्यादा है। यहां तक कि चीन की मुद्रा रेनमिनबी से भी ज्यादा रिटर्न मिला है, जबकि चीन सोने का सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

# टाटा के शेयरों ने निवेशकों को कर दिया बर्बाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप के दो बड़े शेयर ट्रेंट और टीसीएस इस साल सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले निफ्टी50 स्टॉक साबित हुए हैं। दोनों में 25 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के शेयरों में लगभग 25 प्रतिशत गिरावट आई है। वहीं टाटा ग्रुप की रिटेल कंपनी ट्रेंट के शेयरों में लगभग 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह कंपनी जूडियो और वेस्टसाइड जैसे ब्रांड चलाती है।

टीसीएस को ऐसा शेयर माना जाता था जिसे पांच साल में निवेशकों का पैसा दोगुना कर देता था। लेकिन अब यह 2008 की आर्थिक मंदी के बाद सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है।



## टीसीएस का शेयर क्यों गिर रहा

हाल ही में टीसीएस ने लगभग 2 प्रतिशत कर्मचारियों (लगभग 12,000 लोगों) को नौकरी से निकालने का ऐलान किया था। हाल ही में आए पहली तिमाही के नतीजों से पता चला कि टीसीएस की कमाई उम्मीद से कम रही। इस दौरान कंपनी को 9.4 अरब के नए प्रोजेक्ट मिले जो पिछले साल से 13 प्रतिशत ज़्यादा है। लेकिन इसमें कोई बड़ा प्रोजेक्ट शामिल नहीं है। टीसीएस के मैनेजमेंट का कहना है कि ग्राहक सोच-समझकर खर्च कर रहे हैं और नए प्रोजेक्ट शुरू करने में देरी हो रही है।

# टैक्सपेयर्स को सीबीडीटी ने दी बड़ी राहत

## आईटीआरप्रोसेस करने को मिलेगा और समय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस ने करदाताओं को बड़ी राहत दी है। सीबीडीटी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फाइल किए गए इनकम टैक्स रिटर्न के प्रोसेसिंग के लिए और अधिक समय दिया है। बता दें, इन्हें टेक्निकल कारणों से सीपीसी बेंगलुरू ने गलत वैलिडेट कर दिया था।




**क्या कुछ कहा गया है सीबीडीटी के सर्कुलर में-** सोमवार को सीबीडीटी की तरफ से जारी किए गए सर्कुलर में निर्देश दिया गया था कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से 31 मार्च 2024 तक फाइल किए आईटीआर जिन्हें गलती से अमान्य कर दिया गया था, अब उन्हें प्रोसेस किया जा सकेगा। इन सभी रिटर्न की जानकारी टैक्सपेयर्स को 31 मार्च 2026 तक भेजी जाएंगी।
इस फैसले से करदाताओं को ब्याज सहित रिफंड मिलने में मदद होगी। बता दें, जारी सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि अगर पैन कार्ड-आधार कार्ड से लिंक नहीं होगा तो उन्हें रिफंड नहीं किया जाएगा।

# एनएसडीएल से एसबीआई समेत पांच निवेशकों को 39900 प्रतिशत लाभ

## 2-2 रुपये में खरीदे थे शेयर, अब 800 में बेचने की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई व आईडीबीआई जैसे संस्थान एनएसडीएल के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ में 39,900 फीसदी फायदा कमाएंगे। इन दोनों ने दो-दो रुपये में शेयर खरीदे थे। अब इश्यू में इसे 800-800 रुपये में बेचेंगे। कंपनी का आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा। हालांकि, इस इश्यू से कंपनी को कोई भी पैसा नहीं मिलेगा, क्योंकि सारे पहले के संस्थागत निवेशक हिस्सा बेच रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि (एनएसडीएल) आईपीओ से 4,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। इस आईपीओ में एसबीआई 40 लाख शेयर बेच रहा है।




## गैर-सूचीबद्ध भाव से 22 फीसदी कम पर इश्यू

एनएसडीएल ने आईपीओ में शेयर का भाव 760 से 800 रुपये के बीच तय किया है। गैर-सूचीबद्ध बाजार में इसका भाव 1,025 रुपये चल रहा है। यानी उसकी तुलना में इश्यू में 22 फीसदी कम भाव रखा गया है। पहले यह 1,275 रुपये तक चला गया था। टाटा टेक्नोलॉजी, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज और पीबी फिनटेक जैसी कंपनियों ने भी आईपीओ में शेयरों की कीमत गैर-सूचीबद्ध बाजार से कम रखी थी।

# वारी एनर्जी कंपनी को 93 प्रतिशत का मुनाफा

## शेयर में तेजी, अब कल रहेगी निवेशकों की पैनी नजर

**मुंबई।** वारी एनर्जीज का जून तिमाही का प्रॉफिट बढ़कर 773 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में लगभग 93 प्रतिशत अधिक है। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण अधिक राजस्व है। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 401.13 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। इस तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व बढ़कर 4,597.18 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,496.41 करोड़ रुपये था। वारी एनर्जीज के शेयर कल मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। आज सोमवार को इसमें आज कारोबार के दौरान 2 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई और यह शेयर 3250.75 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया।



## कंपनी ने क्या कहा

वारी एनर्जीज के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. अमित पैठणकर ने कहा, ''मांग पक्ष की बात करें तो, हमारे पास 49,000 करोड़ रुपये की मजबूत ऑर्डर बुक और 100 से अधिक गीगावाट की वैश्विक पाइपलाइन है, जो प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में सकारात्मक बाज़ार धारणा को दर्शाती है। इस तिमाही में, वारी ने 2.3 गीगावाट के साथ मॉड्यूल का अपना अबतक का सर्वोच्च उत्पादन हासिल किया।

## क्या है डिटेल

कंपनी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 2.3 गीगावाट का उच्चतम तिमाही मॉड्यूल उत्पादन हासिल किया, जो मजबूत परिचालन और सेल उत्पादन में लगातार वृद्धि के कारण संभव हुआ। कंपनी के निदेशक मंडल ने गुजरात में सेल क्षमता में चार गीगावाट और महाराष्ट्र में इंगोट-वेफर क्षमता में चार गीगावाट की वृद्धि के लिए 2,754 करोड़ रुपये के अतिरिक्त पूंजीगत व्यय को भी मंजूरी दी। यह पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2026-27 तक फैला होगा और इसका वित्तपोषण आंतरिक स्रोतों और कर्ज के जरिए किया जाएगा।

# बेहतर लोन ग्रोथ आउटलुक देखकर बैंक सेक्टर पर निवेशक दे रहे ध्यान, जानकार बोले- सही चयन जरूरी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहली तिमाही में (वित्त वर्ष पहली तिमाही 2026) में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्तमान समय में बैंकिंग क्षेत्र संकट के बजाए पुनर्मूल्यांकन चरण से गुजर रहा है। बैंकिंग में, पुनर्मूल्यांकन चरण आमतौर पर उस अवधि को संदर्भित करता है जब बैंक नए नियमों, आर्थिक स्थितियों या आंतरिक मूल्यांकनों के अनुसार अपनी प्रणालियों, प्रक्रियाओं या रणनीतियों को समायोजित करता है।

- **नीतिगत दरों में नरमी ने बैंकों का प्रदर्शन बेहतर किया-** नीतिगत दरों में नरमी की वजह से बैंक सेक्टर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हुए हैं। बैंक विशेषज्ञों और ब्रोकरेज हाउसेस का कहना है कि बेहतर लोन ग्रोथ आउटलुक की वजह से बैंक सेक्टर पर निवेशक ध्यान दे सकते हैं। हालांकि वर्तमान में बैंकिंग परिदृश्य में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए बैंक के मजबूत प्रदर्शन और विकास की क्षमता पर ध्यान देते हुए चयनात्मक दृष्टिकोण बनाना ही उचित होगा।

## निजी बैंक का प्रदर्शन

बोक्रेज हाउस वेंचुरा के विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े निजी बैंकों ने अपने पहली तिमाही में अच्छा प्रदर्शन किया। बैंकों को यह रेपो-लिंक्ड ऋणों के उच्च अनुपात के कारण हुआ है। इसलिए बैंकों को ब्याज दरों में उतार चढ़ाव और ट्रेजरी लाभ व आईटी रिफंड सहित मजबूत गैर ब्याज आय का लाभ मिला। उनकी परिसंपत्ति गुणवत्ता को मजबूत बनाने में बफर्स के मजबूत प्रावधान से भी बल मिला है।

## 10 साल में 300 प्रतिशत अरबपति बढ़े, 50 फीसदी घटी जनता की आमदनी

# चेतावनी बनकर उभर रही आर्थिक विषमता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में आर्थिक विकास की रफ्तार भले ही तेज हो, लेकिन उससे लाभ उठाने वाले लोगों का दायरा सीमित होता जा रहा है। क्रेडिट सुईस वेल्थ रिपोर्ट और फोर्ब्स इंडिया के नवीनतम विश्लेषणों के अनुसार भारत में पिछले एक दशक में अरबपतियों की संख्या 300 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है, जबकि 50 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या की वास्तविक आय या तो स्थिर रही है या घट गई है। यह विषमता देश के सामाजिक ताने-बाने के लिए बड़ी चेतावनी है, जिसमें आर्थिक प्रगति का लाभ बहुत कम लोगों तक सिमटता जा रहा है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट के अनुसार भारत में कुल संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा करीब 11.6 लाख करोड़ डॉलर केवल 1 प्रतिशत अमीरों के पास है। इसी तरह ग्लोबल इनइक्वैलिटी रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के शीर्ष 10 प्रतिशत लोग देश की कुल आय का लगभग 57 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करते हैं, जबकि निचले 50 प्रतिशत के हिस्से केवल 13 प्रतिशत आय आती है।



## शेयर बाजार और रियल एस्टेट

पिछले एक दशक में बीएसई-सेंसेक्स में जबरदस्त उछाल देखा गया, जिससे अमीरों की संपत्ति तेजी से बढ़ी। वहीं, 50 प्रतिशत से अधिक आबादी ऐसी है जिसकी आय श्रम, कृषि और असंगठित क्षेत्र से आती है, जहां वेतनवृद्धि लगभग नगण्य रहा।

## उदारीकरण और पूंजी आधारित अर्थव्यवस्था

1991 में शुरू हुए आर्थिक सुधारों ने निजी पूंजी, कॉरपोरेट घरानों और वैश्विक निवेश को खुला मंच दिया। लेकिन इसका सीधा लाभ उच्च तकनीकी, पूंजी और शिक्षा वाले वर्ग को मिला न कि श्रमिक या ग्रामीण समुदायों को।

नोबेल विजेता थॉमस पिकेटी के अनुसार अगर आय और संपत्ति के अंतर को नहीं रोका गया, तो लोकतंत्र भी केवल धनी वर्ग का उपकरण बनकर रह जाएगा। द प्राइस ऑफ इनइक्वैलिटी के लेखक जोसेफ स्टिग्लिट्ज का कहना है कि जब समाज के अधिकतर संसाधन केवल कुछ लोगों के हाथ में होते हैं तो बाकी जनसंख्या हाशिए पर चली जाती है और आर्थिक अस्थिरता स्थायी हो जाती है।



# खोसला का घोसला 2 में लीड एक्ट्रेस होंगी हुमा कुरैशी

साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म खोसला का घोसला बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही थी। दिबाकर बैनर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी, विजय पाठक, रणवीर शौरी और प्रवीण डबास ने अहम भूमिका निभाई थी। डार्क कॉमेडी वाली यह फिल्म कल्ट बन गई थी। बताया जाता है कि अब इस फिल्म का सीक्वल बनेगा।

## खोसला का घोसला 2 की स्क्रिप्ट तैयार हुई

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्देशक उमेश बिष्ट और उनकी टीम ने एक स्क्रिप्ट तैयार की है जो खोसला का घोसला को आगे बढ़ाएगी। खबर यह भी है कि स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो चुका है और फिल्म के लिए कास्टिंग शुरू हो गई है।

## हुमा कुरैशी होंगी खोसला का घोसला 2 का हिस्सा

बताया जाता है कि हुमा कुरैशी खोसला का घोसला 2 में अहम किरदार निभाएंगी। उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी है और उन्हें इसकी कहानी पसंद आई है। इस तरह से हुमा कुरैशी के हाथ में अब दूसरी फिल्म है। पहले से ही हुमा कुरैशी जॉली एलएलबी 3 में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा हुमा महारानी के चौथे सीजन में काम करेंगी।
हुमा कुरैशी टॉक्सिक में काम कर रही हैं
इन सब के अलावा हुमा कुरैशी अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल ईद (2026) पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में यश, नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया और अक्षय ओबेरॉय होंगे।
दर्शकों को खोसला का घोसला 2 से उम्मीदें
बताया जाता है कि खोसला का घोसला 2 की टीम इस साल नवंबर से फिल्म पर काम शुरू कर सकती है। चूंकि फिल्म 2026 में रिलीज होगी, इसलिए मेकर्स के पास इस पर काम करने का अच्छा वक्त होगा। पहले पार्ट की तरह इस फिल्म से भी काफी उम्मीदें हैं।



# 'बॉर्डर 2' में मेधा राणा होंगी वरुण धवन की हीरोइन

फ्राइडे नाइट प्लान, इश्क इन द एयर, डांसिंग ऑन द ग्रेव, और लंदन फाइल्स में अपने दमदार अभिनय से सबकों चौंकाने वाली अभिनेत्री मेधा राणा बॉर्डर 2 में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मेधा के चुनाव को लेकर निर्माता भूषण कुमार ने कहा, हमारे लिए किसी ऐसी अभिनेत्री को ढूंढना बेहद जरूरी था जो स्वाभाविक रूप से उस क्षेत्र की भाषा, भाव, और असली माहौल को फिल्म में सही तरीके से दिखा सके। मेधा ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया, खासकर क्षेत्र की बोली, बोलने के तरीके, और अभिनय में भावों की गहराई ने सभी को चौंका दिया। हमें पूरा विश्वास है कि मेधा इस रोल में बिल्कुल परफेक्ट है।

बता दें कि मेधा सैन्य परिवार से आती है। प्रोड्यूसर निधि दत्त ने कहा कि बॉर्डर 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है। इसमें गहरा एहसास और अटूट जज्बा है। मेधा को कास्ट करने के बारे में उन्होंने कहा, फिल्म में डायरेक्टर से लेकर सभी कलाकारों का चुनाव इस वजह से किया गया है ताकि एक ऐसी कहानी दिखाई जा सके जो सच्ची और प्रेरणादायक लगे। मेधा राणा और वरुण धवन साथ मिलकर फिल्म में एक नई ताजगी लाएंगे; यह जोड़ी कहानी को खूबसूरत बना देगी। फिल्म बॉर्डर 2 के निर्देशक अनुराग सिंह हैं और इसका निर्माण गुलशन कुमार और टी-सीरीज के



बैनर तले हो रहा है। बॉर्डर 2 जेपी दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर बॉर्डर का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित फिल्म थी। उसमें सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी, पुनीत इस्सर, कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी गुलजार, पूजा भट्ट और शरबानी मुखर्जी लीड रोल में थे। वहीं बॉर्डर 2 में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी हैं। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अलग तरह का काम करना चाहते हैं रणदीप, अगली फिल्म को लेकर दी जानकारी

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा अपनी अलग तरह की अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में फिल्म जाट में नजर आने वाले अभिनेता रणदीप हुड्डा ने इस बात का इजहार किया है कि वह ऐसी फिल्म करना चहते हैं जो उनके पेट में आग लगा दे, जिससे उनकी काम करने की इच्छा जाग जाए।

अगली फिल्म करने को लेकर पेट में जलती है आग
अभिनेता ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्मों के बारे में बताया। उनके मुताबिक उनकी कुछ फिल्मों पर काम हो रहा है। एएनआई से बात करते हुए रणदीप हुड्डा ने कहा हम इस वक्त ऐसी जगह पर हैं, जहां पर हमें चुनना है। और यही वह चीज है, जो मेरे पेट में अगली फिल्म करने की आग बढ़ाती है।

## ऑपरेशन खुकरी में नजर आएंगे रणदीप

आपको बता दें कि रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ऑपरेशन खुकरी में काम कर रहे हैं। यह फिल्म असली घटना पर आधारित है। साल 2000 में 233 भारतीय सैनिकों को बंधक बना लिया गया था। इन लोगों को ऑपरेशन खुकरी के तहत बचाया गया था। यह बहुत जोखिम भरा अभियान था।

## फिल्म बनाने के लिए अधिकार हासिल किए

फिल्म में रणदीप हुड्डा मेजर जेनेरल पाल पुनिया के किरदार में नजर आएंगे। पाल पुनिया 14वीं मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के कमांडर थे। उन्होंने इस अभियान में समझौता कराने में अहम किरदार निभाया था। इस साल के शुरुआत में, रणदीप हुड्डा और राहुल मित्रा फिल्म्स ने इस घटना पर फिल्म बनाने के लिए अधिकार हासिल किए थे।

## रणदीप मैचबॉक्स का होंगे हिस्सा

रणदीप जल्द ही अभिनेता जॉन सीना के साथ एक्शन-थ्रिलर फिल्म मैचबॉक्स में नजर आएंगे। यह फिल्म बचपन के दोस्तों के एक ग्रुप की कहानी दिखाएगी। यह लोग दुनिया को एक बड़ी तबाही से रोकेंगे।

# किंगडम में विजय देवरकोंडा की एक्टिंग पर रश्मिका मंदाना हुईं कायल

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने खास दोस्त विजय देवरकोंडा की अपकमिंग एक्शन फिल्म किंगडम में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह 31 जुलाई को सिनेमाघरों में एक्शन फिल्म किंगडम को देखने के लिए दिन गिन रही हैं। विजय देवरकोंडा की अभिनय की प्रशंसा करते हुए रश्मिका ने कहा कि वह उनकी आधी प्रतिभा भी हासिल करना चाहती हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म के ट्रेलर का वीडियो पोस्ट कर लिखा, वाह! क्या ट्रेलर है! गजब! इस शानदार ट्रेलर को देखने के बाद 4 दिन और इंतजार करना पड़ रहा है। ये तो नाइंसाफी है! विजय देवरकोंडा मैं हमेशा कहती हूं कि आप अलग हो! मैं चाहती हूं कि मैं अपना अभिनय इतना अच्छा कर लूं, कि आपके अभिनय के 50% तक पहुंच सकूं। किंगडम के निर्देशक और संगीतकार की तारीफ करते हुए रश्मिका ने कहा, गौतम नायडू और अनिरुध आप दोनों जीनियस हैं। मैं आपकी फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर सकती, ये देखने के लिए कि आप दोनों ने मिलकर फिल्म कैसी बनाई है। भाग्यश्री आपको भी ढेर सारी शुभकामनाएं क्यूटी। मैं 31 तारीख को थिएटर में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म किंगडम का ट्रेलर पोस्ट किया। इसे अभिनेत्री ने कैप्शन दिया, अब 31 तारीख का इंतजार नहीं हो रहा! ट्रेलर में विजय का अभिनय बेहद शानदार है। आप तीनों जीनियस! मैं बहुत उत्सुक हूं। ये देखने के लिए कि आप लोगों ने मिलकर क्या बनाया है। गौतम नायडू, अनिरुध बेसब्री से इंतजार है।



# दिलजीत दोसांझ ने बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर दी बड़ी अपडेट

अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह काफी खुश नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह लोगों को मिठाई खिला रहे हैं। कई यूजर्स ने इस वीडियो पर कमेंट किए हैं। दरअसल दिलजीत दोसांझ की अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी हो गई है। इसीलिए वह जश्न मना रहे हैं। दिलजीत दोसांझ ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपने साथियों और दोस्तों को मिठाई खिला रहे हैं और जश्न मना रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए दिलजीत दोसांझ ने इसके कैप्शन में लिखा बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है। करण इस फिल्म में शहीद निर्मल जीत सिंह की भूमिका निभाएंगे। इस पोस्ट पर वरुण धवन ने कमेंट में लिखा है पा जी एक शॉट बाकी है। अनुराग पाक बुला रहे हैं। एक और यूजर ने लिखा है दिल जीत लिया आपने। इससे पहले इस फिल्म में अभिनय कर रहे अहान शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर जानकारी दी थी कि उन्होंने पुणे में होने वाली शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने अपने साथियों की तस्वीरें भी शेयर की थीं। वरुण धवन ने भी जानकारी दी थी कि उन्होंने पुणे में एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके बाद उन्होंने चाय और बिस्कुट के साथ सेलिब्रेट किया था।






# सन आफ... 2 में दिखेगा क्रॉस-बॉर्डर का अहम मुद्दा

अजय देवगन की इस साल की तीसरी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 जल्द ही रिलीज होने जा रही है। फिल्म में टीटो की अहम भूमिका निभा रहे विंदू दारा सिंह का कहना है कि यह फिल्म सिर्फ एक कॉमेडी एंटरटेनर नहीं, बल्कि शांति, भाईचारे और इंसानियत का बड़ा संदेश देने वाली कहानी भी है। फिल्म में इंडिया-पाकिस्तान के मौजूदा हालातों पर व्यंग्यात्मक अंदाज देखने को मिलेगा। इसमें पाकिस्तान पर सटायर है लेकिन पहली बार ऐसा है कि वहां के दर्शक भी कहेंगे-चलो ठीक है, इन्होंने हमारी घोर बेईज्जती नहीं की।

बकौल विंदू... फिल्म में अजय के साथ संजय मिश्रा, रवि किशन जैसे कलाकार भी दिखेंगे। हालांकि, मुकुल देव अब हमारे बीच नहीं रहे और संजय दत्त वीजा समस्याओं के कारण फिल्म का हिस्सा नहीं बन पाए थे पर संजू बाबा जैसा कोई नहीं हो सकता। यहां रवि किशन भैया राजा के रोल में धमाल मचाने वाले हैं। फिल्म का एक बड़ा पहलू पंजाब से माइग्रेशन की कहानी है। जो लोग विदेशों में बसने का सपना देखते हैं, उनके संघर्ष को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया गया है। ये डबल मीनिंग चुटकुलों वाली फिल्म नहीं है। 4 साल के बच्चे से लेकर 90 साल के बुजुर्ग तक, हर कोई इसे फैमिली के साथ देख सकेगा।

## फिल्म के असली हीरो राइटर हैं

फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है, जो पंजाबी सिनेमा का बड़ा नाम हैं। उनका नाम अजय को उनकी करीब सिनेमेटोग्राफर असीम बजाज ने सुझाया था। लेखक जगदीप सिद्ध के बारे में भी बिंदू ने बताया कि वहीं फिल्म के असली हीरो हैं। पंजाब के टॉप कॉमेडी राइटर हैं और अब बॉलीवुड में भी धूम मचाने वाले हैं। बेसिकली ये कहानी एक ऐसे इंसान की कहानी है, जो लोगों को हेल्प करने की कोशिश करता रहता है लेकिन उसमें उलझता जाता है, फंसता जाता है। ये भाईचारे की भी कहानी है। सिखाती है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई हम सब एक हैं।

## अलग-अलग लोकेशन पर 45-50 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

बिंदू ये भी बताते हैं कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से इंग्लैंड में नहीं हुई है, बल्कि स्कॉटलैंड, इंडिया (पंजाब) और बॉम्बे में भी हुई है। टोटल कुछ 30-35 दिन स्कॉटलैंड में, टिलैंड में, 10 दिन पंजाब और 5 दिन मुंबई में हुई। सभी कलाकार एक फैमिली की तरह शूटिंग करते थे। अजय ऐसे प्रोड्यूसर हैं कि वो कोई चीज की कमी नहीं छोड़ते। पहले वो मजाक बहुत करता थे, सन ऑफ सरदार के समय पर आजकल वो मजाक कम करते हैं लेकिन साथ में बैठते हैं। अजय के सेट की खास बात है। वह अपनी हर फिल्म में जहां भी शूट करने जाते हैं, वहां भगवान शिव जी का मंदिर साथ ले जाते हैं।



# इंडिया-इंग्लैंड: 2 जीत, 5 हार और 7 ड्रॉ

## ओवल के मैदान पर भारत का इंग्लैंड खिलाफ रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर में ड्रॉ के बाद अब भारतीय टीम का ध्यान लंदन के केनिंग्टन ओवल में होने वाले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के पांचवे और अंतिम टेस्ट पर केंद्रित है। हालांकि ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत की जीत का सूखा जारी रहा। लेकिन पांचवे टेस्ट स्थल पर भारत के लिए सब कुछ निराशाजनक नही है। ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट मैचो में से भारत ने दो जीते है, सात ड्रॉ रहे है और पांच हारे है।

### 1971 में ऐतिहासिक जीत

भारत को ओवल में पहली जीत 1971 में अजीत वाडेकर के नेतृत्व में मिली थी। लेग स्पिनर भागवत चंद्रशेखर के छह विकेट की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 101 रन पर ढेर कर दिया था। भारत ने 173 रन का लक्ष्य चार विकेट शेष रहते हासिल कर लिया था।

### गावस्कर के दोहरे शतक से रोमांचक ड्रॉ

इस मैदान पर सबसे दिलचस्प ड्रॉ 1979 में हुआ था। भारत अपनी पहली पारी में 202 रन पर आउट हो गया था जिसके बाद मेजबान टीम ने उसे 438 रन का लक्ष्य दिया। सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर और चेतन चौहान ने 213 रन की साझेदारी करके उन्हें चौंका दिया। इसके बाद गावस्कर और दिलीप वेंगसरकर ने दूसरे विकेट के लिए 153 रन की साझेदारी की। गावस्कर ने डटे रहकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। इयान बॉथम ने उन्हें 221 रन पर आउट कर दिया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन नौ रन से चूक गया। दिन का खेल खत्म होने तक भारत का स्कोर 429/8 था और यह टेस्ट ड्रॉ रहा।

### लगातार 3 बड़ी हार

2011 में द्रविड़ के शतक के बावजूद भारत एक पारी और आठ रन से हार गया था। इंग्लैंड के लिए इयान बेल ने दोहरा शतक जड़ा, जबकि ग्रीम स्वान ने नौ विकेट लिए। 2014 में भारत दोनो पारियो में सस्ते में आउट हो गया और एक पारी और 244 रनो से टेस्ट हार गया। 2018 में ऋषभ पंत और केएल राहुल ने शतक बनाए, लेकिन भारत 464 रनो के विशाल लक्ष्य से 118 रन से चूक गया।

### भारतीय बल्लेबाजों ने वापसी की

2021 में भारत ने ओवल में जीत का पांच दशक का इंतजार खत्म किया। पहली पारी में 191 रनो पर आउट होने के बाद, भारतीय बल्लेबाजी क्रम ने डटकर मुकाबला किया। रोहित शर्मा ने शतक बनाया, राहुल और विराट कोहली ने अर्धशतक जड़े, जबकि चेतेश्वर पुजारा, पंत और शार्दुल ठाकुर ने अर्धशतक जड़े। भारत ने 446 रन बनाए और 368 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने इंग्लैंड को 210 रन पर आउट कर दिया और टेस्ट 157 रन से जीत लिया।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार

भारत ने आखिरी बार टेस्ट ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में खेला था। भारत पहली पारी में स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के शतको से उबर नही पाया। बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे और भारत 209 रन से हार गया।



## बुमराह से नफरतः टीम इंडिया के हेड कोच रहे रवि शास्त्री ने किया खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने एक इंटरव्यू के दौरान कई खुलासे किए. इस दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह से नफरत से लेकर खुद को मिली सबसे बड़ी सलाह तक जैसी कई बड़ी बातों का जिक्र किया. रवि शास्त्री ने विराट कोहली के बारे में भी एक ऐसी बात बताई, जिससे शायद ज्यादातर लोग इत्तेफाक भी रखें. रवि शास्त्री 2017 से लेकर 2021 तक टीम इंडिया के कोच रहे थे. उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने कई उपलब्धियां हासिल की थी.

### रवि शास्त्री ने जसप्रीत बुमराह पर क्या बोला?

जसप्रीत बुमराह की बात करें तो वो इन दिनों इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं. रवि शास्त्री भी कमेंट्री करने के मकसद से इंग्लैंड में ही हैं. इसी दौरान रवि शास्त्री के एक इंटरव्यू की क्लिप सामने आई है, जिसमें वो एक सवाल के जवाब में जसप्रीत बुमराह का नाम ले रहे हैं. स्टिक टू क्रिकेट ने ये वीडियो पोस्ट किया है, जिसे रवि शास्त्री ने रिपोस्ट भी किया है.

# हमारे पास एक आखिरी मौका

## पांचवें टेस्ट से पहले गौतम गंभीर ने भरा खिलाड़ियों में जोश



**लंदन, एजेंसी।** एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज का चौथा टेस्ट बेहद रोमांचक रहा, जो आखिरकार ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 31 जुलाई से दोनों देश पांचवां टेस्ट खेलेंगे, जिससे पहले भारतीय टीम ने मंगलवार को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया। इस दौरान खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की, जिसमें आत्मचिंतन, गर्व और संकल्प की भावना देखने को मिली। सभी ने यूके दौरे पर मिले अटूट समर्थन के लिए आभार जताया। हेड कोच गौतम गंभीर ने इस कार्यक्रम में भारत-इंग्लैंड मुकाबलों के ऐतिहासिक महत्व और सीरीज की इंटेंसिटी पर प्रकाश डाला।

गंभीर ने कहा, इंग्लैंड का दौरा हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों देशों के बीच का इतिहास कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमने हर बार ब्रिटेन दौरे पर मिले समर्थन की सराहना की है। इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने पलटवार करते हुए दूसरे मुकाबले को 336 रन से जीता। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट को 22 रन के करीबी अंतर से जीतकर सीरीज में 2-1 से लीड बना ली, जिसके बाद चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। गौतम गंभीर ने कहा, पिछले पांच हफ्ते दोनों देशों के लिए बेहद रोमांचक रहे। मुझे यकीन है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी को गौरवान्वित किया है। दोनों टीमों ने दमदार खेल दिखाया।

भारत के पास अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म करने का मौका है। आखिरी टेस्ट को लेकर गंभीर ने एकजुट प्रयास की अपील की। उन्होंने कहा, हमारे पास एक हफ्ता और है। एक आखिरी कोशिश करनी है। यह अपने देश को गौरवान्वित करने का एक आखिरी मौका है। जय हिंद।

## इंग्लैंड-भारत टेस्ट के दौरान पाकिस्तानी फैन की टी-शर्ट को लेकर खड़ा हुआ विवाद

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** लंकाशायर ने कहा है कि वे उस घटना की जांच कर रहे हैं जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड और भारत के बीच चौथे टेस्ट मैच में एक प्रशंसक को अपनी पहनी हुई पाकिस्तानी शर्ट को ढकने के लिए कहा गया था। पाकिस्तानी मीडिया में फारुख नजर नाम से मशहूर इस प्रशंसक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उससे मैदान पर मौजूद सुरक्षा स्टाफ के एक सदस्य ने अनुरोध किया है कि वह अपनी टी-शर्ट को ढक दे, जो पाकिस्तान की पारंपरिक हरे रंग की सीमित ओवरों की टी-शर्ट है। खुद को लंकाशायर का कर्मचारी बताने वाला सुरक्षा गार्ड कहता है, 'नियंत्रण कक्ष ने मुझसे पूछा है कि क्या आप कृपया उस टी-शर्ट को ढक सकते हैं। बाद में एक प्रबंधक को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि टी-शर्ट राष्ट्रवादी मानी जा सकती है। वीडियो में नजर को बार-बार टी-शर्ट ढकने के अनुरोधों के कारण लगातार परेशान होते देखा जा सकता है। आखिरकार, एक पुलिस अधिकारी उसके पास आता है और उसे स्टैंड से दूर बातचीत जारी रखने के लिए कहता है। खबरों के मुताबिक नजर ने अपनी टी-शर्ट छिपाने के बजाय मैदान से बाहर जाने का फैसला किया।



## ऐसे क्लब से जुड़ना चाहता था, जो टॉप-3 में शामिल हो: फ्लोरियन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रीमियर लीग 2025-26 सीजन से पहले फ्लोरियन विर्ट्ज ने लिवरपूल में अपने ट्रांसफर को लेकर बताया कि यह उनके लिए एक आसान फैसला था। विर्ट्ज ने खुलासा किया है कि वह उस क्लब का हिस्सा बनना चाहते थे, जो दुनिया के शीर्ष तीन क्लबों में शुमार है। लिवरपूल एफसी ने बायर लेवरकूजन से विर्ट्ज को साइन किया। 22 वर्षीय मिडफील्डर ने रेड्स के साथ लॉन्ग-टर्म कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किया है। अब वह अपने पूर्व लेवरकूजन साथी जेरेमी फ्रिमपोंग के साथ दोबारा एक ही टीम में खेलते नजर आएंगे। विर्ट्ज ने जियो हॉटस्टार पर कहा, मैं बहुत खुशी और गर्व महसूस कर रहा हूं। आखिरकार वह पल आ ही गया, जिसका मैं लंबे समय से इंतजार कर रहा था। मुझे लगा कि मेरे करियर में यह अगला कदम उठाने का सही समय है। मैं एक ऐसे क्लब से जुड़ना चाहता था, जो दुनिया के शीर्ष तीन क्लबों में शामिल हो। मेरी नजर में लिवरपूल उनमें से एक है। उन्होंने कहा, मैंने खुद को लिवरपूल में सबसे सुरक्षित और बेहतर हाथों में पाया। मैं यहां के लोगों, क्लब के विजन और क्लब की पेशकश से पूरी तरह आश्वस्त था। यह सब मुझे पूरी तरह से भरोसेमंद लगा। यह मेरे लिए एक आसान फैसला साबित हुआ। विर्ट्ज ने लिवरपूल के फैंस को उनके सपोर्ट के लिए आभार जताते हुए कहा, मैं समर्थन के लिए आपका धन्यवाद करता हूं। मैंने इंस्टाग्राम और अन्य जगहों पर देखा कि वह मुझे कितना चाहते हैं।



## सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष-10 में लौटे, लक्ष्य और प्रणय को भी फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरूष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढ़कर 33वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष-10 में पहुंच गए। दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला। दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी और फिलहाल 10वें नंबर पर काबिज चिराग और सात्विक को मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक ने 21-13, 21-17 से हराया। इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पुरुष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढ़कर 33वें स्थान पर हैं। महिला एकल में उन्नति हुड्डा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुंच गई जिन्होंने पिछले सप्ताह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू को हराया था।

सिंधू 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। महिला युगल में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद 11वें नंबर पर बने हुए हैं, जबकि तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा दो पायदान चढ़कर 45वें स्थान पर आ गए।

## ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से क्लीन स्वीप किया, इंडीज को 3 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टी-20 में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बासेटेरे में खेले गए पांचवें और अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड, मिशेल ओवेन और कैमरन ग्रीन की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 170 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16 ओवर में 7 विकेट खोकर 173 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। 14 रन पर सलामी बल्लेबाज शाई होप आउट हो गए। इसके बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग 22 रन पर पवेलियन लौटे। पावरप्ले में वेस्टइंडीज ने 3 विकेट खोकर 49 रन बनाए। 10 ओवर (ड्रिंक्स) तक स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था।

हेटमायर की साझेदारियों ने स्कोर को 150 के पार पहुंचाया

शिमरन हेटमायर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीन महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। उन्होंने पहले शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 18 गेंदों में 32 रन जोड़े। इसके बाद जेसन होल्डर के साथ पांचवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 47 रन और सातवें विकेट के लिए 15 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की। इन साझेदारियों की बदौलत वेस्टइंडीज का स्कोर 170 तक पहुंचा। हेटमायर ने 31 गेंदों में 52 रन, रदरफोर्ड ने 18 गेंदों में 35 रन और होल्डर ने 15 गेंदों में 20 रन बनाए।

# अंग्रेज कप्तान ने 43 दिन में ही छीन लिया स्मृति मंधाना से नंबर 1 का ताज

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना को पछाड़कर आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। उधर, हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की रैंकिंग में भी काफी सुधार हुआ है, जबकि दीप्ति शर्मा ने शीर्ष बॉलर्स में अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को भारत के खिलाफ उनके हालिया अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने आईसीसी महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में फिर से नंबर 1 बैटर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। नैट साइवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन मैच की सीरीज में सर्वाधिक 160 रन बनाने के साथ 2025 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर वापसी की। ब्रंट इससे पहले 2023 में रैंकिंग में शीर्ष पर रही थीं।

स्मृति मंधाना ने पिछली 17 जून 2025 को ही करीब 6 साल बाद शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी, लेकिन महज 43 दिन तक ही वह इस कुर्सी पर बैठ पाई और अंग्रेज कप्तान ने फिर से उसे स्थान को हथिया लिया। स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैच में 115 रन बनाए थे, लेकिन वह आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसक गई। नैट साइवर-ब्रंट के अब 731 अंक हैं, जबकि स्मृति मंधाना के 728 अंक हैं।







### हरमनप्रीत कौर ने लगाई 10 स्थान की छलांग

इस बीच, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन का इनाम मिला। हरमनप्रीत कौर ने सीरीज के 3 वनडे मैच में 42.00 के औसत से 126 रन बनाए। वह ताजा आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में 21वें नंबर से ऊपर उठकर 11वें नंबर पर पहुंच गईं।

### दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर कायम

भारत की मध्यक्रम की बैटर जेमिमा रोड्रिग्स 15वें से 13वें स्थान पर पहुंच गईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 3 वनडे में 33.67 के औसत से 101 रन बनाए। आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में भारत की दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर कायम हैं। इंग्लैंड की सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और मेगन शट ने भी क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान बरकरार रखा है।

### शीर्ष-10 में पहुंचीं आयरलैंड की ओरला प्रेंडरगैस्ट

महिला वनडे ऑलराउंडर्स रैंकिंग के शीर्ष 10 में सिर्फ 2 बदलाव हुए हैं। नैट साइवर-ब्रंट को एक स्थान का नुकसान हुआ है। अब वह 8वें स्थान पर खिसक गई हैं। वहीं, आयरलैंड की ओरला प्रेंडरगैस्ट को 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब वह 10वें नंबर पर पहुंच गई हैं। दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर बनी हुई हैं।

ऑपरेशन महादेव पर कांग्रेस नेता को शक

# आतंकी को पहले से पकड़ रखा था और अब मारा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने सेना के ऑपरेशन ऑपरेशन महादेव पर सवाल उठा दिया है। उदित राज ने आशंका जाहिर की है कि पहलगाम आतंकी हमले के सरगना को पहले ही पकड़ लिया गया था और अब संसद में चर्चा से ठीक पहले उसे मार दिया गया। उन्होंने सरकार पर इवेंट मैनेजमेंट का आरोप लगाया है।

उदित राज ने आरोप लगाया कि सेना सरकार के दबाव में है। उन्होंने कहा कि सेना का हाथ कई बार बांधा गया है नहीं तो पाकिस्तान की हालत बहुत खराब होती। उन्होंने ऑपरेशन महादेव पर शंका और कई सवाल उठाते हुए कहा कि हो सकता है कि पहले से पकड़कर रखा हो और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले मार दिया गया। उन्होंने कहा, बहुत संभव है कि सेना को जो आज आतंकवादी मारा गया है, उसे कहा गया होगा रोकने के लिए, चूंकि सेना इनके दबाव में है। हालांकि, सेना बहुत अच्छा काम कर रही है। खुद जब सेना के अधिकारी ने कहा कि उनको ऐक्शन नहीं लेने दिया गया तो आज जो एक आतंकवादी, जो पहलगाम में शामिल था, उसे ढेर कर दिया गया। हो सकता है कि आज जो ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी थी,इसी दिन के लिए रोक कर रखा हो। फिर इवेंट मैनेजमेंट कर रखे हों। हो सकता है पहले से पकड़कर रखा हो, पहले क्यों नहीं मार दिया? पहले क्यों नहीं पकड़ लिया? बाकी कहां चले गए? पहलगाम में सुरक्षा में चूक हुई। सिक्यॉरिटी होते हुए भी हो जाता तो कोई बात नहीं थी। किसी भी स्तर की सिक्यॉरिटी नहीं थी। बीएसएफ, सीआरपीएफ, लोकल पुलिस कोई नहीं, इसका क्या मतलब निकाला जा सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि महाशक्ति और दूसरी छोटी शक्ति के बीच यदि लड़ाई होती हैतो लड़ाई के बाद महाशक्ति भी स्वीकार करती है कि हमारी क्या क्षति हुई।

## जलभराव-जाम पर हाईकोर्ट सख्त; दिल्ली सरकार को दिए आदेश, एजेंसियों के कामकाज पर सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव, बारिश एवं अन्य समय में यातायात जाम को कम करने से संबंधित दो याचिकाओं पर दिल्ली सरकार को एक आदेश जारी किया। साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में एमसीडी, डीडीए समेत अन्य एजेंसियों के कामकाज पर सवाल उठाते हुए खिंचाई की। अदालत ने दिल्ली सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासन और प्रबंधन को केंद्रीकृत करने पर निर्णय लेने का निर्देश दिया।

जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि बारिश जल निकासी नालियों का प्रबंधन एमसीडी के पास है और सीवेज लाइनें दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधीन हैं। इसकी वजह से ना तो नालियों और ना ही सीवेज लाइनों का मेंटिनेंस नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से दिल्ली में जलभराव की समस्या देखी जा रही है।

अदालत ने एजेंसियों की खिंचाई करते हुए कहा कि इनमें से किसी भी नाली के पाइप का संबंधित एजेंसी द्वारा उचित प्रबंधन नहीं किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल दी जा रही है। आलम यह है कि अधिकांश कॉलोनियों में नालियां लोगों या निर्माण कार्यों द्वारा जाम हैं।

# एमपी में 'लापता' कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी पर कसा शिकंजा

■ पापा फरार, बेटी दिल्ली से गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के इंदौर में कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इंदौर पुलिस ने सोमवार शाम दिल्ली से अनवर कादरी की बेटी आयशा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अनवर कादरी पर लव जिहाद के लिए फंडिंग और हिंदू युवतियों को देह व्यापार में धकेलने की साजिश रचने का केस दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही अनवर लगातार फरार चल रहे हैं।

आरोपी पार्षद की फरारी के दौरान उनकी मदद करने वालों पर अब पुलिस का शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रही अनवर के बेटी आयशा को सोमवार को दिल्ली के शालीमार बाग से गिरफ्तार कर लिया। वह पिता अनवर कादरी के फरार होने के बाद उनके संपर्क में थी। बताया जा रहा है कि आयशा अपने पिता अनवर कादरी के साथ दिल्ली में थी। इंदौर पुलिस ने सोमवार को जब वहां दबिश दी तो अनवर फरार हो गए, जबकि आयशा पुलिस के हत्थे चढ़ गई। इस बीच अब पुलिस ने कांग्रेस पार्षद पर इनाम की रकम दोगुनी कर दी है। पुलिस ने पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की रकम दस हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दी। अगर अगले कुछ दिनों में कांग्रेस पार्षद गिरफ्तार नहीं होते हैं तो उनकी संपत्तियां कुर्क करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। पुलिस ने बताया कि शहर के दो युवक - साहिल शेख और अल्ताफ शाह ने जून महीने में पुलिस की पूछताछ में कथित तौर पर यह स्वीकार किया था कि हिन्दू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर उनका धर्मांतरण कराने के लिए कादरी ने उन्हें तीन लाख रुपये दिए थे और यह रकम उन्होंने युवतियों पर खर्च की थी। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। माना जा रहा है कि कांग्रेस पार्षद की गिरफ्तारी के बाद इस मामलें में कई और राज खुल सकते हैं।

# भारत में फर्जी देशों के 5 और प्रतिनिधियों की पहचान

▶ जल्द गिरफ्तारी की तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** फर्जी राजदूत हर्षवर्धन जैन की तरह स्वयंभू देशों के कई अन्य राष्ट्रों के प्रतिनिधि भी देश में मौजूद हैं। अभी तक की जांच में ऐसे पांच और राष्ट्र प्रतिनिधियों की पहचान हुई है। यूपी एसटीएफ ने उन लोगों को भी चिन्हित कर लिया है, जो फर्जी दस्तावेज पर विदेश मंत्रालय की मुहर लगाते थे।

फर्जी राष्ट्र प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस फर्जी राजदूत हर्षवर्धन जैन को दिल्ली और गुजरात लेकर जाएगी। एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने 22 जुलाई की रात कविनगर की कोठी नंबर केबी-35 पर छापेमारी कर अवैध रूप से चल रहे दूतावास का भंडाफोड़ कर मौके से कविनगर निवासी हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार किया था। हर्षवर्धन खुद को वेस्ट आर्कटिका, सर्बोगा, पॉलविया और लोडोनिया आदि स्वयंभू देशों का काउंसलर और कॉन्सुल एंबेसडर (वाणिज्य दूत) बताता था। पूछताछ और हर्षवर्धन जैन से मिली डायरी के आधार पर एसटीएफ को अहम जानकारी मिली, जिसके बाद 23 जुलाई को उसे जेल भेज दिया गया था।

शुरुआती जांच में पता चला था कि जिन लोगों के माध्यम से फर्जी दस्तावेजों पर विदेश मंत्रालय की मुहर लगवाई गई, वह पटियाला हाउस निवासी जफर और मिथुन हैं। जांच एजेंसियों ने उन दोनों पर शिकंजा कसने के लिए दिल्ली में डेरा डाल दिया है। इसके अलावा माइक्रोनेशन के नाम पर घोषित किए गए स्वयंभू देशों के प्रतिनिधि के तौर पर कई अन्य लोग भी देश में मौजूद हैं। उनमें पांच लोगों के नाम चिन्हित भी हो चुके हैं। इन लोगों को गिरफ्तार करने और मुहर, दस्तावेज तथा अन्य सामान बरामद करने के लिए एसटीएफ हर्षवर्धन को दिल्ली और गुजरात लेकर जाएगी। हर्षवर्धन जैन से पूछताछ के लिए एसटीएफ ने सवालों की लंबी सूची बनाई है। एसटीएफ विदेश से हर्षवर्धन की विस्तृत जानकारी हासिल करने के लिए उसका ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी करा चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, रिमांड अर्जी में एसटीएफ ने हवाला दिया कि अवैध दूतावास से बरामद विदेश मंत्रालय की मुहर लगे दस्तावेजों पर हस्ताक्षरों की भिन्नता थी, जिसके चलते वह कूटरचित प्रतीत हो रहे थे। विदेश मंत्रालय की मुहर लगाने वाले व्यक्ति और उसके पास मौजूद मुहरों की बरामदगी की जानी है।

## करोड़ों कमाने के सपने दिखाकर ठगने वाले 8 पूर्व फौजी गिरफ्तार, दुबई से जुड़े तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने सोमवार को भोलेभाले लोगों को करोड़पति बनाने का झांसा देकर ठगने वाले गैंग का पर्दाफाश कर 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अमीर बनने के लिए सेना की नौकरी छोड़ ठगी का धंधा शुरू कर दिया था। दुबई से संचालित इस गैंग का नेटवर्क देश के कई राज्यों में फैला हुआ है। नाम पर लोगों को जल्द अमीर बनने का झांसा देते थे और फिर उनसे ठगी कर लेते। लोगों से कंपनी के उत्पाद जैसे सोना, हीरा और घड़ियों को खरीदने और बेचने के नाम पर निवेश कराया जाता। इस कंपनी के खिलाफ दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा में भी जांच चल रही है। राजस्थान, मेघालय, मणिपुर, मध्य समेत समेत अन्य राज्यों में भी इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनकी पहचान पश्चिम बंगाल के विधान डागर, कौशिक डागर, गणेश बेरा, तापस धारा, झारखंड के सतीश शाव, गुजरात के कल्पेश राजू और पंजाब निवासी गुरविंदर सिंह और गुरदीप सिंह के रूप में हुई।

## पहले मंदिरों की रेकी करता था और फिर...; शातिर निकला 22 साल का लड़का

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के कई मंदिरों में चोरी की घटनाओं में कथित रूप से शामिल 22 साल के एक लड़के को गाजीपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपी की पहचान मोंटी के रूप में हुई है। उसे 12 जुलाई को मयूर विहार फेज-3 स्थित एक मंदिर में हुई चोरी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को मंदिर में चोरी की सूचना मिली, जिसके बाद गाजीपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने मंदिर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और ज्ञात अपराधियों के आपराधिक रिकॉर्ड से उसका मिलान किया। इसके बाद सोमवार को मोंटी की पहचान कर उसे पकड़ लिया गया।

पूछताछ के दौरान मोंटी ने मंदिर में चोरी की बात कबूल की। उसने बताया कि वह अपने तीन साथियों के साथ मिलकर इस काम को अंजाम देता था। अधिकारी ने बताया कि गिरोह मयूर विहार, न्यू कोंडली और आसपास के इलाकों के मंदिरों को निशाना बनाता था। पुलिस ने बताया कि मोंटी ने चोरी की बात स्वीकार कर ली है। उसने बताया कि यह गिरोह छोटे मंदिरों की रेकी करता था। उसके बाद लोहे की छड़ों का इस्तेमाल करके या छोटी दीवारें फांदकर अंदर घुस जाता था।

## दिल्ली में फुटपाथों को लेकर रेखा गुप्ता सरकार की बड़ी तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोग पैदल चलने में खुद को सुरक्षित महसूस करें और उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए रेखा गुप्ता सरकार बड़ी तैयारी कर रही है। मानसून खत्म होने के बाद इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा सड़क सुधार के तहत बागवानी करने और नए सड़क संकेतक लगाने की भी योजना बनाई जा रही है।

दिल्ली के लोगों की पैदल यात्रा को सुरक्षित और आसान बनाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने राजधानी की मुख्य सड़कों पर 200 किलोमीटर लंबे फुटपाथों की मरम्मत की योजना बनाई है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा की जाने वाली यह परियोजना मानसून खत्म होने के तुरंत बाद शुरू कर दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल दिल्ली को पैदल यात्रियों के लिए और अधिक अनुकूल बनाने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है। इसके तहत न केवल सड़कों बल्कि फुटपाथों और नालियों में भी सुधार किया जाएगा। यह सब एक ही व्यापक टेंडर के तहत किया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में काम पहले ही टेंडर के चरण में पहुंच चुका है। अन्य क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त फुटपाथों की पहचान के लिए सर्वेक्षण जारी है। उन्होंने आगे कहा कि सभी उप-विभागों को सर्वेक्षण में तेजी लाने और मानसून के बाद देरी से बचने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है। पीडब्ल्यूडी सड़क सुधार के तहत बागवानी कार्य करने और नए सड़क संकेत लगाने की भी योजना बना रहा है। दिल्ली की लगभग 1400 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़कें 2012 में विकास और रखरखाव के लिए पीडब्ल्यूडी को सौंप दी गई थीं, लेकिन इनकी साफ-सफाई जिम्मेदारी अभी भी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पास है।

## दिल्ली के सीएम श्री स्कूलों में दाखिले की दौड़ आज से

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के सीएम श्री स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के तहत दाखिले की दौड़ बुधवार से शुरू हो रही है। इन स्कूलों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने इस सत्र से 75 सीएम श्री स्कूल स्थापित किए हैं। इनमें 30 जुलाई से 15 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

एडमिट कार्ड 23 अगस्त और 30 अगस्त को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ढाई घंटे की होगी। परिणाम 10 सितंबर को घोषित होंगे। शिक्षा निदेशालय ने बताया कि 15 सितंबर तक दाखिला प्रक्रिया संपन्न करनी होगी। सीएम श्री स्कूलों में आवेदन करने के पात्र वही छात्र हैं, जो दिल्ली के निवासी हैं।

साथ ही, किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि कम से कम 50 फीसदी सीट उन छात्रों के लिए आरक्षित होंगी, जो वर्तमान में सरकारी स्कूलों में छठवीं, सातवीं और आठवीं में नामांकित हैं। इनमें शिक्षा निदेशालय, नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल शामिल हैं।

## डर के साए में रोमांस ! शांत माहौल, रात का अंधेरा और अचानक पानी में... सिर्फ एक इंच दूर थी मौत



**प्यूर्टो रिको एजेंसी।** इंटरनेट पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो सकते हैं। ये वीडियो एक कपल की रोमांटिक डेट का है, जो देखते ही देखते एक खौफनाक अनुभव में बदल जाती है। बताया जा रहा है कि यह घटना प्यूर्टो रिको की है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कपल कयाक पर बैठकर नदी में रात के समय रोमांटिक डेट का आनंद ले रहा होता है। चारों ओर शांति होती है और माहौल बेहद सुकून भरा नजर आता है। तभी अचानक लड़की को पानी में कुछ हलचल महसूस होती है और वह घबरा जाती है। कुछ ही सेकंड में साफ हो जाता है कि वह हलचल किसी आम चीज की नहीं थी, बल्कि एक भीमकाय मगरमच्छ की थी जो उनके कयाक से महज एक इंच की दूरी पर आकर रुक गया था। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि मगरमच्छ बिना कोई हमला किए बेहद शांति और खामोशी से कयाक के पास से गुजर गया। ऐसा लग रहा था मानो वह कपल की प्राइवेसी का सम्मान कर रहा हो। वीडियो के इस हिस्से को देखकर सोशल मीडिया यूज़र्स भी चौंक गए। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर अकाउंट से 15 जुलाई को शेयर किया गया था। अब तक इस पर 5.66 लाख से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं और हजारों लोग कमेंट कर चुके हैं।

एक यूजर ने लिखा, इससे खौफनाक रोमांटिक डेट और क्या हो सकती है। दूसरे ने कहा, कपल शायद जिंदगी भर इस डेट को नहीं भूलेगा। एक अन्य यूजर ने हैरानी जताते हुए लिखा, लड़की तो इतने डर में थी कि चीख तक नहीं निकली। वहीं एक मजाकिया कमेंट आया, लगता है मगरमच्छ आज डाइट पर था, इसलिए छोड़ दिया।

यह वीडियो न केवल रोमांचक है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के बीच रोमांस करते समय सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। जरा सी लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है।

## अमेरिका के मैनहटन में ऑफिस बिल्डिंग के बाहर गोलीबारी, पुलिस अफसर समेत 5 की मौत



**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मिडटाउन मैनहटन में सोमवार शाम एक ऑफिस बिल्डिंग में हुई गोलीबारी की घटना में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ऑफ-ड्यूटी न्यूयॉर्क पुलिस अधिकारी भी शामिल है।

हमले के मुख्य संदिग्ध की पहचान नेवादा के शेन तमुरा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से लास वेगास का कन्सील्ड कैरी परमिट भी बरामद हुआ है। शूटिंग शाम 6:30 बजे पार्क एवेन्यू की एक हाई-प्रोफाइल बिल्डिंग में हुई, जिसमें अमेरिका की बड़ी फाइनेंशियल कंपनियों और एनएफएल के ऑफिस स्थित हैं। दूसरी मंजिल पर एक प्रेजेंटेशन देख रहीं जेसिका चेन ने एबीसी न्यूज़ को बताया कि उन्होंने पहली मंजिल से लगातार कई गोलियों की आवाजें सुनीं। वहां मौजूद लोगों ने कॉनफ्रेंस रूम की टेबलों से दरवाजा ब्लॉक किया और जान बचाने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं और पुलिस अभी भी बिल्डिंग में फ्लोर-दर-फ्लोर तलाशी अभियान चला रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे बिल्डिंग में ही रहें।

# पुतिन को नहीं ट्रंप की परवाह: रूस ने यूक्रेनी जेल पर किया बड़ा हवाई हमला, 17 कैदियों की मौत व 80 से घायल



**मास्को/कीव , एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में एक और खौफनाक हमला हुआ है। रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी हिस्से जापोरिजिया में स्थित एक जेल पर देर रात हवाई हमला किया। इस हमले में कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई है और 80 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन की *स्टेट क्रिमिनल एग्जीक्यूटिव सर्विस ने जानकारी दी कि सोमवार देर रात रूस ने जेल को निशाना बनाते हुए चार बम गिराए। इस बमबारी में 'बिलेनकिवस्का करेक्शनल कॉलोनी' नाम की जेल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, जेल का भोजन कक्ष पूरी तरह तबाह हो गया है जबकि प्रशासनिक भवन को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

हालांकि जेल की चारदीवारी अब भी सलामत है और किसी कैदी के फरार होने की खबर नहीं है। हमले के बाद घायल हुए 42 कैदियों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी घायलों को भी अलग-अलग चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। यूक्रेनी अधिकारियों ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। यूक्रेन का कहना है कि जेल जैसे असैन्य (नॉन-मिलिट्री) ढांचों पर हमला करना सीधा-सीधा अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है और इसे *युद्ध अपराध* माना जाएगा। यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह रूस के ऐसे हमलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। अधिकारियों का कहना है कि युद्ध में जेलों और अस्पतालों को टारगेट करना मानवीय नियमों के खिलाफ है। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन जंग को एक साल से ज्यादा वक्त हो चुका है और इसमें अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है। जापोरिजिया इलाका भी इस युद्ध में लगातार हमलों की जद में बना हुआ है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर ट्रंप का नया अल्टीमेटम-अचानक घटाई युद्धविराम अवधि, कहा-अब आपके सिर्फ...

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दी गई समयसीमा अचानक कम कर दी है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास सिर्फ 10 से 12 दिन का वक्त है, जबकि पहले उन्होंने 50 दिन की डेडलाइन दी थी। ट्रंप ने कहा कि वह चाहते हैं कि 7 से 9 अगस्त तक शांति समझौते की दिशा में ठोस प्रगति हो। उन्होंने 14 जुलाई को चेतावनी दी थी कि अगर सितंबर तक युद्ध खत्म नहीं हुआ तो रूस पर भारी शुल्क लगाया जाएगा। अब समयसीमा घटने से रूस के व्यापारिक साझेदारों पर भी अतिरिक्त शुल्क और प्रतिबंध लगने की आशंका बढ़ गई है। ट्रंप ने कहा कि इसकी औपचारिक घोषणा जल्द की जाएगी। स्कॉटलैंड यात्रा के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए ट्रंप ने कहा-÷इंतजार की अब कोई ठोस वजह नहीं है। हमें कोई प्रगति नहीं दिख रही। पुतिन को समझौता करना ही होगा, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं।÷ ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या वह पुतिन से मुलाकात करेंगे तो उन्होंने साफ कहा-÷अब मुझे बातचीत में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है।÷ रूस की तरफ से ट्रंप के इस नए अल्टीमेटम पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस बीच यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक रूस ने रातभर में 300 से ज्यादा ड्रोन चार क्रूज मिसाइल और तीन बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। आम नागरिकों पर बमबारी को लेकर ट्रंप ने एक बार फिर पुतिन की आलोचना की।अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध खत्म करने के प्रयास अभी तक खास सफल नहीं रहे हैं।

# आदिवासियों का विकास प्रशासन के एजेंडे में सबसे ऊपर: उपायुक्त

## चार पीवीटीजी गांव को जिला प्रशासन लेगा गोद, आदर्श गांवों के रूप में होगा विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** प्रशासन की सफलता तभी मानी जाएगी जब समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचे। आदिवासियों का विकास प्रशासन के एजेंडे में सबसे ऊपर है यह प्रशासन का संकल्प है। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह मंगलवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के बिरहोरटांडा में आयोजित विशेष शिविर को संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि जिले में 04 पीवीटीजी गांव है। जिन्हें जिला प्रशासन स्वयं गोद लेगा और उन्हें *आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल से ना केवल बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि इससे समाज के लोगों का सामाजिक और आर्थिक मुख्यधारा में भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। इन गांवों में प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, खेलकूद मैदान, स्वास्थ्य उपकेंद्र, रोजगार केंद्र तथा सांस्कृतिक मंच जैसी बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ रूप से स्थापित की जाएंगी। इससे ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलेगा, साथ ही सांस्कृतिक पहचान को भी बल मिलेगा। इस पर अगले 02 माह में विकास कार्य शुरू होगा।

शिविर के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों के भीतर पीवीटीजी परिवार के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण पूर्ण करें। ताकि, जमीन की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप योजनाएं तैयार हो, जिससे सबों का विकास हो सके।

डीसी ने कहा कि जिले में मेरे गांव - मेरे लोग अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत प्रत्येक शिनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारी विभिन्न पंचायतों में जाकर वहां के ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे हैं। गांव की जरूरत लोगों की समस्या को सुनकर उसका समाधान किया जा रहा है। यह पहल जनभागीदारी और प्रशासनिक उत्तरदायित्व का समन्वय है। इसका मकसद लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रख योजनाएं तैयार करना है।

शिविर में उपस्थित पीवीटीजी परिवार के बच्चों के बीच डीसी, जिला परिषद अध्यक्ष, डीडीसी, जिला कल्याण पदाधिकारी, मुखिया आदि के द्वारा शैक्षणिक सामग्री, लाभुकों को मक्का एवं मूंग दाल का बीज, तथा महिलाओं का वस्त्र वितरित किया गया। मौके पर क्रमवार डीसी - डीडीसी ने ग्रामीणों से संवाद किया। उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।



शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, आधार, कल्याण, पशुपालन सहित कई विभागों ने अपने स्टॉल लगाए थे। उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने क्रमवार सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कहा कि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक विभाग की योजनाएं पहुंचाएं। कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक करें।

अंत में अपने संबोधन में उपायुक्त श्री झा ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन की पूरी टीम उनके कल्याण के लिए पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम आपके लिए हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि आप सुरक्षित, सशक्त और सम्मान के साथ जीवन जिएं। जिला प्रशासन आपके साथ है।

मौके पर उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

तुलबुल पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित आम बागवानी परियोजना का भी उपायुक्त झ उप विकास आयुक्त ने स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के लाभुक प्रदीप मांझी से संवाद किया और उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए मार्केट लिंकेज को मजबूत करने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

मौके पर अपने संबोधन में डीडीसी ने कहा कि पीवीजीटी ग्राम विकास को लेकर योजना का प्रस्ताव तैयार कर राज्य को प्रेषित किया जाएगा। जरूरतमंदों को पीएम जनमन योजना के तहत आवास की सुविधा आदि उपलब्ध कराई जाएगी। जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला समूह के पत्तल निर्माण को लेकर जल्द मशीन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन को लेकर सभी पदाधिकारियों व उनकी टीम को बधाई दी।

मौके पर एसडीएम बेरमो मुकेश मछुआ, मुखिया ममता देवी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, बीडीओ गोमिया महादेव महतो, सीओ गोमिया अफताब आलम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दूबे, पीओ मानिकचंद्र प्रजापति, डीपीओ यूआइडी शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# एंबुलेंस चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। झारखंड राज्य में 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े चालक और टेक्नीशियन अपने बकाया मानदेय और अन्य समस्याओं को लेकर लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल पर डटे हुए हैं। जिसमें धनबाद के भी एंबुलेंस चालक शामिल हैं। बीएमएस (भारतीय मजदूर संघ) के बैनर तले जारी इस हड़ताल में जिले भर के एंबुलेंस चालक शामिल हैं, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। हड़ताली चालकों का कहना है कि उन्हें पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। कई बार सम्मान फाउंडेशन से वार्ता के बावजूद उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया। अब उनका कहना है कि स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की पढ़ाई रुक गई है और खाने तक के पैसे नहीं हैं।वही चालकों ने यह भी आरोप लगाया कि न उन्हें आराम करने का समय दिया जाता है, न ही कोई सुविधा है। उनका कहना है कि जब तक उन्हें बकाया वेतन नहीं मिलेगा तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

**चालकों ने बैनर-पोस्टर के साथ किया प्रदर्शन**



धनबाद में लगभग 32 लाख की आबादी के लिए सरकार द्वारा 37 एम्बुलेंस चलाई जाती हैं। इसके लिए 108 पर कॉल करना होता है। नियमों के अनुसार, कोई भी मरीज, बीमार, गर्भवती, घायल आदि 108 पर कॉल करके मुफ्त सेवा प्राप्त कर सकता है। धनबाद में एम्बुलेंस चालक प्रतिदिन लगभग 150 चक्कर लगाते हैं। लेकिन सोमवार को एक भी एम्बुलेंस नहीं चली।

## लाखों का नारकोटिक जब्त, दो गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने आज करीब 500 किलो डोडा के जब्त होने की सूचना एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से दी। रामगढ़ पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में अवैध डोडा लोड कर बोकारो की ओर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक तेजी से भागने लगा फिर पीछा कर वाहन को रोका गया जिसमें दो युवक झ संदीप रजक (उम्र 28 वर्ष) व संतोष राम (उम्र 22 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर पिकअप में प्लास्टिक की 18 बोरियों में प्रतिबंधित डोडा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 480.27 किलोग्राम था। मामले में रामगढ़ थाना कांड संख्या-138/2025, एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने पिकअप वैन, डोडा और दो मोबाइल जब्त किए और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# बोकारो की शिक्षिका अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 में हुईं शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत मंडपम, नई दिल्ली में आज आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम (एबीएसएस) 2025 में देशभर से चुनिंदा शिक्षाविद, नीति निर्माता और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बोकारो की दो शिक्षिकाओं को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2020 से सम्मानित डॉ. निरुपमा कुमारी जिला रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चास, बोकारो तथा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित डॉ. आशा रानी प्लस टू उच्च विद्यालय चंदनकियारी ने इस समागम में भागीदारी निभाई। दोनों ही शिक्षिकाएँ राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की मेंटर हैं और देशभर के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इस समागम का उद्घाटन भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया गया। उन्होंने एनईपी 2020 के अंतर्गत हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए शिक्षा के अगले चरण के लिए रूपरेखा प्रस्तुत की। समागम में राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को सुलभ, समावेशी, व्यावहारिक और वैश्विक अर्थव्यवस्था के अनुरूप बनाने पर बल दिया गया।



इस मौके पर डिजिटल शिक्षा, भारतीय भाषाओं में शिक्षण, माध्यमिक शिक्षा में सुधार, और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चाएँ हुईं। साथ ही 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन, 'स्वयं', 'समर्थ', 'परख' जैसी पहलों की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ भी सामने आईं।

विशेष रूप से डॉ. निरुपमा कुमारी और डॉ. आशा रानी की उपस्थिति ने यह दर्शाया कि बोकारो जैसे जिले से भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार की प्रेरणाएँ देश को मिल रही हैं। दोनों शिक्षिकाएँ शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार, तकनीकी समावेश और बाल केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा दे रही हैं। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच पर उनकी सहभागिता से न केवल बोकारो बल्कि पूरे झारखंड को गौरव की अनुभूति हुई है। झारखंड राज्य से अन्य तीन शिक्षक भी इस समागम में सम्मिलित हुए। जमशेदपुर से मनोज कुमार सिंह एवं शिप्रा मिश्रा तथा देवघर से अरविंद राज जजवारे सम्मिलित हुए।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी नियंत्रण को लेकर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि एक भी जान का नुकसान बहुत बड़ा नुकसान है, और इसे रोकने के लिए हमें सभी जरूरी कदम उठाने होंगे। उन्होंने डीटीओ वंदना शेजवलकर से पिछले माह हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी ली और जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। बैठक में निर्देशित किया कि वे चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर त्वरित कार्य करें। कैसे यहां होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उक्त स्थानों पर यातायात संकेतक, बैरियर, सड़क चौड़ीकरण, स्पीड ब्रेकर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां सुधार कार्य में कार्यरत सड़क सुरक्षा टीम अध्ययन कर ठोस कदम उठाएं।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग एवं 108 एंबुलेंस सेवा को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम और कम किया जाए। इसके लिए कंट्रोल रूम को अधिक सक्रिय बनाए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि एक-एक मिनट की देरी भी किसी घायल की जान ले सकती है।

बैठक में गुड सेमेरिटन योजना पर विशेष बल देते हुए कहा कि आमजन को इस योजना की जानकारी होनी चाहिए, ताकि घायलों की मदद करने वालों को सुरक्षा एवं पोत्साहन राशि मिले और लोग बिना भय के आगे आएं। उन्होंने सरकार की इस योजना का पोस्टर, बैनर व ऑडियो-विजुअल माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। उपायुक्त ने परिवहन विभाग, पथ निर्माण विभाग, पुलिस, नगर निगम, एनएचएआई, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को निर्देशित किया कि वे एक संयुक्त कार्य योजना तैयार करें।

## पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार जनशिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी नियाज अहमद ने समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में पारिवारिक सूची बनाने, रैयती जमीन पर हुए अवैध कब्जा हटाने, पंजी 2 में सुधार करने, आंगनबाड़ी सेविका चयन करने, पोषण सखी के मानदेय भुगतान करने, सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने, बाबुडीह में सड़क निर्माण करने, गोविंदपुर में तालाब के आउटलेट बनाने, मुहल्ले से नमक फैक्ट्री हटाने, माइयां सम्मान योजना का लाभ देने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए।

लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। मौके पर सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा एवं जन शिकायत कोषांग के कर्मी मौजूद थे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र के भैया-दीदी काउंटर की शुरूआत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जिले में पथ विक्रेताओं, श्रमिकों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं की आसान पहुँच दिलाने के लिए आज एक विशेष पहल की गई। उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में मंगलवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र, चास शाखा में भैया-दीदी काउंटर का शुभारंभ किया गया। इस विशेष काउंटर का उद्घाटन जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक अबिद हुसैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि यह काउंटर मुख्य रूप से फल-सब्जी विक्रेताओं, दिहाड़ी मजदूरों और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के लिए समर्पित होगा, जिससे उन्हें बैंकिंग सेवाओं का सहज, त्वरित और सम्मानजनक लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर शाखा की उपप्रबंधक संगीता कुमारी, सहायक प्रबंधक राजू गुप्ता, कैशियर प्रवीण प्रियदर्शी, रश्मि रानी हैसा एवं अन्य बैंककर्मी व ग्राहकों की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय हो कि उपायुक्त द्वारा जिले के सभी प्रमुख बैंकों को निर्देश दिया गया है कि भैया-दीदी काउंटर जैसे सुविधा केंद्रों की स्थापना सुनिश्चित करें, ताकि हाशिए पर खड़े नागरिकों को वित्तीय समावेशन की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## किसानों को दिया जाएगा मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

**धनबाद।** उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सिद्धो- कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड धनबाद की प्रबंध समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा पूर्व आवंटित जमीन के बदले अन्य स्थल पर सिद्धो- कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ को आवंटित करने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया गया। कार्यालय कार्य संचालन हेतु प्रोफेशनल मैनपॉवर एवं मल्टी टास्क स्टाफ के परिश्रम के संबंध में विभाग द्वारा अधिकृत जैप आईटी के निर्धारित दर पर देने का निर्णय लिया गया। साथ ही समिति का कार्यालय भवन मिश्रित भवन के कमरा संख्या 16, 17 एवं 18 में रखने का निर्णय लिया गया। वही इस दौरान दो नए सदस्य पैक्स को सदस्यता प्रदान की गई। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला के 25 किसानों को मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।बैठक में डीएफओ विकास पालीवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश समेत विभिन्न विधायक प्रतिनिधि एवं सदस्य मौजूद रहे।

# चलाया गया यक्ष्मा जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** राजगंज डिग्री कालेज, राजगंज में भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद एवं जिला यक्ष्मा विभाग धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में यक्ष्मा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह एवं चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं जिला यक्ष्मा कार्डिनेटर जावेद अंसारी एवं कालेज से प्रभारी प्रिंसिपल महोदया सह पैटरान सदस्य महोदया शर्मिला रानी भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद, सहायक प्रोफेसर इंचार्ज अरुण केशरी, डाक्टर राशु चन्द्र महतो, डाक्टर रंजीत सिंह, डाक्टर परमेश्वर महतो, डाक्टर त्रिवेणी प्रसाद महतो, डाक्टर सुरेश प्रसाद महतो, आशा कुमारी, एवं अन्य स्टाफ सदस्य विरेन्द्र रजवार, गणेश महतो, संतोष पासवान, गौतम महतो, ऋषिकेश साव, अर्जुन महतो, रोशनी कुमारी एवं करीब 50 छात्र-छात्राओं ने इस जागरूकता अभियान में शिरकत किए।

# ट्रैक मेंटेनर्स को विभाग परिवर्तन के लिए फिर मिला अवसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन और उसकी सभी अनुषंगी जोनल यूनियन रेलकर्मियों को उनके बेहतर सेवा के अधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर सदा ही तत्पर रहता है। इसी भावना के तहत ईसीआरकेयू ने महाप्रबंधक तथा मंडल रेल प्रबंधक के साथ होने वाली स्थाई वार्ता तंत्र की बैठकों में निरंतर यह मांग उठाती रही है कि रेलवे की रीढ़ कहे जाने वाले ट्रैक मेंटेनर्स जो अपने कठिन परिश्रम से संरक्षित रेल परिचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें अन्य विभाग के कर्मचारियों की तरह ही दूसरे विभाग में जाने का अवसर मिलना चाहिए। अपनी बात रखते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री और एआईआरएफ के वर्किंग कमिटी के मेम्बर मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि फेडरेशन ने इस मांग के तहत रेलवे बोर्ड से नीतियां बनवा कर लेटरल इंडक्शन प्रक्रिया के अधीन दूसरे विभाग की रिक्तियों के 10% प्रतिशत को ट्रैक मेंटेनर्स द्वारा भरा जाना सुनिश्चित किया है। रेलवे बोर्ड ने अपने आदेश संख्या - 137/2023, 138/2023 और 41/2024 में इन नीतियों को और भी स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि ईसीआरकेयू ने महाप्रबंधक हाजीपुर पत्र संख्या- ईसीआर /एच आर डी/ इंजीनियरिंग/ ट्रेक मेंटेनर/पीवे/ 10%, दिनांक- 22.08.2019 के अंतर्गत धनबाद मंडल से वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी के पत्र संख्या - 1790 /08/रूलिंग/10% लेटरल इंडक्शन कोटा /2024 दिनांक 13/08/ 2024 को 48 ट्रैक मेंटेनर्स को विभिन्न विभागों में समायोजित किए जाने की प्रक्रिया सम्पन्न करवाई थी। उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए मंडल प्रशासन ने पुनः पत्र संख्या- ई/इंजिनियरिंग / 10% इंडक्शन कोटा/ 2025 दिनांक 28/07/



2025 में परिचालन विभाग के 89 प्वाइंट्समैन पदों के लिए ट्रैक मेंटेनर्स के नाम सूचीबद्ध करते हुए अगस्त माह में साक्षात्कार के लिए तिथियाँ निर्धारित किया है। मो ज्याऊद्दीन ने सभी ट्रैक मेंटेनर्स को उनके प्रतिनियुक्ति की शुभकामनाएं दीं हैं।

ट्रैक मेंटेनर्स के इस प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया के लिए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास, ईसीआरकेयू के केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष ,जितेंद्र कुमार साव,बसंत दूबे,आर के सिंह,बी के साव,आई एम सिंह,चंदन शुक्ल,पी के सिन्हा, बी बी सिंह,महेन्द्र प्रसाद महतो,पी के गांगुली,रणधीर प्रसाद,अभय राज सिंह,आर एन चौधरी,अजीत कुमार मंडल,सुनील कुमार सिंह,उमेश सिंह,सी पी पाण्डेय,मंटू सिन्हा, परमेश्वर कुमार,विश्वजीत मुखर्जी, पिंटूनंदन, विकास कुमार, रंजीत यादव, भानु प्रकाश,रूपेश कुमार, अजय तिवारी सहित अन्य रेलकर्मियों ने आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जनता दरबार में मंजू देवी को मिला न्याय

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का संचालन निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक - सामाजिक सुरक्षा पियुष के द्वारा किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 50 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई एवं सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। सोनाटांड़ एलएच मोड़, शिव मंदिर, पोस्ट सिवनडीह, थाना माराफारी निवासी मंजू देवी जनता दरबार अपने एकलौते पुत्र की मृत्यु 06 अगस्त 2023 को निर्धन कूलिंग पाउंड में डूबने से होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृत्यु उपरांत सभी आवश्यक दस्तावेज वर्ष 2024 में ही जमा कर दिए गए थे, परंतु मुआवजे की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है।

# टीबी से होने वाली 38 प्रतिशत मौतें तम्बाकू सेवन से सम्बन्धित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** सिविल सर्जन बोकारो के आदेशानुसार +2 हाईस्कूल बरमसिया एवं उच्च विद्यालय बरदा चन्दनकियारी में तम्बाकू के दुष्प्रभाव एवं तम्बाकू उद्योग के आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच के प्रति बच्चों को जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले रोगों से अवगत कराया गया।।साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने के परामर्शी सेवा के साथ साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला परामर्शी मो असलम द्वारा बच्चों को बताया गया कि ज्यादा तर युवाओं के द्वारा तम्बाकू की शुरूआत अपने साथी के सहयोग या कहने पर करता हैं। झारखण्ड में यह स्थिति 100 में कम से कम 5 बच्चें है जो 13 से 15 आयुवर्ग के हैं, जो कही न कही कक्षा 7 से 10 के बच्चे होते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को हमें तम्बाकू के उपयोग से बचाना है और अगर कोई बच्चा तम्बाकू का आफर करता है तो हमें न कहना सीखना होगा। ऐसी दोस्ती से क्या फायदा जो हमें मौत की तरफ ले जाए। जिला परामर्शी ने बताया कि यदि आपको तम्बाकू छोड़ना है तो सरकार की तरफ से तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र खुला हुआ है आप वहां सम्पर्क कर सकते हैं इसके अलावा टाल फ्री नं0 1800-11-2356 पर भी काल कर सकते हैं। साथ अपने से बडों को भी परामर्शी सेवा का लाभ दिला सकते है। इस नंबर पर 011-22901701 मिस कॉल कर सकते हैं।

कार्यक्रम में प्राचार्या सुभाष कुमार पाण्डेय, नूरज ठाकुर वास्थ्य विभाग से जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## पीडीएस डीलरों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के राशन डीलरों ने अपनी समस्याओं और कमीशन की राशि भुगतान से संबंधित मुद्दों को लेकर सोमवार को मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को सात सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजनाओं के अंतर्गत वितरित राशन की बकाया राशि, ई-पॉश मशीनों में टू जी नेटवर्क सेवा बाधित होने जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में दिसम्बर 2024 से अगस्त 2025 तक वितरित राशन लगभग 9 महीने का कमीशन की बकाया राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वाले में डीलर संघ अध्यक्ष टेकोचन्द महतो, सचिव शंभूनाथ पांडेय, छत्रधारी भाई पटेल शामिल थे। इस मौके पर पश्चिमी सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार बरनवाल उर्फ अली दीपू भाई समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।